आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज मानवाधिकार दिवस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी खबर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 327 | उज्जैन, बुधवार 10 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 6 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सुप्रीम कोर्ट का बीएलओ की सुरक्षा पर ईसीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर और बीएलओ के सुसाइड से जुड़े एक मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस चुनाव आयोग को नोटिस भेजा है। याचिका सनातनी संसद संगठन ने दायर की थी। जिसमें एसआईआर प्रक्रिया के बाद पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट पब्लिश होने तक बंगाल पुलिस को चुनाव आयोग के अधीन करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। कोर्ट में बताया गया कि बंगाल में बीएलओ के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसलिए वहां सेंट्रल फोर्स तैनात की जाए। कोर्ट ने ममता सरकार को भी नोटिस जारी किया, जिसमें एसआईआर के पूरा होने तक राज्य में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के लिए वैकल्पिक निर्देश देने की मांग की गई है।

### 2036 तक 7 में से 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा

**नई दिल्ली।** भारत की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। 2011 में देश में 60 साल से ऊपर की आबादी 10.16 करोड़ थी, जो 2036 तक बढ़कर 22.74 करोड़ हो जाएगी। यानी बुजुर्गों की आबादी का हिस्सा कुल जनसंख्या में 8.4% से बढ़कर 14.9% हो जाएगा यानी हर 7 में 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा। वहीं, 2036 तक अनुमानित जनसंख्या 153 करोड़ होगी। ये जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में दी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है, उसके सामने स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक निर्भरता और डिजिटल सुविधाओं का उपयोग जैसी चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं।

कुमकुम भाग्य फेम

### जीशान खान का भयंकर एक्सीडेंट



**सड़क हादसे में बाल-बाल बचे एक्टर, कार क्षतिग्रस्त; पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई**

**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी और टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य में नजर आ चुके एक्टर जीशान खान का एक्सीडेंट हो गया। गनीमत यह रही कि वह सुरक्षित हैं, लेकिन यह सड़क हादसा इतना भयंकर था कि उनकी कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बॉलीवुड बबल के मुताबिक, यह सड़क हादसा मुंबई के वसोर्वा में 8 दिसंबर को रात करीब 8.30 बजे हुआ। जीशान की काली कार कथित तौर पर एक ग्रे रंग की गाड़ी से आमने-सामने टकरा गई। टक्कर इतनी गंभीर थी कि उनकी कार के एयरबैग खुल गए। एक्टर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की या नहीं, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें, जीशान ने अपना अभिनय करियर 2015 में स्टार प्लस के शो कुछ तो है तेरे मेरे दरमियान से शुरू किया। इसके बाद उन्होंने सोनी टीवी के शो परवरिश सीजन 2 में काम किया। जी टीवी के शो कुमकुम भाग्य में जीशान ने आर्यन खन्ना का किरदार निभाया था। वह शो में 2019 से 2021 तक नजर आए, जिससे उन्हें पहचान मिली। इसके अलावा, वह नागिन में भी नजर आ चुके हैं। वहीं, उन्होंने बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में भी कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री ली थी। जीशान म्यूजिक वीडियोज में भी काम कर चुके हैं। पर्सनल लाइफ की बात करें तो उनका नाम अपने से 10 साल बड़ी ऑन-स्क्रीन मां रेहाना पंडित के साथ जुड़ा था। हालांकि, 2021 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद 2024 में खबरें आई थीं कि दोनों ने फिर से पैचअप कर लिया है।

### बंकिम बाबू को उचित सम्मान नहीं मिला : ममता

**कोलकाता।** संसद में वंदे मातरम् पर चर्चा के बीच कूचबिहार में मंगलवार को आयोजित एंटी एसआईआर रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि मोदी सरकार ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को वो इज्जत नहीं दी जो उन्हें मिलनी चाहिए थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी की मांग की और आरोप लगाया कि उन्होंने उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को बंकिम दा कहकर उनका अपमान किया है। उन्होंने कहा कि जब देश को आजादी मिली थी तब पीएम पैदा भी नहीं हुए थे और फिर भी उन्होंने बंगाल के सबसे बड़े सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक को यूं ही संबोधित करना चुना। ममता ने आरोप लगाया कि पीएम ने उन्हें वह न्यूनतम सम्मान भी नहीं दिया जिसके वे हकदार हैं।

### शेयर मार्केट : सेंसेक्स 436 अंक निफ्टी भी 121 अंक फिसला

**मुंबई।** शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखने रही। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 436 अंक की गिरावट के साथ 84,666 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 121 अंक की गिरावट रही, ये 25,840 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर में गिरावट और 8 शेयरों में तेजी रही। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे ज्यादा 4 प्रतिशत गिरा है। आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.19 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की चिंताएं: अमेरिकी सेंट्रल बैंक के ब्याज दरों पर अनिश्चितता से निवेशकों में डर है, जिससे भारतीय बाजार पर दबाव पड़ रहा है। भारत के चावल निर्यात पर यूएस-टैरिफ का खतरा- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारत के चावल पर भारी आयात शुल्क लगाने की धमकी से एक्सपोर्ट सेक्टर प्रभावित हुआ, जो बाजार की गिरावट का बड़ा कारण है।

# सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में 5% कटौती की

## स्लॉट दूसरी एयरलाइंस को मिलेंगे, 10 बड़े एयरपोर्ट पर सीनियर अफसर भेजे, मंगलवार को 180 फ्लाइट कैंसिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में लगातार 8 दिन से चल रहे संकट के बीच सरकार ने इंडिगो पर भी सख्त एक्शन लिया है। सोमवार को सिविल एविएशन मंत्रालय की हाई लेवल मीटिंग के दौरान एयरलाइन की 5% फ्लाइट्स में कटौती का निर्देश जारी किया गया।

यह कटौती हाई-डिमांड, हाई-फ्रीक्वेंसी रूट पर फ्लाइट में गई है। इसका असर इंडिगो की रोजाना ऑपरेट होने वाली 2300 फ्लाइट्स पर पड़ेगा। यानी लगभग 115 फ्लाइट्स घट जाएंगी। इसके अलावा इंडिगो को बुधवार शाम 5 बजे तक डीजीसीए को एक बदला हुआ शेड्यूल जमा करने का भी निर्देश दिया गया है। इधर केंद्र ने मौजूदा हालात की जांच के लिए 10 बडे एयरपोर्ट पर सीनियर अफसरों को तैनात किया है। ये लोग पता लगाएंगे कि यात्रियों को कौन-कौन सी परेशानी आ रही है। ये अफसर डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के हैं। 10 बड़े एयरपोर्ट में मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, गोवा और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं।

वहीं, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि इंडिगो फिर से पटरी पर आ गया है, और हमारा ऑपरेशन स्टेबल है। लाखों कस्टमर्स को उनका पूरा रिफंड मिल गया है, और हम रोजाना ऐसा कर रहे हैं। हम अपने नेटवर्क में सभी 138 जगहों पर वापस आ गए हैं और सरकार के साथ कोऑपरेट कर रहे हैं। उधर, इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। सुबह 10.30 बजे तक बेंगलुरु और हैदराबाद से 180+ फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं।

### इंडिगो संकट पर आईसीएसआई ने कंपनियों से मजबूत गवर्नेंस की अपील की

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के ऑपरेशंस में गड़बड़ी पर कंपनी सेक्रेटरी की शीर्ष संस्था आईसीएसआई ने इसे गवर्नेंस में कमी का उदाहरण बताते हुए कंपनियों से मजबूत कॉर्पोरेट गवर्नेंस अपनाने की अपील की। संस्था ने कहा कि बेहतर गवर्नेंस से जोखिम पहले पहचानकर समय पर दखल और पारदर्शी कम्युनिकेशन हो सकता है। आईसीएसआई के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला ने कहा कि इंडिगो की घटना कॉर्पोरेट्स और प्रोफेशनल्स के लिए सबक है कि वे ऐसे ढांचे बनाएं जो शेयरहोल्डर वैल्यू के साथ पब्लिक भरोसा भी बनाए रखें।

### केंद्रीय मंत्री ने जेल भेजने की दी चेतावनी

संसद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इस मामले की गूंज सुनाई दे रही है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने संसद में सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार यात्रियों की परेशानी को हल्के में नहीं ले रही है। यदि जांच में इंडिगो की लापरवाही साबित होती है, तो कंपनी के जिम्मेदार मैनेजर को तीन साल की जेल या 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे बेहद गंभीर मामला मानते हुए चिंता जताई है कि अब तक 5 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द होने से 6 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हो चुके हैं।

### सोनिया गांधी को दिल्ली कोर्ट का नोटिस

**1980-81 की वोटर लिस्ट में गलत तरीके से नाम जुड़वाने का आरोप**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को नोटिस दिया है। यह नोटिस उस याचिका पर आया है, जिसमें दावा किया गया कि सोनिया गांधी का नाम 1980-81 की वोटर लिस्ट में गलत तरीके से जोड़ा गया था।

इसके अलावा याचिका में मजिस्ट्रेट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को भी नोटिस जारी किया है और पूरे केस का रिकॉर्ड मंगाया है। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। इस दौरान सोनिया और राज्य सरकार को नोटिस का जवाब देना होगा। यह याचिका विकास त्रिपाठी ने दायर की है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने की। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि सोनिया का नाम नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की 1980 की वोटर लिस्ट में था, जबकि वे भारत की नागरिक अप्रैल 1983 में बनीं।

प्रदेश में तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

# 3 दिन शीतलहर का अलर्ट

## सोनमर्ग में सीजन की पहली बर्फबारी, हिमाचल के रोहतांग में मनाली-लेह रोड बंद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली



मध्य प्रदेश में बर्फीली हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी है। कई शहरों में सोमवार रात को तापमान 6 डिग्री से नीचे चला गया। शहडोल के कल्याणपुर में सबसे कम तापमान 4.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। भोपाल, इंदौर समेत 9 जिलों में मंगलवार को शीतलहर का अलर्ट है। कई शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे जा सकता है।

राजस्थान के 19 शहरों में सोमवार को तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। फतेहपुर में सबसे कम, 4.4 डिग्री पारा दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने राज्य में 10 दिसंबर से शीतलहर चलने की आशंका जताई है।

दूसरी तरफ, पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। उत्तराखंड के चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ समेत कई जिलों में सोमवार दोपहर को तेज बर्फबारी हुई। पहाड़ पूरी तरह से सफेद नजर आए।

कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग में सोमवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग बर्फबारी का मजा लेते हुए दिखे। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला स्थित रोहतांग दर्रे में बर्फबारी हुई। इसके कारण मनाली-लेह सड़क बंद कर दी गई।

### दमोह-टीकमगढ़, पन्ना-कटनी को मिलेंगे मेडिकल कॉलेज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खजुराहो

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड को भविष्य में चार मेडिकल कॉलेज मिलेंगे, जो दमोह, टीकमगढ़, पन्ना और कटनी में खोले जाएंगे। वहीं, दमोह की 'झापड़ नाला माध्यम सिंचाई परियोजना' को 165 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।

सागर से दमोह फोरलेन सड़क की सौगात भी मिल रही है, जो दो राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ेगी। मंगलवार को खजुराहो में कैबिनेट मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि सागर में एक बड़ा इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा, जिससे 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा और 24 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आएगा। कन्वेंशन हॉल के साथ एक फाइव स्टार होटल पीपीपी मोड पर बनाने की योजना है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पन्ना नेशनल पार्क को बड़ी बसों की सौगात दी गई है।

### एवरेस्ट विजेता भावना डेहरिया को मिलेगा विक्रम अवॉर्ड

**चयन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



माउंट एवरेस्ट फतह कर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली पर्वतारोही भावना डेहरिया को विक्रम अवॉर्ड मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार को उनके चयन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराया।

कोर्ट ने आदेश सुनाते हुए कहा कि 2023 के एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगरी के लिए राज्य सरकार द्वारा लिया गया निर्णय नियमों के अनुरूप है और इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं है। भावना के एडवोकेट अनुनय श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से इस मामले में डिप्टी एडवोकेट जनरल श्रेय राज सक्सेना ने प्रभावी तरीके से पक्ष रखा, जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया।

यह याचिका मधुसूदन पाटीदार द्वारा दायर की गई थी। इसमें उन्होंने दावा किया था कि वे भावना डेहरिया से वरिष्ठ हैं और उन्हें ही पुरस्कार मिलना चाहिए। हालांकि कोर्ट ने पाया कि पाटीदार का एवरेस्ट आरोहण वर्ष 2017 का है, जो मध्य प्रदेश पुरस्कार नियम, 2021 के अनुसार निर्धारित पांच वर्ष की पात्रता अवधि से बाहर है। नियम 5 के अनुसार एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगरी में केवल पिछले पांच वर्षों के उपलब्धियों को ही मान्य किया जा सकता है।

देश की पहली स्लीपर वंदे भारत बिहार से

### पटना से दिल्ली आठ घंटे में लग्जरी होटल जैसी फीलिंग

एजेंसी ▶▶ पटना



राजधानी सा आराम और वंदे भारत जैसी टेक्नोलॉजी, सबसे तेज रफ्तार, इसी महीने से पटना-नई दिल्ली के बीच वह ट्रेन चलने जा रही है, जिसका लोग लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। यह है वंदे भारत स्लीपर ट्रेन। ट्रेन 160किमी/प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ रही हो तब भी कप में रखी चाय नहीं गिरेगी। यात्रियों को लग्जरी होटल सा आराम मिलेगा। नहाने के लिए गर्म पानी और टच फ्री टॉयलेट जैसी कई खास सुविधाएं होंगी।

# कानून के आगे वीआईपी आजाद

### भाजयुमो नेता की शादी में हथियारों का तांडव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इन्दौर



जनसेवा और अनुशासन की बात करने वाले युवामोर्चा के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा इस कदर उत्साह में खो गए कि उनका असली चेहरा ही सामने आ गया। अपने ही विवाह समारोह में सौगात ने सैकड़ों मेहमानों के बीच पहले रायफल और फिर पिस्टल से एक के बाद एक कई राउंड फायर कर दिए।

तेजाजी नगर थाने के मोराद माचला स्थित गोल्डन ब्लॉसम रिसॉर्ट में हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है, जिसमें सौगात अपने साथियों के साथ खुलेआम हथियार लहराते और गोलियाँ चलाते दिखाई दे रहे हैं।

इस घटना ने न सिर्फ आम लोगों को चौंकाया है, बल्कि बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता भी असहज और सकते में हैं कि संगठन का एक जिम्मेदार पदाधिकारी ऐसी अपराधिक हरकत कैसे कर सकता है।

अब बड़ा सवाल यह है कि- इंदौर पुलिस, जो रोजमर्रा की छोटी वारदातों पर भी तुरंत एक्शन लेकर आरोपी पकड़ लेती है, क्या सत्ता पक्ष के इस शूटर जननेता पर भी वैसी ही कार्रवाई करेगी? या फिर वीडियो में दिखाई दे रही रायफल और पिस्टल को पुलिस लाइटर गन बताकर मामला दबा देगी?

शहर में पहले ही अवैध हथियारों और फायरिंग की घटनाएँ बढ़ रही हैं। ऐसे में एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा खुलेआम फायरिंग करना कानून-व्यवस्था प्रणाली के लिए खुला सवाल और चुनौती है।

अब इंदौर के लोग पुलिस कमिश्नर और प्रशासन की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं कि इस मामले में कानून का डंडा आम आदमी पर जैसा चलता है, क्या वैसा ही सत्ता से जुड़े चेहरों पर भी चलेगा?

राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव सुधार पर कहा चुनाव आयोग को बीजेपी डायरेक्ट कर रही, इसके जरिए लोकतंत्र खत्म कर रही

# आरएसएस और बीजेपी देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार (एसआईआर) पर कहा कि आरएसएस और बीजेपी देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं। इनमें चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं। इससे साफ है कि बीजेपी चुनाव आयोग को डायरेक्ट कर रही है। इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है।

- **राहुल ने 3 मांग की :** 1. मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले दी जानी चाहिए। 2. सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए। 3. हमें ईवीएम देखने के लिए दी जाए। वोट चोरी एंटी नेशनल काम है। हम महान लोकतंत्र हैं। सरकार चुनाव सुधार नहीं चाहती।
- **राहुल ने 3 सवाल पूछे :** 1. चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सीजेआई को क्यों हटाया गया। 2. दिसंबर 2023 में कानून बदला कि चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। ऐसा क्यों किया। 3. चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज क्यों डिलीट किए जाएं।

### एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष के अन्य सांसद क्या बोले

**सपा चीफ अखिलेश यादव:** सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआईआर के बहाने अंदर ही अंदर एनआरसी वाला काम कर रहे हैं। यूपी के सीएम कह रहे हैं कि हम डिटेंशन सेंटर बना रहे हैं। जो ये खुलकर नहीं कर सकते हैं वो एसआईआर के बहाने कर रहे हैं।
**टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी:** एसआईआर वोट डिलीट करने का टूल बनकर रह गया है। चुनाव आयोग किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने की अथॉरिटी नहीं है। चुनाव आयोग कह रहा है कि पांच लाख वोटर डिलीट, छह लाख वोटर डिलीट और बीजेपी जश्न मना रही है।
**कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी:** देश के 12 राज्यों में किया जा रहा एसआईआर गैरकानूनी है। संविधान में पूरे राज्य में एक साथ एसआईआर को लेकर कोई कानून नहीं है, इसे तत्काल रोकें। देश में चुनावों से पहले डायरेक्ट कैश ट्रांसफर करने पर रोक लगनी चाहिए, चुनाव ईवीएम की जगह बैलट पैपर से कराए जाने चाहिए।

## मंगलवार का महाकाल श्रृंगार



## वितरण प्रबंधन की कमजोरी तो नहीं...

भूमि पूत्रों के लिए इन दिनों खाद का बडा महत्व है। उपज को बेहतर बनाने एवं फसल को सही बढवार देने के लिए खाद की आवश्यकता है। एक तरफ खाद की व्यवस्था करने वाले जिम्मेदारों का कहना है कि पर्याप्त खाद भूमि पूत्रों के लिए उपलब्ध है दुसरी और वितरण केंद्रों पर आधार कार्ड से लाईन लगाने जैसी स्थिति सामने आ रही है। खाद को लेकर कुछ जगहों पर तो किसानों ने विरोध भी व्यक्त किया है।




इस सब में अब तक जो सामने आया है उसमें यही स्थिति सामने आ रही है कि वितरण केंद्रों पर प्रबंधन कमजोर होने से भूमि पूत्रों को सही समय पर और पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। सोसायटी केंद्रों के साथ अन्य फ्री केंद्र भी हैं जहां से नकदी खाद ली जा रही है। सोसायटी केंद्रों पर व्यवस्थित वितरण का अभाव होने से भूमिपूत्रों को बेवजह ही लाईन में लगने एवं समय की बबार्दी करने जैसे मामले बन रहे हैं। इससे भूमिपुत्र आक्रोशित हो रहे हैं और हों भी क्यों न उन्हें समय पर खाद मिलना ही चाहिए। उनकी पैदावार आम समाज के लिए ही काम आने वाली है। जिम्मेदार प्रति दिन खाद के स्टाक की जानकारी दे रहे हैं ,जो यह बता रहा है कि पर्याप्त खाद का भंडारण है। वितरण प्रबंधन की गडबडी और कमजोरी से कई बार गलतफहमी भी हो रही है। खुसूर-फुसूर है कि वितरण में होने वाली गडबडी को देखते हुए इसके केंद्रों में वृद्धि की जाना चाहिए। इसके साथ ही वितरण को लेकर एक योजना पर काम किया जाना चाहिए जिससे की भूमि पूत्रों को होने वाली परेशानी से दो चार न होना पडे और उन्हें समय पर ही खाद की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

आवश्यक कार्य होने पर भी नियमों के तहत मिली राशि का उपयोग करना मुश्किल, पंचायतों को किसी भी तरह की मिट्टी, मुरम या रेत उठाने की अनुमति तक नहीं

# नियमों की उलझन में पंचायतों के विकास कार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नियम एवं शर्तों के तहत पंचायतों को राशि मिलने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य करना मुश्किल हो गया है। हालत ऐसी है कि पंचायतों को किसी भी तरह की मिट्टी, मुरम या रेत उठाने की अनुमति तक नहीं है। यही नहीं 5वें और 15वें वित्त आयोग के तहत जो राशि दी जाती है, उसे कहां खर्च करना है, यह फिक्स करके रखा है। ऐसे में जो काम पहले जरूरी हैं, उन्हें करना मुश्किल हो गया है। ऐसे में आवश्यकता होने पर नल-जल योजना में जबरिया खर्च बताने जैसे मामले भी अंजाम दिए जा रहे हैं।

यह हालत उज्जैन ही नहीं प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सामने आ रही है। सरपंचों का कहना है कि सरकार की तरफ से 5वें और 15वें वित्त आयोग के तहत जो राशि दी जाती है, उसे कहां खर्च करना है, यह फिक्स करके रखा है। ऐसे में जो काम पहले जरूरी हैं, उन्हें करना मुश्किल हो गया है। पंचायत स्तर पर अगर कोई विकास कार्य करना हों तो पंचायत में प्रस्ताव पास करने के बाद भी उस पर काम करना मुश्किल होता है।

### प्रदेश भर में 70 हजार काम उलझे

उज्जैन सहित प्रदेश की 23 हजार से अधिक पंचायतों में करीब 70 हजार विकास कार्य नियमों में उलझकर रह गए हैं। करीब दस दिन पहले भोपाल में आयोजित एक विभागीय कार्यक्रम के बाद यह जानकारी सामने आई। इसमें ऐसे पूरे प्रदेश में करीब 70 हजार विकास कार्य शामिल हैं। इनमें छोटी पुलिया, गांव में सीसी रोड, तालाब और स्टॉप डेम शामिल हैं।

### तीन तरह की रोक

पंचायतों में अभी तीन तरह की रोक लगी है। पहली यह कि निर्माण के दौरान पंचायत में किसी भी तरह की मिट्टी, मुरम या रेत उठाने की अनुमति नहीं है। सरपंचों ने इसकी अनुमति मांगी है। वहीं 15वें वित्त आयोग में प्राप्त राशि में जो टायट यानी किसी काम विशेष के लिए राशि फिक्स कर दी है, उससे दूसरे काम कराने की अनुमति भी मांगी है। इसका मुख्य कारण है ज्यादातर पंचायतों में जल जीवन मिशन का काम चल रहा है और आयोग से मिली राशि भी नल-जल के लिए दी जा रही है। इसकी वजह से यह या तो लैप्स होती है या फिर इसे नल-जल में जबरिया में काम करना दिखाकर खर्च कर दिया जाता है। इसके साथ ही सरपंचों ने विभाग से मांग की है कि पंचायतों में बाहरी लोगों द्वारा सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से की जाने वाली शिकायतों पर रोक लगाई जाए। उन्होंने लिखा है कि ग्राम पंचायत का कोई व्यक्ति यदि शिकायत करता है तो कोई परेशानी नहीं, लेकिन बाहरी व्यक्ति की शिकायत बंद होनी चाहिए। विभाग के पास ऐसी करीब 50 हजार से अधिक शिकायत हैं, जो पंचायत से बाहर के व्यक्ति ने की है।

### नियमों के बदलाव से सभी नाखुश

मप्र के सभी 55 जिला पंचायत और 313 जनपद पंचायत अध्यक्ष भी बदलावों से खफा है। यह बात हाल ही में तब सामने आई, जब पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने तीन दिवसीय आत्मनिर्भर पंचायत समृद्ध मध्य प्रदेश' कार्यक्रम आयोजित किया। जिला पंचायतों एवं जनपद पंचायत के अध्यक्षों का कहना है कि बेहतर होगा कि मप्र में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था खत्म करके सिर्फ सरपंच के चुनाव कराएं जाएं। इस कार्यक्रम के बाद सभी जिला पंचायत अध्यक्षों और जनपद पंचायत अध्यक्षों की ऑनलाइन मीटिंग हुई थी,जिसमें विरोध उभरकर सामने आया और इसे लेकर अभियान चलाने की बात भी उभरी है। जिला एवं जनपद अध्यक्षों का एक विरोध यह भी सामने आया कि पहले हमसे जिला पंचायत सीईओ, जनपद में जनपद पंचायत सीईओ की सीआर लिखने का अधिकार छीना। अब बजट भी सीधे पंचायत में देना शुरू कर दिया। हमारे पास तो अपने क्षेत्र में काम कराने के लिए नाम मात्र का भी फंड नहीं है।

न फूड लायसेंस की जरूरत न ही स्वच्छता के पालन का ध्यान, शहर भर में दर्जनों दुकानें निर्माण का स्थल भी गजब का

# धूल-धुएं के दरमियान गजक का निर्माण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/ भोपाल

उज्जैन। न फूड लायसेंस लेना जरूरी समझा जा रहा है और न ही स्वच्छता के पालन का ध्यान रखा जा रहा है। धूल धक्कड के दरमियान ही गजक का निर्माण धडल्ले से हो रहा है और शौक से लोग इसे खरीदकर गुड और शक्कर का पूछ कर खा रहे हैं। शहर भर में दर्जनों दुकानें गजक की लगी है। इनमें खाद्य प्रशासन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर ही काम हो रहा है।



शहर में पिछले दिनों से गजक का व्यवसाय ठंड बढने के साथ ही चमक गया है। इस चमके हुए व्यवसाय में आम आदमी के लिए गजक का निर्माण कर बेचा जा रहा है। इस व्यवसाय में गजक निर्माण करने वाले अधिकांश कर्मचारी ग्वालियर संभाग के जिलों से आए हुए हैं। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमों को दरकिनार करते हुए गजक का निर्माण किया जा रहा है। खास तो यह है कि इस मामले में अब तक न तो शहर में और न ही जिला स्तर पर कार्रवाई ही खाद्य प्रशासन विभाग ने अंजाम दी है और न ही गजक निर्माण में बरती जा रही लापरवाही पर ही लगाम लगाने के लिए ही कोई प्रयास ही किए गए हैं।

### धूल-धक्कड में ही निर्माण

शहर भर में लगी दुकानों में से अधिकांश सडकों के पास ही लगी है। खुली दुकानों में गजक का निर्माण किया जा रहा है। जहां गुड एवं शक्कर की चासनी के साथ दुकानों के बाहर एवं अंदर ही गजक में उपयोग होने वाले तिल्ली की सिकाई एवं कुटाई की जा रही है। सडकों पर चलते वाहन एवं उनसे उडता धूल एवं धुंआ सब कुछ निर्माण स्थल तक आसानी से पहुंच रहा है। अत्यधिक व्यस्त मार्गों पर ही यह स्थिति देखी जा सकती है। बनी हुई गजक को भी हल्के तौर पर ही पन्नी से ढका जा रहा है उसे बंद बाक्स में भी नहीं रखा जा रहा है। निर्माण स्थल भी पुरी तरह से खुले हुए ही हैं। निर्माण स्थल पर धूल झधुंआ न पहुंचे इसके इंतजाम भी नहीं किए गए हैं।


### लायसेंस का भी अभाव

इधर सामने आ रहा है कि अधिकांश गजक बेचने वालों के पास खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत लायसेंस भी नहीं हैं। इसके बावजूद गजक निर्माण का काम जमकर किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार खाद्य सामग्री के निर्माणकर्ता को लायसेंस लेना अनिवार्य है। इसके साथ ही नियमों के तहत निर्माण स्थल को धूल से मुक्त रखा जाना है।

> -लायसेंस लेना सभी के लिए अनिवार्य है। गजक निर्माण करने वाले अधिकांश दुकानें सडकों के पास ही लगी है। इस मामले में जल्द ही दुकानदारों को बुलाकर समझाईश देते हुए धूल-धुंआ से मुक्त क्षेत्र में निर्माण के लिए समझाईश दी जाएगी। लायसेंस की जांच की जाएगी।
>
> -बसंत दत्त शर्मा, वरिष्ठ निरीक्षक, खाद्य प्रशासन, उज्जैन

# अब पुजारी-पुरोहित भी एक ड्रेस में नजर आएंगे, आईडी कार्ड पहनना होगा अनिवार्य

## महाकाल मंदिर में लागू होगा ड्रेस कोड



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में अब कर्मचारियों के साथ-साथ पुजारी, पुरोहित और उनके प्रतिनिधि भी एक जैसी ड्रेस में नजर आएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा, अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने यह अहम फैसला लिया है।

मंदिर समिति के अनुसार, अब मंदिर परिसर में सेवा देने वाले सभी अधिकृत लोगों चाहे वे कर्मचारी हों, पुजारी, पुरोहित या उनके सहायक हो सभी के लिए ड्रेस कोड और आईडी कार्ड अनिवार्य किया जाएगा। ड्यूटी के दौरान सभी को अपना आईडी कार्ड पहनना जरूरी होगा।

### पहले नहीं था कोई ड्रेस कोड

वर्तमान में महाकाल मंदिर समिति में 16 रजिस्टर्ड पुजारी, 22 पुरोहित और 45 प्रतिनिधि हैं। अब तक इनके लिए कोई तय ड्रेस कोड नहीं था, लेकिन नई व्यवस्था के तहत सभी एक निर्धारित पोशाक में नजर आएंगे। इससे यह साफ रहेगा कि मंदिर में कौन अधिकृत है और कौन नहीं।

### अनधिकृत प्रवेश पर लगेगी रोक

मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि जिस तरह सुरक्षा कर्मी और कर्मचारी ड्रेस कोड में रहते हैं, उसी तरह अब पुजारी-पुरोहित भी ड्रेस कोड में होंगे। उन्होंने कहा कि कई बार अनधिकृत लोग पुजारी बनकर मंदिर परिसर में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे व्यवस्था और सुरक्षा प्रभावित होती है। इस नई व्यवस्था से ऐसी स्थिति पर रोक लगेगी और मंदिर की गरिमा बनी रहेगी। मंदिर समिति का मानना है कि ड्रेस कोड और आईडी सिस्टम से व्यवस्था में सुधार होगा और श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

# तिरुपति बालाजी प्राण प्रतिष्ठा के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे 15 जोड़े

## रणजीत हनुमान मंदिर के सामने शिप्रा तट पर 12 दिसंबर को आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में आगामी 12 दिसंबर 2025 को रणजीत हनुमान मंदिर के सामने शिप्रा तट बड़े पुल पर एक भव्य आयोजन होने वाला है, जिसमें श्री तिरुपति बालाजी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, 15 जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं वृद्ध आश्रम का शुभारंभ होगा। इस बात की जानकारी ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ महाराज ने एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया को दी।

ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीरनाथ ने बताया कि 12 दिसंबर को होने वाले आयोजन में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे। उनके विशेष आतिथ्य में 15 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह संपन्न होगा। वहीं अनाथालय, वृद्ध आश्रम और नशा मुक्ति केंद्र के साथ तिरुपति भगवान की प्राण प्रतिष्ठा भी की जाएगी।

### भव्य होगा यह आयोजन

आचार्य श्री ने बताया कि यह कार्यक्रम अत्यंत दिव्य और भव्य हो रहा है जिसमें 15 जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करवाने के साथ ही वृद्ध आश्रम, अनाथालय और नशा मुक्ति केंद्र की शुरूआत भी हो रही है। आपने बताया कि आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, राजस्थान के विधायक बालकनाथ योगी के साथ ही हो भृतहरि गुफा के महंत रामनाथ महाराज, सुंदर दास महाराज, स्वामीनारायण आश्रम के महंत आनंद जीवन दास के साथ ही बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहेंगे।

### सभी का कर्ज उतारते हैं बालाजी महाराज

इस आयोजन का आचार्यत्व कर रहे आचार्य श्री राम शर्मा ने बताया कि तिरुपति बालाजी महाराज सभी का कर्ज उतारने हैं। इस मंदिर के माध्यम से भी सभी के कष्ट दूर हो ऐसी हमारी कामना है। वर्तमान में जिन यजमाओं द्वारा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन दर्शन किया जा रहा है। उन्होंने भी मुंडन करवाया है मंदिर में 21 बटुकों और ब्राह्मणों द्वारा पूजन अर्चन किया जा रहा है।

# वायु प्रदूषण के कारण फेफड़ों में संक्रमण.. बढ़ रहे सांस की परेशानी मे मामले

**उज्जैन।** उज्जैन सहित मध्यप्रदेश में लोगों के फेफड़ों में संक्रमण और सांस की परेशानी के मामले बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञ इसे हवा में धूल के कणों की मात्रा बढ़ने और पिछले कुछ महीनों से मौसम परिवर्तन से वायु प्रदूषण बढ़ने का नतीजा बता रहे हैं।

वायु प्रदूषण बढ़ने से फेफड़े और सांस संबंधी रोग के नए मरीज सामने आ रहे हैं तो दमा, ब्रोंकाइटिस और हार्ट सहित सास संबंधी मरीजों को दौरे पड़ रहे हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है। लोगों को दमा, फेफड़ों में संक्रमण और सांस की अन्य गंभीर परेशानी के कारण अस्पतालों में भर्ती किया गया।

**सर्दी में समस्याएं:** सर्दी में धुंध, जरूरत से ज्यादा वाहनों का धुआं, पराली जलाने, निर्माण कार्य और मौसम के कारण पीएम 2.5, पीएम 10 कण हवा में बढ़ जा रहे हैं। इनके फेफड़ों में जमा की वजह से सांसों की तकलीफ, खांसी, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस (श्वास नलियों में सूजन) और हृदय में संक्रमण सहित अन्य परेशानी बढ़ जाती है।

108 एम्बुलेंस सेवा की और से जारी सांस रोग के मरीजों की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से नवंबर तक उज्जैन सहित प्रदेश में 36,671 लोग अस्पताल में भर्ती हुए। इनमें से 16 हजार लोगों को बीते तीन माह में भर्ती करना पड़ा।

# महिदपुर में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की बैठक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) पदाधिकारी द्वारा स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा दिनांक 16 दिसंबर 2025 को पहुंचेगी उसी संदर्भ में महिदपुर इकाई एवं व्यापारियों के साथ बैठक कर रथ यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई साथ ही, प्रदेश से जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं वह उन्हें बताए गए।

बैठक में उज्जैन संभागीय प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष मोदी अवतन्स जैन, महिला संभागीय अध्यक्ष प्रगति मंगल, संभागीय महामंत्री सुनील गुप्ता, मीडिया प्रभारी संजय सुगंधी, पारस लूणावत, अंकित राठी, प्रताप सिंह आर्य, श्याम सिंह चौहान, विजय सारडा, सुरेश कोचर, दिलीप ईनानी, हेमंत जैन, डॉ विपुल धारीवाल आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर सिंह बने राहवीर,सड़क दुर्घटना में पीड़ित की मदद की





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रशासन संवेदनशीलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार दोपहर निरीक्षण के दौरान गाड़ी रोककर मुरलीपुरा रोड पर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद की और गंभीर घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में शासन द्वारा पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से राहवीर योजना लागू की गई है ताकि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सके। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर को 25,000/- रुपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने के लिए यह योजना लागू की गई है।

कलेक्टर श्री सिंह निरीक्षण के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर राहवीर बने। यह कार्य कर उन्होंने नागरिकों को भी राहवीर बनने के लिए प्रेरित किया जिससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली नागरिकों की मृत्यु में कमी लाई जा सके।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

उज्जैन | बुधवार 10 दिसम्बर, 2025 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### परिवाद समिति के गठन के लिए आवेदन 15 दिसंबर तक आमंत्रित

**उज्जैन।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बृजेश त्रिपाठी ने जानकारी दी कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013 पूर्व नियम 2013 के क्रियान्वयन के तहत जिला स्तर पर स्थानीय परिवाद समिति का गठन किया जाना हैं। समिति में अध्यक्ष एवं तीन सदस्यों का मनोनयन किया जाना हैं। अतः उज्जैन जिले के स्थानीय निवासी महिला पुरूष सादे कागज पर कम्प्यूटर टाइप आवेदन जिसमें अपना नाम, आयु, पूर्ण पता, शैक्षणिक योग्यता एवं संबंधित क्षेत्रों में अनुभव संबंधी जानकारी के साथ आवेदन आगामी 15 दिसंबर तक कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास 38, प्रशासनिक क्षेत्र सेक्टर विंग डी, महेन्द्र भटनागन मार्ग, भरतपुरी, उज्जैन जिला उज्जैन में कार्यालयीन दिवस के समय जमा करा सकते हैं।

### छात्राओं के स्वास्थ्य पर सतत निगरानी रखी जा रही



**उज्जैन।** गत दिवस महिदपुर बालिका छात्रवास में 15 बालिकाएं घबराहट के चलते स्थानीय अस्पताल में भर्ती हुई थी। छात्रावास की बालिकाओं द्वारा जानकारी दी कि बाहर से धुआं आने के बाद स्वास्थ्य परेशानी महसूस की गई थीं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में जिला अधिकारी छात्राओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी कर रहे हैं। सोमवार सुबह जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट ने महिदपुर बालिका छात्रावास का दौरा कर जानकारी ली और चिकित्सालय पहुंचकर छात्राओं से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। छात्राओं के अचानक स्वास्थ्य खराब होने की घटना पर जांच भी जिला प्रशासन द्वारा कराई जा रही है। एडीपीसीसी गिरीश तिवारी ने जानकारी दी कि सभी छात्राओं के वाइटल पैरामीटर्स, ऑक्सीजन लेवल,बीपी और अन्य आवश्यक जांच सामान्य पाई गई है।

### एमआर 5 के ट्रांसफर स्टेशन से कचरा हटना शुरू

**उज्जैन।** नगर निगम ने एमआर 5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर 10 वर्ष से अधिक पुराने कचरे (लिगेसी वेस्ट) के निष्पादन के लिए बायो माइनिंग प्रक्रिया शुरू की है। इस मुहिम का उद्देश्य कचरे के विशाल ढेर को हटाकर वहां एक उद्यान और सेल्फी पॉइंट विकसित करना है। मंगलवार को निगम आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर कार्य की निगरानी की। एमआर 5 ट्रांसफर स्टेशन पर यह कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। पिछले एक माह में लगभग 50 हजार टन कचरे का निष्पादन किया जा चुका है। अगले डेढ़ माह में शेष कचरे को भी हटाकर इस स्थान को मैदान का स्वरूप दिया जाएगा, जिससे उद्यान निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। वर्तमान में तीन अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है और आयुक्त के निर्देश पर मशीनों, संसाधनों तथा मानव शक्ति में वृद्धि की गई है ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान बताया कि कचरे का निष्पादन शुरू होने से 25 से अधिक कॉलोनियों के निवासी संतुष्ट हैं। उन्हें जल्द ही यहां कचरे, बदबू और गंदगी की समस्या से निजात मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार और वर्कशॉप वाहन प्रभारी उमेश बेस भी मौजूद थे। पुराने कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में मिट्टी को अलग किया जा रहा है, जिसका उपयोग उद्यान के विकास में होगा।

# सिंहस्थ 2028 में भीड़ को संभालना होगा आसान...

**100** करोड़ रुपये से बनेगी मेगा पार्किंग



- सिंहस्थ-2028 हेतु 100 करोड़ की पार्किंग परियोजना शुरू
- 6012 हेक्टेयर में विशाल पार्किंग नेटवर्क विकसित होगा
- पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी सहित आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक अनुभव दिलाने के लिए राज्य सरकार ने भीड़ और यातायात प्रबंधन के सबसे अहम मोर्चे पर निर्णायक कदम उठा लिया है। उज्जैन में 100 करोड़ रुपये की मेगा पार्किंग परियोजना को जमीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी गई है। इस परियोजना के तहत



6012 हेक्टेयर क्षेत्र में विशाल पार्किंग नेटवर्क बनाया जाएगा, जिसके साथ ही अत्याधुनिक जनसुविधाएं भी विकसित होंगी। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को शहर की सीमा में प्रवेश करने से पहले ही व्यवस्थित पार्किंग और सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था उपलब्ध कराना है। यह साफ संकेत है कि इस बार सिंहस्थ भीड़ के दबाव से नहीं, बल्कि डिजिटल और संरचनात्मक प्लानिंग की बदौलत संचालित होगा।

### पार्किंग के साथ आधुनिक सुविधाओं का विकास

सरकार की इस विशेष योजना में केवल पार्किंग स्थल का निर्माण नहीं हो रहा है। यहां पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र, यातायात संकेत और सीसीटीवी जैसी सुविधाएं भी स्थापित की जाएंगी। इस परियोजना को सिंहस्थ-2028 की सुरक्षा और सुगमता के लिए सबसे बड़ा आधार माना जा रहा है। इसका उद्देश्य उज्जैन शहर के भीतर वाहनों के दबाव को कम करना और प्रमुख मंदिरों तथा घाटों तक पहुंच को पहले की तुलना में अधिक सहज बनाना है।

### दो चरणों में होगा काम


पहला चरण डिजाइन और रूपरेखा तैयार करने से संबंधि?त होगा। इसमें विस्तृत इंजीनियरिंग सर्वेक्षण, भू-तकनीकी अध्ययन, संरचनात्मक नक्शे, लागत अनुमान और आवश्यक स्वीकृतियां शामिल रहेंगी। दूसरे चरण में निर्माण प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण, साइट सुपरविजन, ठेका प्रबंधन और समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, समय सीमा में केंद्रित इस परियोजना से सिंहस्थ-2028 के दौरान ट्रैफिक प्रबंधन अत्यधिक सुदृढ़ हो जाएगा।

### भीड़ प्रबंधन होगा आसान

परियोजना लागू होने से उज्जैन शहर के भीतर जाम की समस्याएं कम होंगी और श्रद्धालुओं को प्रमुख मंदिरों, घाटों और आयोजनों तक पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी। सिंहस्थ-2028 को दुनिया के सबसे विशाल धार्मिक समागम को आधुनिक स्वरूप में आयोजित करने की दिशा में यह कदम भीड़ प्रबंधन की चुनौती को अवसर में बदलने वाला साबित होगा।

### हरिफाटक और घासमण्डी ब्रिज पर हो चुकी है घटना

# चाइना से ना कटे गला, ब्रिज पर बांधे गये तार



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चंद रूपयो के मुनाफे और पतंगबाजी करने वाला अपने लालच के लिए लोगों की जान के दुश्मन बने हुए हैं। ऐसे दुश्मनों से निपटने के लिए पुलिस मैदान में उतर चुकी है। बेचने वालों की तलाश में सर्चिंग जारी है, वहीं अब चाइना डोर से होने वाले हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने ब्रिज पर तार बांधना शुरू कर दिया है।

मकर संक्रांति का पर्व धार्मिक नगरी में दान पुण्य और आस्था स्नान के साथ पतंग उत्सव के रूप में मनाया जाता है। पतंग को आसमान की ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए डोर (मांझे) की आवश्यकता होती है। कुछ साल पहले तक सूत के मांझे का उपयोग किया जाता था, लेकिन पिछले 8-10 सालों से पतंगबाजी के लिए नायलॉन से बनी चाइना डोर का उपयोग होने लगा है जो काफी घातक साबित होना सामने आ रहा है। 3 साल पहले छात्रा नेहा आंजना की चाइना डोर से गला काटने पर मौत हो गई थी। दर्जनों लोग मौत के मुंह से लौट कर वापस आए थे। सैकड़ो घायल हो चुके थे। मानव प्रजाति के साथ ही पशु पक्षी भी चाइना डोर की वजह से मौत की आगोश में समा चुके हैं।

घातक परिणाम को देख प्रशासन प्रतिवर्ष दिसंबर और जनवरी माह में चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा रहा है। इस बार भी मकर संक्रांति का पर्व करीब आते ही कलेक्टर ने प्रतिबंध आदेश जारी कर दिया है। बावजूद कुछ लोगों द्वारा चाइना डोर से पतंग बाजी की जा रही है। पिछले कुछ दिनों में तीन घटना होना सामने आ चुकी है। खूनी घातक रूप ले चुकी नायलॉन की डोर से होने सबसे अधिक घटनाएं हरि फाटक ब्रिज और घासमंडी जीरो ब्रिज पर अब तक सामने आई है। पुलिस जहां बेचने वालों की तलाश में दुकानों पर सर्चिंग अभियान चला रही है। नहीं अब पतंगबाजो की वजह से होने वाले हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने ब्रिज के दोनों छोर पर लोहे के तार बांधना शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को हरिफाटक ब्रिज पर वाली पुलिस ने हाइड्रोलिक क्रेन मशीन के माध्यम से तार बांधने का काम पूरा किया। इस दौरान ब्रिज पर वाहनों के आवागमन में कुछ दिक्कतें आई लेकिन पुलिस ने यातायात व्यवस्था को बनाने का काम भी संभाले रखा।

### घासमंडी ब्रिज पर काटा था गला



2 दिन पहले घासमंडी ब्रिज पर बाइक पर सवार विपुल महिवाल का चाइना डोर गले में उलझना से कट लग गया था। इस घटना से पहले हरिफाटक ब्रिज पर स्कूटी सवाल महिला भी घायल हो गई थी। मकर संक्रांति से एक माह पहले हुई 2 घटनाओ के बाद घायल हुए विपुल महिवाल ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर आवेदन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया था। पुलिस ने चाइना डोर से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया है।

## सिंहस्थ के पहले नहीं चल सकेगी उज्जैन तक मेट्रो



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ में भाग लेने के लिए आने वाले श्रद्धालु इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो ट्रेन से नहीं जा सकेंगे। उज्जैन तक मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो गई है। इस रिपोर्ट पर इसी माह भोपाल में प्रजेंटेशन रखा जा रहा है। अब यह योजना बनाई गई है कि सिंहस्थ समाप्त होते ही इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो चलाने के लिए काम शुरू किया जाए। कुंभ के रूप में पहचाने जाने वाले उज्जैन के सिंहस्थ के आयोजन में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में देश और दुनिया के श्रद्धालु पहुंचते हैं। बाबा महाकाल की नगरी में आयोजित होने वाले सिंहस्थ का अपना एक अलग महत्व है। उज्जैन के महाकाल मंदिर को महाकाल लोक के रूप में परिवर्तित किए जाने के बाद से इस स्थान की तरफ श्रद्धालुओं का रुझान ज्यादा बढ़ गया है। इस रुझान को देखते हुए ही सरकार द्वारा यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार के सिंहस्थ में श्रद्धालुओं का जो सैलाब आएगा।

## डायल 112 की नई गाड़ियां उस लोकेशन पर नहीं पहुँच पाती जहाँ मदद की जरूरत होती है

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

डायल 112 की स्क्रीन पर कंट्रोल रूम से पॉइंट तय किया जाता है कि उसे किस स्थान पर खड़ा होना है। गाड़ी जब मैसेज के आधार पर मैप को फॉलो करती है तो वह अन्य स्थान के पास पहुंच जाती है और वहां खड़ी हो जाती है। यह स्थिति अकेले उज्जैन की नहीं, मप्र की करीब 15 हजार संवेदनशील लोकेशन्स की है। आपात स्थिति में मदद पहुंचाने वाली इमरजेंसी सेवा डायल 112 इन लोकेशंस के जियोग्राफिकल कॉर्डिनेट्स (अक्षांश व देशांतर की स्थिति) की सिस्टम में गलत फीडिंग से यह हालात बने हैं। लगातार शिकायतों के बाद पुलिस की रेडियो शाखा ने सभी 15 हजार लोकेशन के अक्षांश-देशांतर की फीडिंग में आई गड़बड़ी को सुधरवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पहले इमरजेंसी सेवा का ज्यादातर काम मैनुअल तरीके से होता था। नई डायल-112 सेवा को कंप्यूटर एडेड डिस्पैच (सीओडी) सिस्टम से संचालित किया जा रहा है। यदि कोई कॉलर मदद के लिए डायल-112 पर कॉल करता है तो उसकी लोकेशन के इर्द-गिर्द की एफआरवी को सीओडी ही सर्च करेगा, उसकी शिकायत का फॉर्म इसी सीओडी से खुलेगा और एफआरवी में बैठे पुलिसकर्मियों को स्क्रीन पर कॉलर की लोकेशन भी सीओडी से ही नजर आएगी।

### शख्स पर पूजा रोकने का आरोप, अब एसपी दफ्तर पहुंचा विवाद

# भेरू महाराज की प्रतिमा उठाकर फेंकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

एसपी प्रदीप शर्मा के कार्यालय पर सोमवार को बड़ी संख्या में मालवीय समाज के लोग पहुंचे, जिन्होंने गांव में मंदिर निर्माण का विरोध कर रहे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। समाज के लोगों ने बताया कि उक्त शख्स भगवान की पूजा अर्चना करने से रोकता है और उसके द्वारा मंदिर में रखी भैरू महाराज की प्रतिमा को भी फेंक दिया गया।

गांव के लोगों ने यहां आने के पहले माकड़ौन थाने में भी प्रकरण दर्ज करवाने का प्रयास किया था लेकिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की बजाय थाने पहुंचे दो लोगों के खिलाफ ही कार्रवाई कर दी। प्रभुलाल और जगदीश मालवीय ने बताया कि गांव में वर्षों पुराना भैरू महाराज का मंदिर है जो की सिंदल परिवार की जमीन पर है। इस मंदिर पर वर्षों से समाजजन भगवान का पूजन अर्चन करने आते रहे हैं। कुछ दिनों पहले मंदिर की जर्जर हालत को देखते हुए समाजजनों ने कुछ रुपया एकत्रित किया। इस मंदिर को ठीक से बनाना शुरू किया था। मंदिर का निर्माण होते समय तो सुरेश पिता रामचंद्र सिंदल और उनके परिवार में कोई आपत्ति नहीं ली लेकिन बाद में यह लोग न सिर्फ मंदिर निर्माण का विरोध करने लगे बल्कि इन्होंने मंदिर में स्थापित भैरव महाराज की प्रतिमा को भी उठाकर फेंक दिया और पूजा पाठ करने वाले पुजारी शंकर पिता सिद्धा को भी पूजा करने से मना कर दिया।



### पहले भी की थी शिकायत

आरोप है कि सुरेश के द्वारा मंदिर की सीढ़ियां भी तोड़ दी गई। इस मामले में सुरेश के द्वारा मंदिर निर्माण के लिये आपत्ति लेने व मंदिर को तोड़ने का प्रयास करने की शिकायत ग्रामीण लोगों द्वारा थाना माकड़ोन में पूर्व में की जा चुकी थी।

# प्रदेश के पहले 132 केवी विद्युत सबस्टेशन ज्योति नगर ने पूरे किए 65 वर्ष

## पांच सिंहस्थों में निर्बाध बिजली आपूर्ति, छठवें के लिये भी तैयार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्यप्रदेश में सबसे पहले स्थापित 132 केवी सबस्टेशन ज्योति नगर उज्जैन की यात्रा के 65 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। पांच सिंहस्थ में निर्बाध बिजली आपूर्ति कर चुके इस सब स्टेशन को सिंहस्थ 28 के लिए विशेष तौर पर तैयार किया जा रहा है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता को देखते हुए सिंहस्थ 28 के लिए शहर की विद्युत पारेषण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक और विश्वसनीय बनाने के लिए विशेष पहल की जा रही है। उज्जैन के ज्योति नगर में वर्ष 1960 में प्रारंभ हुआ यह सबस्टेशन राज्य के ट्रांसमिशन नेटवर्क के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध हुआ है।



यह न केवल उज्जैन की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं का सशक्त आधार रहा है, बल्कि प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क की नींव रखने वाले प्रमुख केंद्रों में से एक है। इस सबस्टेशन ने विगत पांच सिंहस्थों में उज्जैन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान कर अपनी तकनीकी दक्षता और विश्वसनीयता सिद्ध की है तथा अब आगामी छठे सिंहस्थ 2028 के लिए भी पूरी तरह तैयार है।

इसके माध्यम से उस समय की प्रमुख औद्योगिक इकाइयां विनोद मिल, इसको स्टेंट इंडस्ट्रीज इंदौर, टेक्सटाइल यूनिट्स, पाइप फैक्टरी उज्जैन तथा नगर क्षेत्र को विद्युत प्रदाय किया जाता था। इस सबस्टेशन से 66 केवी फीडर के माध्यम से नागदा ग्रेसीम सहित नागदा क्षेत्र को तथा 33 केवी फीडर द्वारा राजगढ़, सरदारपुर, बडगर एवं बदनावर क्षेत्रों को भी विद्युत आपूर्ति की जाती रही है।

### एक अभिन्न एवं ऐतिहासिक केंद्र

विशेष रूप से 33 केवी खेड़ापति फीडर के माध्यम से सिंहस्थ क्षेत्र एवं उज्जैन कमिश्नरी सहित नगर जलापूर्ति हेतु विद्युत प्रदाय होता रहा है। वर्तमान में इस सबस्टेशन की कुल स्थापित क्षमता 103 एमवीए (63 एमवीए + 40 एमवीए) है। 132 केवी सबस्टेशन ज्योति नगर आज भी उज्जैन शहर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का एक अभिन्न एवं ऐतिहासिक केंद्र है, जिसने दशकों से विश्वसनीयता, सेवा और निरंतरता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### गांधीसागर जल विद्युत संयंत्र से सीधे विद्युत आपूर्ति प्राप्त होती थी

एमपी ट्रांसको सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। उज्जैन के इस 132 केवी सबस्टेशन का तकनीकी उन्नयन, आधुनिकीकरण और रखरखाव निरंतर किया जा रहा है ताकि सिंहस्थ के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रहें। 17 नवंबर 1960 में स्थापना के समय ज्योति नगर सबस्टेशन पर 132/66/11 केवी, 30 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफॉर्मर एवं 132/33 केवी, 20 एमवीए क्षमता का एक ट्रांसफॉर्मर स्थापित था। क्षेत्र में वोल्टेज स्थिरीकरण के उद्देश्य से वर्ष 1967 में 30 एमवीएआर क्षमता का मित्सुबिशी (जापान) निर्मित कंडेंसर लगाया गया, जो वर्ष 2004 तक कार्यरत रहा। आरंभिक वर्षों में इस सबस्टेशन को गांधीसागर जल विद्युत संयंत्र से सीधे 132 केवी फीडर द्वारा विद्युत आपूर्ति प्राप्त होती थी।

## उज्जैन में 5 दिनों का होगा महाकाल महोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के महाकाल मंदिर के शक्ति पथ पर 14 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जनवरी तक होने वाले महाकाल महोत्सव में 5 दिनों भगवान महाकाल को समर्पित कार्यक्रम होंगे। जिसमें देश भर के बड़े कलाकार शैव परंपरा से संबंधित संस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम के लिए मंगलवार बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महाकाल महोत्सव 2026 समिति के सदस्य पद्मश्री भगवतीलाल राजपुरोहित, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति प्रशासक प्रथम कौशिक उपस्थित रहे। यह महोत्सव पूरी तरह से शैव परंपरा पर केंद्रित होगा। इसमें नृत्य, संगीत, नाट्य और अन्य कला विधाएं शामिल होंगी, जो भगवान शिव और शैव दर्शन पर आधारित होंगी।

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN

उज्जैन, बुधवार 10, दिसम्बर 2025



# कोठी पर स्मार्ट सिटी ऑफिस के सामने बने स्मार्ट टॉयलेट में लटक रहा ताला

## रखरखाव के अभाव में लाखों रुपए की लागत से बनाए गए स्मार्ट टॉयलेट बदहाल स्थिति में

### पिछले कई वर्षो से बंद पड़ा टॉयलेट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर को साफ और सुंदर रखने के लिए स्मार्ट सिटी योजना के तहत कई जगह पर स्मार्ट टॉयलेट बनाए गए हैं। जिससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) सफल हो सके। यही नहीं ये अत्याधुनिक शौचालय केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना के निर्धारित मापदंड को पूरा कर सके। लेकिन उज्जैन में बनाए गए इन स्मार्ट टॉयलेटों की हालत दयनीय है। विभागीय लापरवाही और उचित रखरखाव के अभाव में लाखों रुपए की लागत से बनाए गए स्मार्ट टॉयलेट बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। आम लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए इन स्मार्ट टॉयलेटों के हाल खस्ता है। ऐसे ही कोठी पर स्मार्ट सिटी ऑफिस के सामने बने टॉयलेट पर कई वर्षों से ताला लटका हुआ है। इस वजह से इस टॉयलेट का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस टॉयलेट को स्मार्ट सिटी के तहत बनाया गया था।




### टॉयलेट को वापस शुरू करवाए

लोगों ने बताया कि कोठी के समीप स्मार्ट सिटी कार्यालय के सामने बना स्मार्ट टॉयलेट काफी दिनों से बंद पड़ा है। कई बार लोगों ने अधिकारियों को टॉयलेट के ताले खुलवाने के प्रयास किये ताकि यहां आने वाले लोग इसका उपयोग कर सके लेकिन उसके बाद भी अभी तक टॉयलेट के ताले नहीं खुले हैं इस कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे है।

लेकिन यह स्मार्ट टॉयलेट पिछले कई दिनों से बंद पड़ा है। खास बात यह है कि टॉयलेट से कुछ कदमों की दूरी पर ही स्मार्ट सिटी का ऑफिस है और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के ऑफिस भी यहीं पर है ऐसे में हमेशा यहां प्रशासनिक अधिकारियों की आवाजाही रहती है। लेकिन उसके बाद भी टॉयलेट पर ताले लटक रहे हैं। तथा लोग इस टॉयलेट का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### टॉयलेट तो बनवा दिए लेकिन सफाई नहीं

नगर निगम ने शहर में कई स्थानों पर टॉयलेट तो बनवा दिए हैं लेकिन उनकी सफाई नहीं होने से गंदगी फैल रही है। नगर निगम के पास बड़ा अमला है। लेकिन इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कोठी रोड पर बड़ी संख्या में लोग सुबह शाम टहलने के लिए आते हैं। ऐसे में लोग इस टाइलेट का उपयोग नहीं कर पा रहे है।

## आपकी खबरें...

### बीएसएनएल की नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार 13 दिसंबर शनिवार को बीएसएनएल द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय उज्जैन, तहसील न्यायालय महिदपुर, नागदा, बडनगर एवं खाचरौद में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा। उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड एवं एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएं प्रदाय की जाएँगी। बीएसएनएल के उपभोक्ता अपने बिल संबंधित प्रकरणों का निपटान बीएसएनएल के देवास गेट स्थित कार्यालय के राजस्व अनुभाग में व्यक्तिगत रूप से आकर या लैंडलाइन नंबर 2552474 पर संपर्क कर करवा सकते हैं।

### निगम अध्यक्ष ने किया बोरिंग खनन कार्य का भूमि पूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 44 की क्षेत्रीय पार्षद नीलम राजा कालरा के प्रयासों से वार्ड अंतर्गत आने वाली विभिन्न गलियों में पार्षद मद की राशि लगभग 13 लाख रुपए की लागत से बोरिंग खनन का कार्य करवाया जाएगा जिससे क्षेत्र के नागरिकों की पेयजल समस्या का निदान होगा उक्त कार्य का भूमि पूजन मंगलवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद नीलम राजा कालरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान महामंत्री कमल बैरवा, वरिष्ठ भाजपा नेता रूप पमनानी, ओम जैन, यशवंत पटेल, कुलदीप पांचाल, मोहनलाल पांडे, सौरभ भारद्वाज, हेमंत राठौड़, रूपाली त्रिवेदी उपस्थित रहे।

### गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग ही दिया जाए: निगम आयुक्त

उज्जैनः नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा समस्त शहरवासियों से अपील की गई है कि उज्जैन शहर की जनता जिस प्रकार शहर की स्वच्छता को लेकर जागरूक है एवं सकारात्मक रहती है इसीलिए घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखते हुए गीला एवं सूखा कचरा घर के बाहर आने वाली कचरा गाड़ी में देवें ताकि भविष्य में इस प्रकार का लिगेसी वेस्ट (पुराना कचरा) ना तो निर्मित होगा ना ही रहवासियों को परेशानी होगी।

# मिस इंडिया पोलैंड 2025 आयशा सना कुरैशी आयेंगी उज्जैन

### सृजन 2025 में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगी आयशा



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आलोक इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव सृजन 2025 में शहर का गौरव बढ़ाने वाली मिस इंडिया पोलैंड 2025, आयशा सना कुरैशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगी।

हाल ही में आयशा सना कुरैशी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मिस इंडिया पोलैंड 2025 प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर उज्जैन का नाम देश-विदेश में रोशन किया। प्रतियोगिता के टैलेंट राउंड में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति देकर महिला सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति एवं भारत की एकता का सशक्त संदेश प्रस्तुत किया, जिसने निर्णायकों तथा दर्शकों को प्रभावित किया।

आयशा अब 2026 में न्यूयॉर्क में आयोजित होने वाली मिस इंडिया वर्ल्डवाइड प्रतियोगिता में पोलैंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। 2019 से वे पोलैंड की एक प्रतिष्ठित आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। उज्जैन के आदर्श नगर, नागझिरी की निवासी आयशा को बचपन से ही एक्टिंग, मॉडलिंग और स्टेज प्रदर्शन का विशेष रुझान रहा है।

स्कूल के अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ ने कहा कि आयशा कुरैशी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी उपलब्धि साबित करती है कि उच्च शिक्षा, करियर और कलाकृतीनों में संतुलन बनाना संभव है। मजबूत इरादों और निरंतर मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संध्या फिरोजिया तथा निगम सभापति कलावती यादव भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगी।

# छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति रोकने के लिए कलेक्टर की अगुवाई में बैठक

## ध्यान, संगीत तथा खेलों के माध्यम से तनाव कम करने पर जोर दिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

जिलाधीश रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में विद्यार्थियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति तथा उसके कारणों की रोकथाम के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया। विद्यार्थियों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक एवं सामाजिक दबाव आदि अनेक कारण उन्हें आत्महत्या की ओर ले जाते हैं। इसका सामना करने के लिए सही समय पर ऐसे विद्यार्थी को चिन्हित कर के उसकी काउँसलिंग करना तथा कॅरियर की संभावनाओं से अवगत करवा कर इस प्रवृत्ति से विद्यार्थियों को निकाला जा सकता है।

इस उद्देश्य की पूरा करने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय आदि विभागों को विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा कोचिंग संस्थान में जा कर विद्यार्थियों की काउंसलिंग करने, ध्यान, संगीत तथा खेलों के माध्यम से तनाव कम करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की सचिव शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता, पुलिस विभाग की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा, कोचिंग संचालक कल्याण शिवहरे टास्क फोर्स की संयोजक डॉ. इंदु बंसल, डॉ. महेन्द्र कुमार जैन, डॉ आनंद सिंदल तथा पुलिस, स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी शिक्षा, सामाजिक न्याय, आदि विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मानसिक समस्याओं के निराकरण हेतु 247 हेल्प लाइन नंबर 14416 एवं 14425 की जानकारी भी प्रदान की गई तथा इसे सभी शिक्षण संस्थानों में प्रदर्शित के निर्देश दिए गए।

# महापौर ने किया वार्ड क्र. 45 में प्रचलित कार्यों का निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वार्ड क्रमांक 45 अंतर्गत महापौर मद की राशि लगभग 01 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से उद्यानों के सौंदर्यकरण के साथ-साथ विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं उक्त कार्यों का निरीक्षण मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अधिकारियों के साथ किया गया।

उल्लेखनिय है कि महापौर मद से नारायणपुरा, हाथीपुरा इत्यादि क्षेत्र में बेक लाइन गलियां में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत राशि 45 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यकरण कार्य करवाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत रंगाई पुताई, सीसी रोड निर्माण, नालियों की मरम्मत, सुरक्षा की दृष्टि से गेट लगाने का कार्य किया जाकर आदर्श बेक लाइन गलियों के रूप में विकसित किया जा रहा हैं, इसी के साथ 40 लाख रुपए की लागत से नारायणपुर क्षेत्र में सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाकर, 05 लाख रुपए की लागत से महिला स्नान गृह बनाया गया है।

# पीएचई अन्तर्गत महापौर मद से स्वीकृत कार्यो की महापौर ने की समीक्षा

उज्जैनः मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा पीएचई विभाग अंतर्गत महापौर मद से राशि रुपए लगभग 01 करोड़ की लागत से करवाए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में वाटर कूलर एवं पीवीसी पानी की टंकी स्थापित करना, वार्ड क्रमांक 49 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पाइपलाइन बदलने के कार्य, विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था हेतु नवीन पेयजल लाइन डालना, वार्ड क्रमांक 45 बागपुरा में विभिन्न स्थानों पर जल प्रदाय हेतु पाइपलाइन बिछाने के कार्य एवं विभिन्न स्थानों पर बोरिंग खनन कार्य के बारे में जानकारी ली गई। महापौर द्वारा निर्देशित किया गया की बोरिंग खनन के कार्यों को प्राथमिकता से किया जाना है जिन क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पाता है वहां पर पाइपलाइन बिछाई जाने के कार्यों को करवाया जाए।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने शबाना पटेल पति जावेद पटेल निवासी ग्राम बंक इंदौर से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 119/1/3 रकबा 0.51 हेक्टर, ग्राम जम्बूरा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की धनराशि में से आंशिक धनराशि अदा कर दी है तथा अनुबंध अनुसार शेष धनराशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि के सबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय बैंक या अर्द्धशासकीय बैंक, सोसायटी या अन्य किसी संस्थान का कोई ऋण, भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के आपत्ति कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति/कृषि भूमि के अनुबंध की शेष धनराशि अदा कर उसके अतरण लेख का विधिवत निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित्तों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो। दिनांक 09/12/2025

**गुलनाज मन्सूरी एडवोकेट डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन मो. नं. 9907101111**

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु वाहन रैली को किया रवाना



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शनिवार को समस्त जोन कार्यालय में बकाया संपत्ति कर, जल कर जमा करने हेतु नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु मंगलवार को कोठी महल स्थित जिला न्यायालय परिसर से नगर निगम द्वारा आयोजित वाहन रैली को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पुरण चंद्र गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली में 25 से अधिक नगर निगम के संसाधन शामिल हुए। इस दौरान विशेष न्यायाधीश अरविंद प्रताप सिंह चौहान, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुंब संजीव श्रीवास्तव, पंचम जिला न्यायाधीश संजय श्रीवास्तव, संजय राज ठाकुर जिला न्यायाधीश, मनोज कुमार भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नगर निगम उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, संपत्तिकर अधिकारी सुनील जैन सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी आदेश परिहार, रोहित शिंदे, भरत मालवीय, कैलाश यादव, हर्ष राठौर, संतोष शर्मा एवं समस्त जोन के संपत्तिकर अधिकारी उपस्थित रहे।

# आज से शहर में होगा जल प्रदाय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सोमवार को दोपहर चामुंडा माता नगर वन के पास गंभीर की मेन राइजिंग लाइन का संधारण कार्य होने से मंगलवार को शहर में जल प्रदाय नहीं किया गया। जिसके क्रम में पीएचई विभाग द्वारा सोमवार रात 1:30 बजे तक संधारण कार्य को करते हुए 800 एमएम की लाइन की टी कनेक्टिविटी लाइन को जोड़ने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है मंगलवार को जल कार्य समिति के प्रभारी प्रकाश शर्मा द्वारा उक्त कार्य का निरीक्षण किया गया। जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की पीएचई विभाग द्वारा सोमवार रात 1:30 बजे तक गंभीर मेन राइजिंग लाइन का संधारण कार्य किया गया है साथ ही मंगलवार को टेस्टिंग का कार्य भी पूर्ण करते हुए पानी की टंकियों को भरने का कार्य किया जा रहा है जिससे कि बुधवार को उत्तर एवं दक्षिण क्षेत्र में निर्बाध रूप से पेयजल सप्लाई का कार्य किया जाएगा निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रहलाद मेहर उपस्थित रहे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने हस्ते सौदा क्रय अनुबंध के आधार पर राजेश कुल्मी पिता दिनेश चन्द्र निवासी 53 शारदा विला बहादुरगंज उज्जैन से भूमि स्वामी बालमुकुंद पिता कालू जाति गारी स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 22/2 रकबा 1.01 हेक्टर में से रकबा 0.60 हेक्टर, बरुख पूर्व दिशा की ओर ग्राम नईखेडी तहसील घट्टिट्या जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की धनराशि में से आंशिक धनराशि अदा कर दी है तथा सौदा चिट्ठी अनुसार शेष धनराशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय बैंक या अर्द्धशासकीय बैंक, सोसायटी या अन्य किसी सस्थान का कोई ऋण, भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के आपत्ति कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति कृषि भूमि के सौदा चिट्ठी अनुबंध की शेष धनराशि अदा कर उसके अतरण लेख का विधिवत निष्पादन व पजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो। दिनांक 09/12/2025

**गुलनाज मन्सूरी एडवोकेट डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन मो. नं. 9907101111**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म **M/s SRS INTERNATIONAL Address 253, Chimanganj Mandi, Ujjain, Tehsil Ujjain, District Ujjain Madhya Pradesh** पंजीयन क्रमांक 07/33/01/0070/22 दिनांक 25/07/2022 है।

जिसमें दिनांक 02/07/2025 को **Rupesh Agrawal S/o Shri Radheshyam Agrawal, Resident of 202, Saikunj, 10th Cross, 6th Block, Nagarabhavi, 2nd Stage, Bengaluru, Karnataka** नये पार्टनर (भागीदार) के रूप में फर्म **M/s SRS INTERNATIONAL Address 253, Chimanganj Mandi, Ujjain, Tehsil Ujjain, District Ujjain Madhya Pradesh** में प्रवेश हुआ है।

तथा जिसमें दिनांक 02/07/2025 को (1) **Jitendra Garg S/o Shri Banshilal Garg, Resident of 30, Kanhaiyalal Marg, Ujjain, Teshil Ujjain, District Ujjain Madhya Pradesh** अपनी स्वेच्छा से फर्म **M/s SRS INTERNATIONAL Address 253, Chimanganj Mandi, Ujjain, Tehsil Ujjain, District Ujjain Madhya Pradesh** से पृथक हो गये है।

उक्त दिनांक 02/07/2025 से इस फर्म **M/s SRS INTERNATIONAL Address 253, Chimanganj Mandi, Ujjain, Tehsil Ujjain, District Ujjain Madhya Pradesh** से पार्टनर (भागीदार) का कोई लेना देना नहीं है।

वर्तमान में इस फर्म **M/s SRS INTERNATIONAL** में निम्नानुसार भागीदार रहेगें।

(1) **Rekha Agrawal**
(2) **Rupesh Agrawal**

**SRS INTERNATIONAL**
**JITENDRA GARG: 9406688887**
**RUPESH AGRAWAL: 9880291985**
**GRAIN MERCHANT & COMMISION AGENT**
**253, CHIMANGANJ MANDI, UJJAIN (M.P)**

## In The Court Of IX Civil Judge Class -I District Court, Ujjain

**Presiding Officer : श्री अर्पित जैन**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000065/2025)
कांताबाई जैन ...................... आवेदक
Vs
सर्वसाधारण...................... अनावेदक

Process Id -/2025
पेशी दिनांक :- 15/12/2025

प्रेषिती -
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कांताबाई जैन विधवा श्री मोहनलाल, आयु-75 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, निवासी-20 सखीपुरा उज्जैन की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन उसके पुत्र मनीष कुमार जैन पुत्र श्री मोहनलालजी जैन के द्वारा अपने जीवनकाल में भारतीय जीवन बीमा निगम की जीवन सरल पॉलिसी क्रमांक 347204624 रुपये 125000/- की दिनांक 13/09/2012 को भारतीय जीवन बीमा निगम उज्जैन से प्राप्त की गई थी जिसकी मेच्युरिटी दिनांक 13/06/2037 नियत की गई थी किन्तु मनीष कुमार जैन का आकस्मिक निधन दिनांक 13/11/2021 को शहर उज्जैन में हो चुका है एवं मनीष कुमार जैन के द्वारा पॉलिसी प्राप्त करते समय नामिनी ज्योति जैन को बनाया गया था तथा मनीष कुमार जैन के द्वारा दिनांक 06/10/2012 को नामिनी बनाया गया था किन्तु मनीष कुमार जैन द्वारा पॉलिसी के दौरान अपनी पत्नि श्रीमती भावना जैन को नामिनी बनाया गया है किन्तु श्रीमती भावना जैन पति श्री मनीष कुमार जैन का स्वर्गवास दिनांक 17/11/2019 को शहर इंदौर में हो जाने के कारण उक्त पालिसी में कोई नामिनी नहीं बचा है और श्री मनीष जैन की माता श्रीमती कांताबाई जैन के अलावा अन्य कोई उत्तराधिकारी नहीं है और श्री मनीष जैन के कोई पुत्र व पुत्री भी नहीं नहीं है व उनकी दो बहने है जिनका विवाह हो चुका है। आवेदिका पता ने मृतक मनीष कुमार जैन पुत्र श्री मोहनलालजी जैन निवासी 20 सखीपुरा उज्जैन की भारतीय जीवन बीमा निगम उज्जैन की जीवन सरल उक्त पॉलिसी क्रमांक की उपरोक्त राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 December 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15 December 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 02 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(अर्पित जैन)**
**नवम् व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 1 भैरुसिह पिता श्री देवी सिंह जी 02 सौदान सिंह पिता श्री देवी सिंह जाति राजपूत 03 हरिनायण मिश्रा श्री अम्बाराम 04 तारचन्द्र पाटीदार पिता श्री अम्बाराम जी 05 गोर्धनलाल पिता श्री अम्बाराम जी 08 दिलीप कुमार पिता श्री अम्बाराम जी 07 रामचन्द्र पिता श्री अम्बाराम जी 08 राधेश्याम पिता श्री अम्बाराम जी जाति कुल्मी के नाम से कृषि भूमि सर्वे नम्बर 451/1 रकबा 0.09 हैक्टर, सर्वे नम्बर 451/2 रकबा 0.09 हेक्टर, सर्वे नम्बर 448/4 रकबा 0.57 हैक्टर में से विकीत रकबा 0.21 हैक्टर, सर्वे नम्बर 452/1 रकबा 0.25 हैक्टर में से विक्रीत रकबा 0.12 हैक्टर, सर्वे नम्बर 448/2 रकबा 0.69 हैक्टर में से विक्रीत रकबा 0.12 हैक्टर, सर्वे नम्बर 449/7 रकबा 0.11 हैक्टर, सर्वे नम्बर 450/4 रकबा 0.03 हैक्टर, सर्वे नम्बर 449/7 रकबा 0.11 हैक्टर, सर्वे नम्बर 450/8 रकबा 0.13 हेक्टर सर्वे नम्बर 449/8 रकबा 0.11 हैक्टर, सर्वे नम्बर 450/3 रकबा 0.03 हैक्टर, सर्वे नम्बर 450/7 रकबा 0.03 हैक्टर, सर्वे नम्बर 449/4 रकबा 0.11 हैक्टर, सर्वे नम्बर 450/5 रकबा 0.03 हैक्टर, सर्वे नम्बर 449/6 रकबा 0.11 हैक्टर, सर्वे नम्बर 449/5 रकबा 0.11 हेक्टर सर्वे नम्बर 450/6 रकबा 0.03 हैक्टर, भूमि कुल किता 17 कुल रकबा 1.48 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम आक्याजस्सा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित होकर उक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली हो कर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन क्रेता पक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा काई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकासन से (07) सात दिवश की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

**राकेश शर्मा सर्विस प्रोवाइंडर तहसील कार्यालय घट्टिया जिला उज्जैन मो-8719997462, 9584898788**

**खास न्यूज**

## ससुर समझाने पहुंचा तो दामाद ने की मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम चकरावदा में मंगलवार को दामाद संतोष ने अपने ससुर लक्ष्मीनारायण पिता छगनलाल वर्मा 50 साल निवासी काजीवाड़ा थाना खाराकुआं के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। दामाद संतोष ने ससुर को चकरावदा आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि घायल लक्ष्मीनारायण की शिकायत पर संतोष के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। लक्ष्मीनारायण के अनुसार दामाद ने बेटी के साथ विवाद किया था। खबर मिलने पर वह दामाद को समझाने पहुंचे थे, इसी बात पर उसने मारपीट कर धमकी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

## दुर्घटना में घायल 3 लोगों की उपचार के दौरान मौत

**उज्जैन।** सड़क दुर्घटना के दौरान घायल हुए 3 लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई। पहला मामला नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के त्रिवेणी ब्रिज क्षेत्र का था। 26 नवम्बर को सायकल पर सवार रमेश पिता राजू 50 साल निवासी मालनवासा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। लोगों की मदद से उन्हे बिरला अस्पताल भेजा गया था। जहां उपचार के बाद परिजन हालत में सुधार होने पर घर लेकर चले गये थे, लेकिन दोबारा हालत बिगड़ने पर अस्पताल लाया गया, जहां सोमवार मंगलवार रात मौत हो गई। नानाखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। दूसरा मामला आगर जिले के रहने वाले जितेन्द्र पिता मनोहरलाल 27 वर्ष के साथ 28 नवम्बर को हुआ था। जितेन्द्र फायनेंस कंपनी में काम करता था, बाइक से घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। जहां से इंदौर ले गये थे, वहां भी हालत में सुधार नहीं हुआ और खर्च अधिक आने पर वापस उज्जैन ले आये थे। जहां चरक भवन में रात को मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। तीसरा मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र का होना सामने आया है। 5 दिसंबर को साहिल पिता लियाकत पटेल 19 साल निवासी गांधीनगर नागझिरी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार शाम साहिल की मौत हो गई। चरक अस्पताल लाने पर ड्युटी कम्पाउंडर ने चिमनगंज थाना पुलिस को सूचना दी है। पुलिस मर्ग कायम कर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम करायेगी।

## बदमाशों ने कंटेनर का ताला तोड़कर चुराये 14 कार्टून

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ हाईवे पर ग्राम बमनई पदमा खोरिया के मध्य बदमाशों ने चलते कंटेनर का ताला तोड़कर उसमें रखे 14 कार्टून चोरी कर लिये। 6 दिसंबर की रात 11.50 से 12.25 के बीच हुई वारदात की खबर चालक उदयराज पिता मुखरामसिंह अहिर निवासी बड़ा गुलरिया कटरी गंगपुर जिला फरूखाबाद उत्तरप्रदेश को लगी तो उसने कंटेनर रोका, बदमाश भाग निकले। चालक ने झारड़ा थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद मामले में मंगलवार को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। चालक के अनुसार चोरी हुए कार्टून ऑनलाइन बुक किये गये मिशो कंपनी के थे, जिन्हें इंदौर भेजा गया था। कंटेनर में ओर भी सामान भरा था, बदमाश 14 बॉक्स ही चोरी कर पाये। पिछले कुछ समय से गरोठ हाईवे पर ट्रक कटिंग के साथ लूटपाट की कई वारदातें लगातार सामने आ रही है। हाइवे काफी लम्बा है और कई थानों की सीमा से होकर गुजर रहा है। बड़े वाहन में होने वाली वारदातों के बाद चालकों को शिकायत दर्ज कराने के लिये भी परेशान होकर इधर से उधर थानों की सीमा में भटकना पड़ रह है। कई वाहन चालक तो अपने साथ होने वाली वारदातों की शिकायत दर्ज कराये बिना ही गंतव्य की ओर निकल जाते है। हाइवे पर होने वाली वारदातों में कंजर-पारदी गिरोह के बदमाशों का हाथ होना बताया जा रहा है। जो चलते ट्रक-कंटेनर और लोडिंग वाहन में कटिंग कर सामान चोरी कर लेते है।

## बड़नगर से बदनावर लौट रहे दंपति दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** बदनावर के ग्राम पलदुनिया में रहने वाला संजू चंद्रवंशी पत्नी सपना के साथ खरीददारी के लिये बाइक से बड़नगर आया था। जहां से खरीददारी करने के बाद दोनों शाम को वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान तेजगति से आये चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दंपति घायल हो गये। पत्नी सपना को गंभीर चोंट लगने पर बड़नगर से उज्जैन रैफर किया गया है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला था।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 680-4 | 490-3 |
| मेन बाजार | | 280-0 | 159-5 |
| कल्याण नाइट | | 678-1 | 180-9 |
| मिलन डे | | 690-5 | 256-3 |
| मिलन नाइट | | 600-6 | 277-6 |
| मधुर डे | | 220-4 | 360-9 |
| मधुर नाइट | | 466-6 | 699-4 |
| शुभांक | 5 | 7 | 0 |

### संजयनगर में विवाद का सामने आया सीसीटीवी फुटेज

# आटे की डिलेवरी को लेकर तलवार-डंडे से हमला, 2 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आटे की डिलेवरी को लेकर हुए विवाद में आटा चक्की चलाने वालों ने तलवार डंडे से केटरिंग व्यवसायी पर हमला कर दिया। घटनाक्रम में केटरिंग केटर्स कर्मचारी भी घायल हुआ है। पुलिस ने जान से मारने की नियत से हमला करने का मामला दर्ज कर एक को हिरासत में ले लिया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के संजयनगर में खुशी केटर्स का संचालन संजीव पिता रघुनंदन शर्मा निवासी तिरूपति एवेन्यू द्वारा किया जाता है। उन्होंने आटा चक्की चलाने वाले हर्षित भारती को आटे का आर्डर दिया था। सोमवार रात हर्षित आटे की डिलेवरी देने संजयनगर पहुंचा। जहां उसने लोडिंग से आटा नहीं उतारा और संजीव शर्मा के पुत्र भरत शर्मा से आकर ले जाने की बात कहीं। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। हर्षित आटे की डिलेवरी दिये बिना लौट गया।

भरत ने अपने पिता को डिलेवरी नहीं होने की जानकारी दी। पिता संजीव शर्मा खुशी केटर्स पहुंचे, उसी दौरान हर्षित पिता महेन्द्र भारती, रिश्तेदार भगवान भारती और कुणाल भारती के साथ पहुंचा और डंडे-तलवार से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में संजीव शर्मा सिर में गंभी चोंट लगने पर घायल हो गये। बीच-बचाव करने पुत्र भरत और केटर्स का कर्मचारी धनसिंह पिता तोलाराम गुर्जर निवासी ग्राम आगरी पिपलराया देवास आया तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की और भाग निकले। संजीव शर्मा और धनसिंह को घायल होने के चलते चरक अस्पताल लाया गया। जहां संजीव शर्मा के सिर में गहरी चोंट होने पर डॉक्टरों ने 15 टांके लगाकर उपचार किया और भर्ती कर लिया। मामले की जानकारी मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस घायलों के बयान दर्ज करने पहुंची। भरत शर्मा की शिकायत पर हमला करने वालों के खिलाफ जान से मारने की नियत का प्रकरण धारा 109, 115 (2), 296, 351 (3), 3 (5) में दर्ज किया। मंगलवार शाम हमले में शामिल महेन्द्र भारती को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ कर अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ विवाद

सोमवार रात हुए विवाद का मंगलवार सुबह सीसीटीवी फुटेज सामने आया। खुशी केटर्स पर लगे कैमरे में दोनों पक्षों के बीच मारपीट होती दिखाई दे रही है, आसपास के कुछ लोग बीच-बचाव करते दिखाई भी दिये है। विवाद के में एक महिला भी दिखाई दे रही है।

## छात्रा को क्यूआर कोड भेज खाते से उड़ाये 45 हजार रूपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

यूपीएससी की तैयारी करने के साथ एनजीओ संचालित करने वाली छात्रा के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला नागदा पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। अप्रैल माह में हुई धोखाधड़ी की शिकायत छात्रा ने सायबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक राशि नहीं मिली तो पुलिस को शिकायत की गई।

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि महिदपुररोड शुगर मिल मार्ग पर रहने वाली प्राची पोरवाल 28 साल एनजीओ संचालित करने के साथ यूपीएससी की तैयारी कर रही है। अप्रैल माह में उसके अकाउंट में 5 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ था। मोबाइल पर मैसेज मिलने के कुछ देर बाद कॉल आया और कहा गया कि बेटा गलती से ट्रांजेक्शन हो गया है। दूसरे को भेजना था, कॉल करने वाले ने रूपये लौटाने की बात कहीं। प्राची पोरवाल ने इमानदारी दिखाते हुए रूपये लौटाने की बात कहीं तो कॉल करने वाले ने क्यूआर कोड भेजा, उसे ओपन करते ही शातिर हैकर ने खाते से 45 हजार रूपये उड़ा दिये। अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत सायबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई। लेकिन 8 माह तक खाते से निकाली गई राशि वापस खाते में नहीं आई तो मामले की शिकायत नागदा थाने आकर की गई। पुलिस ने मामले में मंगलवार को अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। सायबर फ्रॉड करने वाले बदमाशों द्वारा आये दिन नये-नये तरीकों से लोगों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। पुलिस ऐसे बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करती है तो बदमाश तरीका बदल देते है।

# 10 माह बाद गिरफ्त में आया पैरोल से फरार हुआ बंदी

### केंद्रीय जेल प्रशासन की टीम ने आगर नाके से पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा बंदी पैरोल मिलने के बाद फरार हो गया था। 10 माह बाद मंगलवार को केन्द्रीय जेल प्रशासन को सूचना मिली तो फरार बंदी को आगर नाके पर घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि शाजापुर थाना कालापीपल का रहने वाला अवध पिता प्रेमनारायण हत्या के मामले में शामिल था। जिसे न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 16 नवम्बर 2019 को उसे केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ लाया गया था, जहां वह सजा काट रहा था। शाजापुर कलेक्टर कार्यालय के आदेश पर सजायाफ्ता बंदी अवध को प्रथम पैरोल का लाभ 2022 में दिया गया था। उस दौरान बंदी 23 दिसंबर 2022 को वापस लौट आया था। जिसके बाद जेल मुख्यालय भोपाल के आदेश पर वर्ष 2023 से उसे नियमित पैरोल का लाभ दिया जा रहा था। 13 जनवरी 2025 को उसे फिर पैरोल पर मुक्त किया गया था। उसे 28 जनवरी 2025 को वापस लौटना था, लेकिन वह फरार हो गया था।

सजायाफ्त बंदी के फरार होने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन बंदी लगातार फरार होना सामने आ रहा था। जेल अधीक्षक के अनुसार 10 माह बाद मंगलवार सुबह खबर मिली कि पैरोल पर फरार उक्त बंदी आगर नाके पर दिखाई दिया है। जिसके चलते तत्काल सहायक जेल अधीक्षक सुरेश गोयल, प्रहरी रवि सिकरवार को फरार बंदी को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। आगर नाके पहुंचकर बंदी अवध की तलाश की गई और कुछ घंटे की तलाश के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। जिसे भैरवगढ़ थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। जहां से न्यायालय में पेश कर पुनः केन्द्रीय जेल में दाखिल किया गया है।

# सांवराखेड़ी-पालखंदा में अवैध शराब के साथ मिले युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में प्रतिबंधित हो चुकी शराब के बाद अवैध कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। जिस पर अंकुश रखने के लिये पुलिस लगातार धरपकड़ कर रही है। सोमवार-मंगलवार रात नीलगंगा और नरवर थाना पुलिस ने 3 युवकों को पकड़ा। जिनके पास से हजारों की शराब जप्त की गई है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि वाकणकर ब्रिज के आगे सांवराखेड़ी में खेत के पास एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। खबर मिलने पर तत्काल एसआई अर्जुन सोनी, आरक्षक दामोदर और जितेन्द्र के साथ मौके पर पहुंच दबिश दी गई। शराब बेचने का काम कर रहे युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम बलराम उर्फ राम पिता भगवान नाथ 24 साल निवासी जैन मंदिर के पास जयसिंहपुरा बताया। उसकी निशानदेही पर खेत में छुपाकर रखी 6 पेटी शराब की बरामद की गई। जिसमें 300 क्वार्टर भरे हुए थे। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बाइक सवार झोले में छुपाकर ला रहे थे शराब

अवैध शराब लेकर शहर की ओर आ रहे बाइक सवार 2 युवकों की सूचना मिलने पर सोमवार-मंगलवार रात नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने एएसआई भगवत नारायण त्रिपाठी और टीम के साथ ग्राम पालखंदा रोड़ पर घेराबंदी की। बाइक क्रमांक एमपी 09 यू 7269 पर 2 युवक आते दिखाई दिये। जिनके पास 2 झोले थे। दोनों घेराबंदी कर पकड़ा। उनके पास से झोले में छुपाकर रखे देशी शराब के 310 क्वार्टर बरामद हो गये। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि शराब के साथ पकड़ाये युवक सुरज पिता सुंदर निवासी भौंरासा हाल मुकाम केसरबाग कालोनी और यशराज निवासी उज्जैन है। गौरतलब हो कि 2 दिन पहले भी नीलगंगा और नरवर पुलिस ने हजारों की शराब बरामद की थी। उस दौरान भी 3 आरोपियों को पकड़ा गया था।

## बड़े बकायदारों को चिन्हित करते हुए बिल जारी किए जाए- अपर आयुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

13 दिसंबर 2025 को नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा समस्त जोन कार्यालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संपत्तिकर दाता लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ लेकर अपना बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा करते हुए शहर विकास में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

इस संदर्भ में मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह द्वारा उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल के साथ संपत्तिकर विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्देशित किया गया कि बड़े बकायदाओं को चिन्हित करते हुए बिल डिस्ट्रीब्यूशन किए जाए, साथ ही जोन कार्यालय से ऐसे बड़े बकायदारों को चिन्हित करते हुए, दूरभाष पर फोन लगाते हुए एवं मैसेज करें कि नेशनल लोक अदालत में अपना बकाया संपत्ति कर जमा करते हुए दि जा रही छूट का लाभ लिया जाए। अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि संपूर्ण विभाग को टीमवर्क के रूप में कार्य करना है वार्ड क्षेत्र में संपर्क के दौरान क्षेत्रीय पार्षदों के सहयोग से बड़े बकायदारों के घर पहुंच कर उन्हें समझाइश देने का कार्य करें कि वह अपने बकाया संपत्ति कर जमा करते हुए शहर विकास में अपना योगदान दें।

# हाईटेंशन लाइन में उलझा मांझा पकड़ते ही झुलसा बालक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

छत के ऊपर खेल रहे बालक ने हाई टेंशन लाइन में उलझा मांझा जैसे ही पकड़ा, करंट की चपेट में आ गया। बालक को परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने हालत खतरे से बाहर बताई लेकिन उपचार के लिए भर्ती किया है।



मामला आगर रोड स्थित विराट नगर में मंगलवार सुबह होना सामने आया। 8 साल का अमन पिता गोविंद बागड़िया कक्षा दूसरी का छात्र है। सुबह 10 के लगभग का मां रेखा के साथ घर की छत पर धूप में खेल रहा था। उसी दौरान छत से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में मांझा उलझा देख बालक ने पकड़कर खींचने की कोशिश की। उसी दौरान लाइन में फाल्ट हुआ और बालक करंट लगने से झुलस गया। मां ने घटनाक्रम के शोर मचाया तभी आवाज सुनकर परिजन छत पर पहुंचे और तत्काल बालक अमन को चरक अस्पताल लाया गया। उसका एक हाथ झुलस गया था। डॉक्टर ने उपचार के बाद वार्ड में भर्ती किया है।

# दो दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का किया जा रहा आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता नॉलेज पार्टनर संस्था हिमालयन इंस्टिट्यूट फॉर एनवायरनमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट (हाईफीडे) द्वारा उज्जैन के नगर निगम सभागृह में महिला सफाई मित्र हेतु दो दिवसीय स्वच्छता कार्य के दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी सावधानियां विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

सफाई मित्रों को स्वच्छता और सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए उनके दैनिक कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई जिसमें हाथों की सफाई, तन मन की सफाई रखना बताया गया, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सावधानी के प्रति सफाई मित्रों को समझाया गया। सामाजिक सुरक्षा, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, की जानकारी, एक्सीडेंट रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल की जानकारी, अपने सुरक्षा अधिकार के प्रति जागरूक किया गया साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक योजनाओं के बारे में समझाया गया एवं सुरक्षा उपकरण पीपीई किट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संस्था की ओर से विषय विशेषज्ञ शक्तिवर्धन धरणी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर संस्था प्रतिनिधी दर्पण चौबे, संदीप सोनी, स्वच्छ भारत अभियान के कंसल्टेंट भूषण व्यास उपस्थित रहें, प्रशिक्षण में लगभग 45 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## वर्तमान में उज्जैन जिले में उर्वरक की स्थिति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी कि उज्जैन जिले में विगत 01 अक्टूबर से आज दिनांक तक 1,16,662मै.टन खाद का वितरण हो चुका है। इसमें यूरिया 54,540 मै.टन, डीएपी 12,756 मै.टन और एनपीके 18,111 मैं.टन, एसएसपी 29,213 मै.टन और एमओपी 2,042 मै.टन है। वर्तमान में जिले में यूरिया की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 3,430 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 850 मै.टन है। इसी प्रकार डीएपी की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 1,023 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 348 मै.टन है। एनपीके की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 2,530 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 2,130 मै.टन है। एसएसपी की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 3,968 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 7,331 मै.टन है।

## कलेक्टर श्री सिंह द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। इसके साथ ही पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि उज्जैन निवासी अजहर और खरसौद खुर्द निवासी श्रीमती रेखा बाई के द्वारा विद्युत देयक से संबंधित शिकायत की गई थी। जिनका निराकरण विद्युत विभाग द्वारा कर दिया गया है। उक्त दोनों शिकायतकर्ता अपनी समस्या का समाधान होने पर संतुष्ट है। इसी प्रकार महिदपुर निवासी भूपेंद्र सिंह ने आवेदन दिया था कि ग्राम सिंहदेवला के शासकीय विद्यालय का भवन जीर्ण-शीर्ण होने से डिसमेंटल करने की अनुमति प्रदान की जाए। उक्त भवन को डिसमेंटल करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उज्जैन निवासी भूरा राठौर ने आवेदन दिया है कि वे एक दिव्यांग है तथा पिछले काफी समय से बेरोजगार है। उनके बाएं पैर में संक्रमण होने की वजह से उनका पैर खराब हो गया है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा फर्म मोदीवाला एण्ड संस द्वारा भागीदार हकीमुद्दीन मोदीवाला पिता ईनायत हुसैन मोदीवाला एवं डॉ. सफी मोदीवाला पिता हकीमुद्दीन मोदीवाला पता-92-93, लाल मस्जिद चौराहा नई सड़क, उज्जैन म.प्र. के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन कमांक 83. (पुराना क्रमांक -1/1248 का भाग) नजरअली मार्ग, उज्जैन म.प्र. जिसके पूर्व में रास्ता आम गली निजातपुरा, पश्चिम मकान कमलादेवी पति रामकृष्ण, उत्तर में मकान कमलादेवी पति रामकृष्ण, दक्षिण- गली जिसका कुल क्षेत्रफल 541.74 वर्गफीट होकर उक्त भवन को क्रय करने का सौदा तय किया गया है तथा विक्रय पत्र का सम्पादन होना शेष है। उक्त भवन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक/निकाय आदि का कोई प्रभार/हित / स्वत्व/ अधिकार हो या संव्यवहार/ऋण/भार हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। नियत अवधि के पश्चात विक्रय पत्र का संपादन करा लिया जायेगा तथा किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सौ सूचित हो।

इतिदिनांक 09.12.2022

**राजेश व्यास, हाईकोर्ट एडवोकेट, कार्यालय-204, दुसरी मंजिल, शांति प्लाजा, इंदिरा गाँधी चौराहा, फीगंज, उज्जैन (म.प्र.), मो. नं. -9977721777**



**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**क्राउड होल्डिंग बिल्डिंग उपलब्ध कराना**

**निविदा संख्या :** W/623/5/1/NIT. दिनांक : 04.12.2025, मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्य लेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई –निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है। **ई –टेंडरिंग** : RTM-2025-26-155, **कार्य का नाम :** उज्जैन– यात्रियों/ड्यूटी स्टाफ बिल्डिंग नं. 01 के लिए पीएफ 08, भोपाल छोर के पास क्राउड होल्डिंग बिल्डिंग (जी+2) उपलब्ध कराना (सिंहस्थ 2028) (संयुक्त सिविल + इलेक्ट्रिकल) उज्जैन – यात्रियों/ड्यूटी स्टाफ बिल्डिंग नं. 02 के लिए पीएफ 08, भोपाल छोर के पास क्राउड होल्डिंग बिल्डिंग (जी+2) उपलब्ध कराना (सिंहस्थ 2028) (संयुक्त सिविल + इलेक्ट्रिकल) उज्जैन – यात्रियों/ड्यूटी स्टाफ बिल्डिंग नं. 03 के लिए पीएफ 08 के पास, नागदा छोर पर एफओबी के पास क्राउड होल्डिंग बिल्डिंग (जी+2) उपलब्ध कराना (सिंहस्थ 2028) (संयुक्त–सिविल+इलेक्ट्रिकल) उज्जैन – यात्रियों/ड्यूटी स्टाफ बिल्डिंग नं. 04 के लिए पीएफ 01 के नजदीक रनिंग रूम के पास क्राउड होल्डिंग बिल्डिंग (जी+2) उपलब्ध कराना (सिंहस्थ 2028) (संयुक्त सिविल+इलेक्ट्रिकल)। **अनुमानित मात्रा :** निविदा अनुसूची के अनुसार, **अनुमानित लागत :** ₹71,23,47,530.80/–, **बयाना राशि :** ₹37,11,700/–, **कार्य समापन अवधि :** 18 महीने। **समान प्रकार का कार्य** निविदा अनुसूची में संलग्न विशेष तकनीकी मानदंडों के अनुसार। **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि :** 04.12.2025, **निविदा खुलने की तिथि :** दिनांक 26/12/2025, **बोली पूर्व सम्मेलन की तिथि :** 10/12/2025, • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल**

SNP-364

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री मनीष शर्मा पिता श्री भेरूलाल शर्मा, निवासी 367/167. इंदिरा नगर आगर रोड़ उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 284 स्थित महाश्वेतानगर योजना, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 91.35 वर्गमीटर है, जिसकी चतुसीमा में पूर्व में सड़क, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 279. उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 1-ए बैंक कालोनी एवं दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 283 मिला है तथा भूखण्ड क्रमांक 1-ए स्थित बैंक कालोनी, देवास रोड़ उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 120.51 वर्गमीटर है. जिसकी चतुसीमा में पूर्व में कालोनी की सड़क पश्चिम में भूखण्ड कमांक 13. उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 01 अभय भार्गव का एवं दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 284 महाश्वेतानगर मिला है। मेरे पक्षकार ने उपरोक्त दोनों सम्पति का क्रय कर अनुबंध पुत्र संपादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के विक्रय पुत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पुर किसी बैंक, व्यक्ति वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार हक, अधिकार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर प्रभार बोझ पेनल्टी दंड ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित दान, वसीय हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज करावर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 08-12-2025

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन (म.प्र.) मो. नं. - 70679-09621**

# चिर-सुख उसी से संभव



मनुष्य पतन के मार्ग पर कब चला जाता है? यह सवाल बहुत लोगों को मथता है। दरअसल, मनुष्य का पतन तभी आरंभ हो जाता है, जब वह अपनी आत्मा के अविनाशी स्वरूप की उपेक्षा कर भोग और भौतिक लालसाओं को जीवन का लक्ष्य बना लेता है। संसार में आपको ऐसे अनेक लोग मिल जाएंगे, जो ब्रह्म के अस्तित्व को मानने का दावा करते हैं, आत्मा पर चर्चा करते हैं, किंतु क्षणिक सुखों के पीछे भागते रहते हैं। ऐसे लोग धीरे-धीरे प्रकाश से अंधकार और मनुष्य से पशुवृत्ति की ओर बढ़ते चले जाते हैं।

प्रश्न उठता है कि जब परमात्मा अनंत और शुद्ध है, तब व्यक्ति की विकृत धारणाएं कहां से उत्पन्न होती हैं? मनुष्य की मूल प्रवृत्ति है– सीमित से अनंत और अंश से पूर्णता की ओर अग्रसर होना। सुख की तलाश इसी प्रवृत्ति से जन्म लेती है। जब तक जीवन का लक्ष्य अनंत नहीं होता, तब तक शाश्वत सुख प्राप्त नहीं किया जा सकता। केवल परमात्मा ही अनादि और अनंत सत्ता है, इसलिए चिर-सुख उसी से संभव है।

सांसारिक वस्तुओं का सुख क्षणिक है, पर हानि का दर्द स्थायी लगता है। यही कारण है कि संसार का समस्त दुख वस्तुओं के खोने की पीड़ा से उपजता है। ज्ञानी व्यक्ति दुख से विचलित नहीं होते, क्योंकि वे जानते हैं कि प्रत्येक वेदना का मूल कारण अपने ही संस्कार हैं। वे संस्कार, जो बीते और वर्तमान कर्मों की प्रतिक्रियाएं हैं। मन के भीतर अंकित ये संस्कार ही सुख-दुख की गति उत्पन्न करते हैं और सूक्ष्म जगत की छाप स्थूल जगत में अनुभव के रूप में प्रकट होती है। इन प्रतिक्रियाओं को परमात्मा पर आरोपित करना उचित नहीं है; यह ईश्वर की विकृति नहीं, बल्कि अपने ही मन का प्रतिबिंब है। साधकों के कष्ट उन्हीं संस्कारों से उत्पन्न होते हैं, जो उन्होंने स्वयं रचे हैं। अतः कठिन समय में भगवान को दोष देना न उचित है, न बुद्धिमानी। ह्वे प्रभु! इतना जप-तप करके भी मुझे यह फल दिया?ह्व-ऐसी शिकायतें अज्ञान की श्रेणी में आती हैं। जब तक संस्कार जलते नहीं, विपत्ति की आग शांत नहीं होती। इसलिए दूसरों पर दोषारोपण की प्रवृत्ति त्याज्य है; प्रत्येक कष्ट अपने ही कर्मों का प्रतिफल है। विद्यापति ने कहा है– दुख से घबराओ मत; अनुभवों से सीखो और अगले जीवन की दिशा बदलो। विद्वानों ने इसीलिए कहा कि मनुष्य को अनंत सत्ता को चिंतन का केंद्र बनाना चाहिए– वही जिसका न कोई आरंभ है, न अंत। वह सर्वव्यापक है, इसलिए उसमें गति का प्रश्न ही नहीं उठता। वह चल रहा है, फिर भी नहीं चल रहा। वह दूर है, फिर भी अत्यंत निकट। वह मेरे-तुम्हारे भीतर जीवन का जीवन बनकर विद्यमान है। आत्मा का मार्ग यही है– मन की क्षुद्र सीमाओं से उठकर उस असीम सत्ता में विलीन होना, जहां से दुख का अंत और आनंद का आरंभ होता है।



**सम्पादकीय**

## वंदे मातरम्

लोकसभा में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर ऐतिहासिक चर्चा आवश्यक और प्रेरक रही। ऐसा मौका बहुत जरूरी है कि जब सभी नेता मातृभूमि के प्रेम या पक्ष में खड़े नजर आएं। भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम के रचनाकार बंकिमचंद्र चटर्जी और इस गीत से जुड़े अन्य महापुरुषों को जिस तरह से याद किया गया है, वह लोकसभा की कार्यवाही में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है। आज से पचास साल बाद इस गीत के 200 वर्ष पर जब विशेष आयोजन होंगे, तब निस्संदेह वंदे मातरम् पर लोकसभा में अपने विचार रखने वाले नेताओं को याद किया जाएगा। लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही स्वीकार किया कि वंदे मातरम के मंत्र ने पूरे देश को शक्ति और प्रेरणा दी, स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि आज वंदे मातरम को याद करना इस सदन के सभी सदस्यों और देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में अफसोस भी जताया है कि जब इस गीत को सौ साल हुए थे, तब इसे बहुत भव्यता से याद करना चाहिए था, किंतु दुर्भाग्य से तब देश में आपातकाल लागू था और स्वतंत्रता खतरे में पड़ी हुई थी।

यह भी याद किया जाएगा कि प्रधानमंत्री ने आजादी की लड़ाई के दौर में वंदे मातरम् पर समझौता करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। यह एक चर्चित पहलू रहा है कि करीब नब्बे वर्ष से वंदे मातरम् को पूरा नहीं गाया जाता है। यह एक स्तर पर अफसोस और दुख की बात हो सकती है, लेकिन कई बार ऐसी मजबूरियां पैदा हो जाती हैं, जब समझौते करने पड़ते हैं। उस दौर के नेतृत्व ने देश को एकजुट रखने के प्रयासों के तहत वंदे मातरम् के कुछ हिस्सों से समझौता किया था। तब भी अल्पसंख्यकों में ऐसे नेता थे, जो वंदे मातरम के मूल भारतीय भाव को नहीं समझ पाए थे और आज भी ऐसे नेता हैं। उन्हें इस गीत में अपने धर्म की हानि दिखी थी। तब भी कांग्रेस के नेताओं ने यह समझाने के प्रयास किए थे कि राष्ट्रभक्ति जगाने वाले गीत के प्रति सबका नजरिया व्यापक और उदार होना चाहिए। वैसे, सबसे जरूरी है, समन्वय और सद्भाव की रक्षा। इस देश में कोई भी गीत किसी पर थोपा नहीं गया था और आज भी नहीं थोपा जा रहा है। फिर भी, वंदे मातरम् पर हुई चर्चा का महत्व इस संदर्भ में है कि बहुत से लोग अब कम से कम वंदे मातरम का विरोध करना छोड़ देंगे। हां, हर नागरिक इस गीत को गाए, ऐसी आशा तो देश की तमाम मुख्य पार्टियों में हमेशा से रही है।

**[प्रसंगवश 10 दिसम्बरः विश्व मानव अधिकार दिवस]**

# जब इंसान इंसान न रहे, तब अधिकार किसके काम



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

10 दिसंबर। आज फिर वही सवाल लौट आया है, बिना दस्तक दिए, सीधा गले पर हाथ रखकर ह्न आप जिंदा है या सिर्फ. साँस ले रहे है? 1948 में पेरिस ने सब इंसान बराबर और आजाद हैं लिखकर मानवता के नाम एक वादा किया था। मगर 2025 का भारत एक चुभता हुआ सवाल पूछ रहा है–क्या हम वाकई उस वादे को निभा रहे हैं, या हमारी चुप्पी ही अन्याय की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है? यह दिन हमें झकझोरने आया है, क्योंकि अब सिर्फ. अत्याचार ही अपराध नहीं; अत्याचार देखकर चुप रह जाना भी उतना ही बड़ा गुनाह है।

आज जब हम मानव अधिकार दिवस मनाते हैं, तो यह उत्सव नहीं–एक मुकदमा है, और कटघरे में हम खुद खड़े हैं। जब हाथरस की बेटी को रात के अँधेरे में मिट्टी में दबा दिया जाता है, जब मणिपुर में औरतों का सम्मान तार-तार होता है, जब कश्मीर में एक बच्चा शक के नाम पर मारा जाता है, और दिल्ली में एक लड़की को उसकी शक्ल की वजह से चिंकी कहा जाता है–तब मानवाधिकार किसी दस्तावेज नहीं, बल्कि ज़ख़्म बनकर सामने आते हैं। उस समय 30 अनुच्छेद किसी पुस्तक में नहीं, बल्कि इस देश की सड़कों, घरों और अदालतों में रोते हुए दिखाई देते हैं।

भारत में मानवाधिकार कोई सैद्धांतिक बहस नहीं, बल्कि हर दिन खून और आँसुओं से लिखा जाने वाला सच है। एक दलित दूल्हे की जान घोड़ी चढ़ने की कीमत बन जाती है। एक आदिवासी महिला को लकड़ी लाने पर जादू-टोना का आरोप झेलना पड़ता है। एक ट्रांसजेंडर मर जाता है, पर श्मशान में भी उसे जगह नहीं मिलती। और जब कानून बराबरी की बात करता है, तो समाज उसकी आवाज को जाति, धर्म और पहचान के पत्थरों से दबा देता है। विडम्बना यह है कि यही देश दुनिया को अहिंसा और योग का संदेश देता है। यही देश भाषणों में विश्व गुरु बनता है, पर अपने ही गाँव में पानी की एक हांडी से दलित को दूर रखता है। यही देश चंद्रयान को तारों तक भेज देता है, लेकिन एक मजदूर को मेहनत के बाद 200 रुपये देने में कंजूसी करता है। लोकतंत्र का मंदिर कहलाने वाला देश कई बार उस मीडिया का बोझ ढोता है जो सत्ता की चौखट से बंधी घंटी की तरह बजता है।

आज का भारत मानवाधिकारों को किताबों में नहीं, सड़कों पर, अस्पतालों में, कोर्ट के गलियारों में, और हर उस घर में महसूस कर रहा है जहाँ न्याय की उम्मीद धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। जब एक दलित महिला को पंचायत के आदेश पर गाँव के बीच में अपमानित किया जाता है, जब एक आदिवासी बच्ची भूख से बिलखते-बिलखते मर जाती है क्योंकि उसे राशन कार्ड सूची में नहीं बताया गया, जब एक युवा पत्रकार को महज सवाल पूछने पर देशद्रोही कहकर जेल में डाल दिया जाता है, तब मानवाधिकार केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि एक सच्ची चीख बन जाते हैं। हम कहते हैं कि भारत डिजिटल हो रहा है, पर क्या इंसानियत भी डिजिटल हो गई? जब इलाज न मिलने से अस्पताल के दरवाजे पर एक बच्चा दम तोड़ देता है, जब ऑक्सीजन की कमी से कोविड वार्ड में लोग मर जाते हैं और जिम्मेदारी गायब हो जाती है, जब अग्निपथ योजना के नाम पर युवाओं का भविष्य अनिश्चित हो जाता है, जब बेरोजगारी की दर इतिहास के सबसे ऊँचे स्तर पर हो और फिर भी युवा आलसी कहे जाएँ–तो ये सब बेरोजगार आँकड़े नहीं, टूटते सपनों की चिताएँ हैं।

भारत के पास चंद्रयान भेजने की ताकत है, पर सड़क पर रिक्शा खींचती 65-70 वर्षीया दादी के पास रोटी की ताकत नहीं। हमारे हाई-टेक शहरों में चमक है, पर किसान की आत्महत्या में उसके शरीर से ज्यादा कर्ज. के कागज मिलते हैं। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन एक आदिवासी युवक पुलिस हिरासत में मारा जाता है और उसके परिवार को एफआईआर की कॉपी तक नहीं मिलती। संविधान कहता है बराबरी का अधिकार, पर वास्तविकता पूछती है–बराबरी किसके लिए? सिर्फ. नाम के लिए? या सिर्फ. भाषणों के लिए?

शिक्षा अधिकार है, लेकिन सरकारी स्कूलों में बच्चे आज भी टाट पर बैठकर पढ़ते हैं, जबकि अधिकारी एसी कमरों में मीटिंगें करते हैं। स्वास्थ्य भी अधिकार है, पर एक प्रसूता अस्पताल पहुँचने से पहले ही ऑटोरिक्शा में बच्चा जन्म देने को मजबूर होती है। अभिव्यक्ति का भी अधिकार है, पर सोशल मीडिया पर आलोचना करने पर घर गिरा दिए जाते हैं। पर्यावरण का भी अधिकार है, पर खनन की आड़ में आदिवासी गाँव उजाड़े जाते हैं। और महिलाएँ? वे आज भी सुरक्षित घर पहुँच गई क्या? के मेसेज पर निर्भर देश की नागरिक हैं–जहाँ हर 15 मिनट में एक बलात्कार दर्ज होता है।

मानव अधिकार दिवस उस सोच के खिलाफ युद्ध है जो कहती है– अगर मेरे घर में सब ठीक है, तो दुनिया ठीक है। नहीं, मानवता एक परिवार है; एक जख्म सबका दर्द होना चाहिए। अगर दिल्ली में कोई लड़की छेड़ी जाती है, मुंबई में एसिड अटैक होता है, राजस्थान में मूँछ रखने पर दलित की हत्या होती है, या उड़ीसा में एक बुजुर्ग अपनी पत्नी का शव कंधे पर लेकर चलता है–तो ये सिर्फ. खबरें नहीं, हमारी सभ्यता की परीक्षा हैं।

अब लड़ाई कानून की नहीं, हमारी आत्मा की है–हमारे भीतर के डर और चुप्पी के खिलाफ। शुरूआत घर से कीजियेः बेटी को बेटे जितनी आजादी दीजिये। झुग्गी के बच्चों को पुरानी किताबें दे दीजिये। ऑफिस में किसी की पहचान का मजाक बनने से रोक दीजिये। अपनी भाषा की गालियों से स्त्री-विरोधी शब्द हटाइए। नफरत फैलाने वाले ग्रुप छोड़ दीजिये। किसी भी धर्म या जाति का मजाक उड़ाना बंद कीजिये, क्योंकि मजाक से शुरू हुई नफरत कई बार हत्या पर खत्म होती है।

मानव अधिकार दिवस की असली पुकार है– अब चुप्पी भी गुनाह है। जब आपने बलात्कार की खबर स्क्रॉल कर दी, आप भी दोषी थे। जब आपने धर्म पर ताना मारा, आप भी दोषी थे। जब आपने व्हाट्सएप पर नफरत भेजी, आप भी दोषी थे। जब आप भीड़ हत्या पर होता रहता है कहकर आगे बढ़ गए, आप भी दोषी थे। मानवाधिकार दिवस किसी सेमिनार का मौका नहीं। यह युद्ध है–उस मानसिकता के खिलाफ जो औरत को संपत्ति, दलित को नीचा, मुस्लिम को संदिग्ध, आदिवासी को पिछड़ा और ट्रांसजेंडर को अदृश्य समझती है।

## चिर-सुख उसी से संभव

मनुष्य पतन के मार्ग पर कब चला जाता है? यह सवाल बहुत लोगों को मथता है। दरअसल, मनुष्य का पतन तभी आरंभ हो जाता है, जब वह अपनी आत्मा के अविनाशी स्वरूप की उपेक्षा कर भोग और भौतिक लालसाओं को जीवन का लक्ष्य बना लेता है। संसार में आपको ऐसे अनेक लोग मिल जाएंगे, जो ब्रह्म के अस्तित्व को मानने का दावा करते हैं, आत्मा पर चर्चा करते हैं, किंतु क्षणिक सुखों के पीछे भागते रहते हैं। ऐसे लोग धीरे-धीरे प्रकाश से अंधकार और मनुष्य से पशुवृत्ति की ओर बढ़ते चले जाते हैं।

प्रश्न उठता है कि जब परमात्मा अनंत और शुद्ध है, तब व्यक्ति की विकृत धारणाएं कहां से उत्पन्न होती हैं? मनुष्य की मूल प्रवृत्ति है- सीमित से अनंत और अंश से पूर्णता की ओर अग्रसर होना। सुख की तलाश इसी प्रवृत्ति से जन्म लेती है। जब तक जीवन का लक्ष्य अनंत नहीं होता, तब तक शाश्वत सुख प्राप्त नहीं किया जा सकता। केवल परमात्मा ही अनादि और अनंत सत्ता है, इसलिए चिर-सुख उसी से संभव है।

सांसारिक वस्तुओं का सुख क्षणिक है, पर हानि का दर्द स्थायी लगता है। यही कारण है कि संसार का समस्त दुख वस्तुओं के खोने की पीड़ा से उपजता है। ज्ञानी व्यक्ति दुख से विचलित नहीं होते, क्योंकि वे जानते हैं कि प्रत्येक वेदना का मूल कारण अपने ही संस्कार हैं। वे संस्कार, जो बीते और वर्तमान कर्मों की प्रतिक्रियाएं हैं। मन के भीतर अंकित ये संस्कार ही सुख-दुख की गति उत्पन्न करते हैं और सूक्ष्म जगत की छाप स्थूल जगत में अनुभव के रूप में प्रकट होती है। इन प्रतिक्रियाओं को परमात्मा पर आरोपित करना उचित नहीं है; यह ईश्वर की विकृति नहीं, बल्कि अपने ही मन का प्रतिबिंब है। साधकों के कष्ट उन्हीं संस्कारों से उत्पन्न होते हैं, जो उन्होंने स्वयं रचे हैं। अतः कठिन समय में भगवान को दोष देना न उचित है, न बुद्धिमानी। ह्वे प्रभु! इतना जप-तप करके भी मुझे यह फल दिया?ह्व-ऐसी शिकायतें अज्ञान की श्रेणी में आती हैं। जब तक संस्कार जलते नहीं, विपत्ति की आग शांत नहीं होती। इसलिए दूसरों पर दोषारोपण की प्रवृत्ति त्याज्य है; प्रत्येक कष्ट अपने ही कर्मों का प्रतिफल है। विद्यापति ने कहा है- दुख से घबराओ मत; अनुभवों से सीखो और अगले जीवन की दिशा बदलो।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 10 दिसंबर 2025 बुधवार
सूर्योदय - 07:01 सूर्यास्त 17:39
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - षष्ठी 13:47 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - मघा 02:44 उपरांत पूर्वा फाल्गुनी
योग - वैधृति 12:46 उपरांत विष्कुंभ
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 18 तारिख

**मेष-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो सकता है।
**वृषभ-** कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है।
**मिथुन-** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। सुख के साधन प्राप्त होंगे।
**कर्क-** नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।
**सिंह-** किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार अच्छा चलेगा।
**कन्या-** नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।
**तुला-** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। निवेश शुभ रहेगा।
**वृश्चिक-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा।
**धनु-** दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है।
**मकर-** आत्मविश्वास बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।
**कुंभ-** प्रसन्नता बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। यश बढ़ेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।
**मीन-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

**समसामयिक**

## बनारस के साथ पान इंदौर की भी सांस्कृतिक पहचान



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

भारत में पान के सेवन का पुराना प्रचलन है। आधुनिक होते समाज में पान परिवारों से जुदा होकर पान की आधुनिक रुप से सजीधजी पान (दुकानो) शाप पर मिलने लगे है। याद करो तो स्मृति के पटल पर नानी-दादी की पान की टोकरी घूमती दिखाई देती है, जिसमे गीले कपडे में बंधे पान के पत्ते, लोंग, इलायची, सूखा कत्था, चुना, सुपारी और सरोता रखा होता था। यह नानी-दादी की सबसे कीमती टोकरी होती थी। इस टोकरी से छेड़छाड़ नाफरमानी समझी जाती थी, पान की टोकरी से छेड़छाड़ करने पर आपको नानी-दादी का कोपभाजन भी बनना पड़ता था। कुलमिलाकर कहे तो खानदानी परिवारों में चाय के बाद पान पर ही लम्बी चर्चा होती थी। पान बनाते हुए गाँव, खेत, खलियान से जुडी बातें, देश की राजनीति से जुडी सामयिक चर्चाए नाना-नानी, दादा-दादी से जुडी पुरानी बाते, मुंह के एक और पान का बीड़ा दबाए कही जाती थी।

पान केवल लबों की शान ही नही, यह स्वादिष्ट जायका है। जिसके सेवन से शरीर में स्फूर्ति आती है। दिमाग तरोंताजा हो जाता है। वैसे हर गांव, शहर, महानगर में चाय की दुकान, हेयर सेलून के बाद या पहले सार्वजनिक चर्चा और जानकारी के केंद्र यह पान की दुकान ही मानें जाते है। इसे वर्तमान समय का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा की पान की दुकान के नाम पर नुकसान दायक पाउच जर्दा एवं सिगरेट की दूकानों की भरमार हो गयी है। जबकि पान स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसका सेवन भोजन के उपरांत करने से हाजमा ठीक रहता है।

भारत में पान कल्चर सदियों से प्रचलित है। यहां तो पान के पत्ते भी बांग्ला, मद्रास, बनारसी, कपुरी, सोहागपुरी, रामटेकी, महोवा जैसे क्षेत्रीय नामो से होते है। पान हमारी संस्कृति के ताने-बाने में कुछ इस तरह रचा बसा है की इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। यह सर्वमान्य और चिकित्सकीय सत्य है की पान सेहत के लिए रामबाण है। सेहत के लिए बेहतरीन पान संस्कृत के शब्द पर्ण से लिया गया है, जिसका मतलब पत्ता होता है। पान का जिक्र पौराणिक कथाओ के साथ आयुर्वेदिक औषधि के रुप में भी किया जाता है। पान का आकार मानव के दिल के आकार का होता है। इसका सेवन दिलो को जोड़ने, दिलो को खुश करने एवं दिल की बाते लबो पर लाने के लिए किया जाता है। निमाड़ की ग्रामीण संस्कृति में लगने वाले पाराम्परिक मेलों में पान का बड़ा महत्व है। यहां आकर्षक कलरफुल मसालो से भरा पान खाकर ग्रामीण महिला-पुरुष खुशी एवं आनंद से भर जाते है।

पान का भारतीय संस्कृति में महत्व का परिणाम ही है की पान से जुड़े गाने फिल्मी परदे का हिस्सा बन सके। बॉलीवुड में पान को लेकर बने यादगार गानों में अव्वल नम्बर पर वर्ष 1978 में निर्मित फिल्म डान का गीत जिसे सुपर स्टार अमिताभ बच्चन ने गाया था। 'खाई के पान बनारस वाला' जिसकी शूटिंग के दौरान अधिक पान खाने से अमिताभ के मुंह में छाले हो गए थे। पान चबाते चबाते उनका मुंह जल गया था। पान से जुड़े चर्चित नगमों में ' पान खाए सैया हमारे, सावली सुरतिया होंठ लाल-लाल' फिल्म शोले, 'चली आना तू पान की दुकान पर साढ़े तीन बजे' फिल्म आज का अर्जुन शामिल है। ये नग्मे अक्सर पान की रंगीन संस्कृति और उसकी मिठास को गीत के बोलो में बुनते है। इन गानों में पान को न सिर्फ एक जायके के रुप में, बल्कि भावनाओं और माहौल को रंगने वाले प्रतिक के तौर पर इस्तेमाल किया गया है।

भारत के सांस्कृतिक केंद्र इतिहास, संस्कृति एवं पर्यटन के संगम स्थल बनारस में पान का महत्व बहुत अधिक है जिसका कारण वेदों पुराणों में वाराणसी को पान का भंडार कहा गया है।

# पसंदीदा खाना भी खाएं और बिंज ईटिंग भी रोकें, जानें स्मार्ट तरीका

अगर आप वेट लॉस पर हैं तो ऐसे में बिंज ईटिंग कहीं ना कहीं आपकी सारी जर्नी को खराब कर सकती है। हालांकि, बिंज ईटिंग कई वजह से हो सकती है, कभी स्ट्रेस, कभी बोरियत, कभी हार्मोन्स तो कभी सामने अपना फेवरिट फूड देखकर रुका ही नहीं जाता। फिर बाद में बस गिल्ट ही होता है। अमूमन लोग सोचते हैं कि बिंज ईटिंग रोकने के लिए उन्हें अपने फेवरेट फूड्स को खाना बंद करना पड़ेगा। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। अगर आप अपने फेवरेट फूड से दूरी बनाते हैं तो ऐसे में दिमाग उतना ज्यादा उसी खाने के बारे में सोचता रहता है। फिर क्रेविंग इतनी हाई हो जाती है कि हम कंट्रोल ही नहीं कर पाते। हो सकता है कि आप भी ऐसी ही स्थिति से गुजर रहे हों, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपना पसंदीदा खाना खाते हुए भी बिंज ईटिंग को आसानी से मैनेज कर सकते हैं-

### खुद को खाने की दें परमिशन

अक्सर यह देखा जाता है कि लोग अपने पसंदीदा खाने से लगातार दूरी बनाते हैं, लेकिन इससे उनका माइंड उसे ज्यादा खाने की इच्छा करता है। इसलिए, खुद को



खाने की परमिश नें। आप अपने पसंदीदा स्नैक का एक छोटा सा हिस्सा जरूर खाएं। जब आपके माइंड को यह लगता है कि उसका पसंदीदा खाना उसके लिए अवेलेबल है तो ऐसे में क्रेविंग अपने आप कम होने लगती है।

### स्मार्टली खाएं अपना खाना

अक्सर लोग अपना वजन कम करने के लिए कम खाना शुरू कर देते हैं, ऐसे में क्रेविंग और बिंज ईटिंग बहुत ज्यादा होने लगती है। इसलिए, आप कम खाने की जगह स्मार्ट खाना शुरू करें। अपने हर मील में फाइबर, प्रोटीन व गुड फैट को शामिल करें। ऐसे में आपका पेट भरा रहेगा और आपको जंक फूड की क्रेविंग कम होंगी।

### भूल से भी मील स्किप ना करें

अगर आप वजन कम करने के चक्कर में या फिर अपने कैलोरी काउंट को कम करने के लिए मील स्किप करते हैं तो ऐसे में बिंज ईटिंग और क्रेविंग्स को मैनेज करना काफी मुश्किल होगा। इसलिए, दिनभर में तीन मेन मील्स जरूर लें। साथ में, एक या दो लाइट व हेल्दी स्नैकिंग जरूर करें। जब आप टाइम से अपनी मील्स लेते हैं और वह फाइबर व प्रोटीन रिच होता है तो बिंज ईटिंग की इच्छा नहीं होती है।

### एनवायरनमेंट पर भी दें ध्यान

आमतौर पर हम सभी बिंज ईटिंग तब सबसे ज्यादा करते हैं, जब हमें खाना सामने दिखता है। इसलिए, बिंज ईटिंग को मैनेज करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने एनवायरनमेंट को भी हेल्दी बनाओ। जंक व अनहेल्दी फूड को आंखों के सामने से दूर रखो। इसकी जगह किचन में फलों को रखें, जो आपको आसानी से दिख जाएं। साथ ही, आप अपने फेवरेट स्नैक को छोटे पैक में रखें, ताकि आप ओवरईटिंग करने से बच जाएं।

**धर्म-आस्था**

# असत्य नहीं कहेगा गीता पर शपथ क्यों दिलाई जाती है?



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

जब-जब मनुष्य सत्य से डगमगाता है, समाज किसी ऐसे आधार की खोज करता है जो उसे सत्य के प्रति दृढ़ रहने का संबल दे। भारतीय संस्कृति में यह संबल श्रीमद्भगवद्गीता से बढ़कर कोई नहीं। अदालत में गीता पर हाथ रखकर शपथ दिलाने की परंपरा इसी आस्था की गहराई से उपजी है–इस विश्वास से कि जो व्यक्ति भगवान के विराट स्वरूप वाले इस ग्रंथ को स्पर्श करेगा, वह असत्य कहने का साहस नहीं कर पाएगा। परंतु यह आस्था बनी कैसे? क्यों गीता को सत्य का सर्वश्रेष्ठ साक्षी माना गया? इसी रहस्य का उत्तर हमें एक दिव्य कथा में मिलता है।

कथा कुछ यूँ है–दैत्य मूर का संहार कर भगवान श्रीहरि बैकुंठ लौटे। शेषनाग की शय्या पर वे आंखें मूँदे, किंतु होंठों पर हल्की मुस्कान लिए थे। देवी लक्ष्मी उनके चरणों की सेवा करती रहीं, परंतु भगवान की मुस्कान उन्हें कौतूहल में डाल रही थी। उन्होंने पूछा–भगवन, आप जगत के पालनकर्ता होकर भी ऐसे शांत और उदासीन क्यों दिखाई दे रहे हैं? किस आनंद में लीन हैं?

भगवान ने नेत्र खोले, वही दिव्य मुस्कान प्रिये, मैं सो नहीं रहा। बस उस शक्ति का स्मरण कर रहा हूँ जिसके अधीन यह संसार चलता है। जब-जब मैं उस तेज का अनुभव करता हूँ, आपको लगता है कि मैं निद्रा में हूँ। यह उत्तर देवी के लिए और रहस्यपूर्ण हो गया। उन्होंने आश्चर्य से पूछा–क्या आपसे भी अधिक कोई शक्ति है जिसके ध्यान में आप डूबते हों?

भगवान ने कहा–देवि, इस रहस्य को समझने के लिए गीता को समझना होगा। गीता के अध्याय मेरे ही अंग हैं–प्रथम पाँच अध्याय मेरे पाँच मुख, छठे से पंद्रहवें अध्याय मेरी भुजाएँ, सोलहवाँ अध्याय मेरा उदर और अंतिम दो अध्याय मेरे चरणकमल हैं।

लक्ष्मीजी की उलझन और बढ़ी। भगवान ने उनके अंतर्मन को भांप लिया और बोले–जो व्यक्ति प्रतिदिन गीता का एक श्लोक भी पढ़ता है, वह सुशर्मा की तरह पापों से मुक्त हो जाता है। अब देवी के धैर्य की सीमा टूटने लगी–हे नाथ, एक के बाद एक रहस्यमयी बातें कृपा कर स्पष्ट कहिए। तब भगवान ने सुशर्मा की अद्भुत कथा सुनाई। सुशर्मा नाम का व्यक्ति घोर पापी था–मांस, मदिरा और दुष्कर्मों में डूबा हुआ। एक दिन सर्पदंश से उसकी मृत्यु हुई। उसे नरक की यातनाएँ मिलीं, फिर बैलयोनि में जन्म मिला। आठ वर्ष वह अपमान व परिश्रम झेलता रहा, भूखा-प्यासा मालिक की सेवा करता रहा।

एक दिन वह दुर्बल होकर बाजार में गिर पड़ा। भीड़ जमा हुई। कुछ सज्जनों ने बैल की अगली योनि सुधारने के लिए अपना पुण्यदान देने का संकल्प लिया। उसी भीड़ में एक वेश्या भी खड़ी थी। उसे अपने पुण्य का पता नहीं था, फिर भी उसने कहा–मेरे जीवन में यदि कोई पुण्य है तो उसका अंश इसे मिल जाए।

बैल की मृत्यु के बाद जब यमलोक में हिसाब हुआ तो देवी-देवताओं तक को आश्चर्य हुआ–सबसे अधिक पुण्य उसी वेश्या का था। उसी के पुण्य से बैल के पाप कट गए और उसे मानवयोनि में जन्म का अवसर मिला। इतना ही नहीं, प्रस्थान से पहले उसकी इच्छा भी पूछी गई–यह सौभाग्य अत्यंत दुर्लभ है।

बैल ने विनीत होकर कहा–प्रभु, बस इतना वर दीजिए कि मुझे अपने पूर्वजन्म की स्मृति रहे, जिससे मैं पुनः पापकर्मों की ओर न जाऊँ। वाह वर मिल गया।

मानव रूप में जन्म लेकर उसने सबसे पहले उस वेश्या को खोजा। उसे प्रणाम करके पूछा–देवि, आप धन्य हैं। आपके कर्म तो समाज में तुच्छ माने जाते हैं, फिर भी इतना पुण्य आपके पास कैसे?

वेश्या ने एक तोते की ओर संकेत करते हुए कहा–यह प्रतिदिन कुछ पढ़ता है। इसे सुनकर मेरा मन पवित्र हो जाता है। वही पुण्य मैंने तुम्हें दान में दिया था।

तोता हँस पड़ा–पूर्वजन्म में मैं विद्वान था–पर अभिमान में अंधा। दूसरों का अपमान करता था। मृत्यु के बाद दंड भोगकर तोते के रूप में जन्म मिला। माता-पिता बचपन में ही चले गए। भूखा-प्यासा पड़ा था कि ऋषियों ने देख लिया और आश्रम ले आए। वहाँ विद्यार्थियों को गीता पढ़ाई जाती थी। सुनते-सुनते मुझे प्रथम अध्याय कंठस्थ हो गया। इससे पहले कि मैं और भी ज्ञान पाता, एक बहेलिया मुझे पकड़कर इन देवी को बेच गया। मैं प्रतिदिन गीता का प्रथम अध्याय सुनाता रहा और वही पुण्य फल इन तक पहुँचा, जिसने तुम्हें मुक्ति दिलाई। भगवान विष्णु ने यह कथा सुनाकर लक्ष्मीजी से कहा–देवि, जो गीता का पहला अध्याय भी पढ़ता या सुनता है, उसे भवसागर से पार होना सहज हो जाता है। गीता मनुष्य को सही कर्म का ज्ञान देती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1941-2185, चना काबली- 3730-9212, चना देशी- 3501-5512, बटला- 3501-800, धनियाा- 6600-8000, मसूर- 6061-6121, सोयाबीन- 1900-5450, मौथीदाना- 4140, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 1,28,000, रवा- 1,27,900 चांदी- टंच- 1,75,300 पाट- 1,75,100।

## उज्जैन किराना
**अशोक कुमार भगवानदास**
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**
editor.awantika@gmail.com



## विकासखंड स्तरीय सांसद कप खेल प्रतियोगिता में एमपीएस ने लहराया परचम

**महिदपुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय महिदपुर में आयोजित विकासखंड स्तरीय सांसद कप खेल प्रतियोगिता में एमपीएस एकेडमी ने अपने निरंतर प्रदर्शन और दमदार खेल भावना के बल पर शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों ने भाग लिया, लेकिन एमपीएस ने शुरूआत से ही प्रतिस्पर्धा पर पकड़ बनाए रखी और अंत तक अपना दबदबा कायम रखा। कबड्डी, चेस, टेबल टेनिस, रस्साकस्सी, बैडमिंटन, सितौलिया जैसे कई खेलों में एमपीएस के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान (गोल्ड मेडल) हासिल किया। खिलाड़ियों ने न सिर्फ व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि टीम इवेंट्स में भी बेहतरीन तालमेल और रणनीति का परिचय दिया। प्रतियोगिता में रौनक, आयुष्मान, महेश, शिवराज, युवराज, कुलदीप, भविष्य, दुर्गेश, गौरव, करण, नेहा, जीविका और हिमाक्षी ने बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने खेलों में मेडल जीते। इन विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और तैयारी प्रतियोगिता में साफ दिखाई दी। हालांकि सांसद अनिल फिरोजिया प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मौजूद नहीं रहे, लेकिन उनकी ओर से प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की औपचारिकता निभाई और विजेताओं का उत्साहवर्धन कर उन्हें मेडल वितरित किया। एमपीएस ग्रुप के डायरेक्टर आशुतोष छजलानी ने इस उपलब्धि को विद्यालय की शिक्षा और खेल दोनों में बढ़ती गुणवत्ता का परिणाम बताया। एमपीएस एकेडमी की प्राचार्या सपना जैन, महिदपुर पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य शाहिद खान, एमपीएस एकेडमी की उप-प्राचार्या नीलांजना चोपड़ा एवं समिति सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए भविष्य में और ऊँचाइयाँ छूने की प्रेरणा दी।

## कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष की ब्यावरा व्यापारियों के साथ परिचर्चा




**ब्यावरा।** कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भारतीया का दो दिवसीय ब्यावरा प्रवास दौरा हुआ इस अवसर पर वल्लभा परिसर में श्री भारतीया द्वारा विभिन्न व्यापारिक संगठनों एवं वरिष्ठ व्यवसायियों के साथ परिचर्चा की। व्यापारियों द्वारा उनका पगड़ी दुपट्टा व पुष्प हारो से स्वागत किया उन्होंने बताया कि कैट भारत के व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख राष्ट्रीय संगठन है जिसका लक्ष्य व्यापारी समुदाय को सशक्त बनाना और व्यापार अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देना है कैट से 40 हजार से ज्यादा व्यापारिक संगठन जुड़े हुए हैं यह डिजिटल इंडिया व स्वदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। व्यापारियों ने उनसे व्यापार संबंधी परेशानियों को भी साझा किया जिस पर उनसे मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ श्री भारतीय ने अपने संबोधन में व्यापार जगत से जुड़ी चुनौतियों एवं अवसर नवाचार स्वदेशी वोकल फॉर लोकल आदि विषयों पर प्रभावशाली व्यक्तव्य दिया। आप ने वरिष्ठ समाजसेवी कैट के सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता टाटा वाले राहुल सलूजा को जिला विकास समिति राजगढ़ एवं विनोद नागर को रोगी कल्याण समिति का सदस्य मनोनीत होने पर हर्ष व्यक्त किया श्री भारतीय ने तीनों सदस्यों का हार फूल माला व उपरना पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर कैट जिलाध्यक्ष रमेश जैन, विष्णु अग्रवाल, आशीष गुप्ता, नंद किशोर मंगल, मोहन अग्रवाल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## हनुमान अष्टमी के कार्यक्रम शुरू आज होगा सुंदरकांड



**महिदपुर।** चौक बाजार स्थित श्री रणजीत हनुमान मंदिर में हनुमान अष्टमी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो गई है। 7 से 9 दिसंबर तक हुए रामायण पाठ (दो पारायण) की पूणार्हुति मंगलवार को संपन्न हुई, जिसके बाद अभिषेक एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। आज संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें राजसमंद के सुप्रसिद्ध संगीतकार नयन नंदवाना प्रस्तुति देंगे। 12 दिसंबर को सुबह प्रभात फेरी और ध्वजारोहण होगा। इसके पश्चात महाआरती और दोपहर 2 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री मनीष शर्मा पिता श्री भेरूलाल शर्मा, निवासी- 367/167, इंदिरा नगर, आगर रोड़, उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 284 स्थित महाश्वेतानगर योजना, उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 91.35 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा में पूर्व में सड़क, पश्चिम में- भूखण्ड क्रमांक 279, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक 1-ए बैंक कालोनी एवं दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 283 मिला है तथा भूखण्ड क्रमांक 1-ए स्थित बैंक कालोनी, देवास रोड़, उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 120.51 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा में पूर्व में- कालोनी की सड़क, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक 13, उत्तर में- भूखण्ड कमांक 01 अभय भार्गव का एवं दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 284 महाश्वेतानगर मिला है। मेरे पक्षकार ने उपरोक्त दोनों सम्पत्ति को क्रय कर अनुबंध पत्र संपादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के विक्रय पन्त्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, हक, अधिकार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 08-12-2025

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट**
**शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 70679-09621**


जैन सोशल ग्रुप सार्थक महिदपुर द्वारा स्थानीय भीमाखेड़ा स्थित टर्फ ग्राउंड पर

# जैन सोशल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन म.प्र. रीजन का प्रथम मप्र रीजन स्तरीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

जैन सोशल ग्रुप सार्थक महिदपुर द्वारा स्थानीय भीमाखेड़ा स्थित टर्फ ग्राउंड पर जैन सोशल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन मध्यप्रदेश रीजन का प्रथम मप्र रीजन स्तरीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट जैन सोशल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया जिसमें मप्र रीजन की सात झोंन की टीमों ने भाग लिया यह टूनार्मेंट लीजेंड लेवल ओर यूथ लेवल पर हुआ जिसमें रतलाम जोन की लीजेंड टीम ने बहुत ही रोमांचक मुकाबले में महिदपुर नागदा जोन की लीजेंड टीम को हराकर विजेता बनी।

वही यूथ लेवल के फाइनल मुकाबला भी रतलाम जोन ओर महिदपुर नागदा खाचरोद जोन के बीच हुआ जो बहुत ही रोमांचक रहा ओर निर्धारित ओवर में मुकाबला बराबरी पर रहा उसके बाद विजेता के निर्णय के लिए सुपर ओवर हुआ जिसमें नागदा खाचरोद महिदपुर जोन की टीम ने रतलाम जोन की टीम को हराकर विजेता बनी सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को मप्र रीजन अध्यक्ष




राहुल चापलोद, जीएसजीआईएफ आई डी जयंतीलाल फांफरिया, अभिषेक सेठिया रीजन कोषाध्यक्ष अमित कोठारी, पी आर ओ प्रदीप सेठिया, जोन कोऑर्डिनेटर अनिल चोपड़ा, मप्र रीजन क्रिकेट कमिटी कन्वीनर प्रमोद ओस्तवाल, सार्थक ग्रुप अध्यक्ष ललित नास्कावाला, सचिव अंकुर भटेवरा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मेन ऑफ द सीरीज यूथ लेवल वत्सल जैन रतलाम जोन से एवं लीजेंड लेवल पर मेन ऑफ द सीरीज सकलेचा रहे।वहीं फाइनल मैच में मेन ऑफ द मैच यूथ लेवल पर संयम बांठिया एवं लीजेंड लेवल पर पिंकेश रतलाम रहे। इस अवसर सार्थक ग्रुप के दिलीप लूणावत, जंबू चोपड़ा,, पंकज मेहता, सुनील चपड़ीबंद, संजीव सोनी, मुकेश बच्छावत, सुशील कोचर, कमल बोहरा राज कुमार सकलेचा, रजनीश चोपड़ा हर्ष ओस्तवाल, आकाश कोचर, शैलेन्द्र धारीवाल आदि संचालक मंडल के सदस्य के साथ मप्र रीजन के हेमंत जैन, मनीष मोगरा, नीलेश मंडोत , विजय बरडिया शरद जैन मनीष चपलोद थे , जैन सोशल ग्रुप सार्थक के अध्यक्ष ललित नास्कावाला ने बतलाया कि यह मप्र रीजन स्तरीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी महिदपुर के सोशल ग्रुप के इतिहास में प्रथम मर्तबा जैन सोशल ग्रुप सार्थक को अपने स्थापना के महज पांचवें वर्ष में की गई हे जिसका संपूर्ण श्रेय पूरी सार्थक ग्रुप के प्रत्येक सदय को जाता हे साथ ही इस आयोजन के मुख्य लाभार्थी स्व. शरद चंद भटेवरा की पुण्य स्मृति में ग्रुप के सचिव अंकुर भटेवरा परिवार एवं सह लाभार्थी ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य मुकेश बांठिया परिवार का भी बहुमान ग्रुप द्वारा किया गया ।

इस पूरे टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु मप्र रीजन अध्यक्ष राहुल चपलोद एवं टीम , क्रिकेट कन्वीनर प्रमोद ओस्तवाल जोन चेयरमैन अनिल चोपड़ा के साथ सार्थक ग्रुप के संयम बांठिया एवं अंकित जैन , आकाश जैन ,अंकुर भटेवरा विशेष धन्यवाद के पात्र हे जिन्होंने कम समय में इतना सुंदर आयोजन किया जिसकी पूरे रीजन के पदाधिकारीयो द्वारा प्रशंसा की गई अंत में सभी उपस्थित जनों ने सुस्वाद भोजन का आनंद लिया । कार्यक्रम के अंत में आभार ग्रुप के सचिव अंकुर भटेवरा ने व्यक्त किया एवं संचालन डॉ .लोकेश सोनगरा ने किया।



## स्व सहायता समूह रसोईया संघ ने रैली निकालकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**तराना।** स्व. सहायता समुह रसोईया संघ एवं भारतीय मजदूर संघ के द्वारा मंगलवार को रैली निकाल कर एसडीम को ज्ञापन सोपा गया समूह की करीब 200 महिलाओ द्वारा मैतपुर नाके से रैली निकाली यह रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होकर तहसील परिसर पहुंची जहां पर एसडीएम रजत सक्सेना को ज्ञापनों पर गया जिसमें बताया कि ब्लॉक तराना के रसोईया बहन एवं सांझा चूल्हा की रसोइया का निवेदन है कि 2006 से चूल्हे के रसोइयों का मानदेय मांग समूह की राशि से माइनस कर 500 दिए जाते हैं हर माह तथा वर्तमान में महंगाई को देखते हुए 500 में रसोई अपना गुजारा किस प्रकार करें एवं एमडीएम के रसिया सुबह 9 से 10 बजे के किचन सेट में खाना बनाने जाती है 1:30 बजे बच्चों को भोजन वितरण करती है फिर बच्चों की थालियां एवं किचन के बर्तन की साफ सफाई कर शाम 4:00 बजे जाते हैं। फिर रसोईया बहाने गेहूं चावल की सफाई में लग जाती है इस प्रकार प्रक्रिया बहनों का सारा दिन निकल जाता है ऐसे में स्कूल में बच्चों एक बार में भोजन नहीं कर पाते स्कूल में बर्तनों की भारी कमी आई है इस कारण बच्चों के हाजिरी दो बार भेजी जावे ।ग्रामीण क्षेत्रों में रसोईया हर शासकीय शालाओं में गैस सिलेंडर एक-एक नाग दिया जाता है जब एक सिलेंडर खाली होने के बाद रसोईया लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाकर बच्चों तक पड़ोस जाता है इस कारण रसोईया बहनों का मानदेय गरीब 10000 होना चाहिए।

## बगैर प्रदूषण जांच कराएं वाहन चलाने पर होगी कार्रवाई

**देवास।** शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि बगैर पीयूसी (प्रदुषण जाँच प्रमाण-पत्र) के संचालित हो रहे वाहनों के विरूद्ध सख्त रवैया अपनाते हुए ऐसे वाहनों की विशेष जॉच करें। इस संबंध में विगत दिवस जिला सड़क सुरक्षा समिति में कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित हो रही समस्त वाहनों की पीयूसी जॉच की जांच की जाए। ? जिला परिवहन अधिकारी, श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि पीयूसी जांच के लिए परिवहन? विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले में संचालित वाहनों की जाँच की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि बिना पीयूसी मार्ग पर संचालित होने वाले वाहनों पर मोटरयान अधिनियम शमन शुल्क वसूला जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त प्रकार के गैर व्यावसायिक 1000 रुपए शमन शुल्क, सभी प्रकार के व्यावसायिक 5000 रुपए शमन शुल्क निर्धारित किया गया है। उक्त कार्यवाही पश्चात अगर कोई वाहन स्वामी बिना पीयूसी के वाहन का संचालन करता है तो द्वितीय बार पीयूसी चालान बनने पर शमन शुल्क 10000 रुपए लिया जाएगा।

## पूर्व विधायक के जन्मदिवस पर रैली और आमसभा आज

**महिदपुर।** पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान के जन्मदिवस पर 10 दिसंबर बुधवार को आज विभिन्न आयोजन होंगे। शहर के अंबेडकर चौक से रैली प्रारंभ होगी। जो राजेन्द्र मार्ग, चौक बाजार, गांधी मार्ग, भगतसिंह चौक, घोडा पछाड होते हुए पुराने बस स्टैंड पर समाप्त होगी। जिसके बाद सभा का आयोजन होगा। सभा में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल होंगे। अंत में गोपाल गोशाला में भोज के साथ दिन का कार्यक्रम समाप्त होगा।

पं. नवीन की जन्म स्थली की फिर हुई अनदेखी

# साहित्य अकादमी ने निभाई औपचारिकता स्थानीयजनों ने आयोजित किया कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं राष्ट्र कवि पं. बालकृष्ण शर्मा नवीन की जयंती क्षेत्र के साहित्यकारों ने उनकी जन्म स्थली ग्राम भ्याना नवीन नगर में सोमवार को मनाई। अपनी काव्य पंक्तियों के माध्यम से आजादी की अलख जगाने वाले मालवा के इस गौरव की जयंती अवसर पर उनकी जन्म स्थली की एक बार फिर साहित्य अकादमी ने अनदेखी की। पूर्व में पं. नवीन की जन्म स्थली ग्राम भ्याना में साहित्य अकादमी द्वारा विधिवत आयोजन किया जाता था, शहर के साहित्यकारों, प्रबुद्धजनों सहित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे, इसके लिए बकायदा आमंत्रण पत्र भी वितरित किए जाते थे। शहर में साहित्य अकादमी द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया जाता था लेकिन इस वर्ष ऐसा कोई भी कार्यक्रम साहित्य अकादमी ने पं. नवीन की जन्म स्थली अथवा शुजालपुर नगर में नहीं किया, जिससे क्षेत्र के साहित्यकारों व स्थानीय ग्रामीणों में साहित्य अकादमी के प्रति आक्रोश दिखा। ग्राम भ्याना निवासी जमनाप्रसाद



खन्ना ने कहा कि वैसे तो पं. नवीन पुरे देश के होकर राष्ट्रीय कवि थे, जिन्होने छोटे से गांव भ्याना में जन्म लेकर देशभर में आजादी का अलख जगाया। साहित्य अकादमी पूर्व में उनकी जयंती पर कार्यक्रम विधिवत आयोजित करती थी लेकिन विगत एक दो वर्षो से उनकी जन्म स्थली को नजर अंदाज किया जा रहा है जो कि उचित नहीं है।

### नागरिकों ने अर्पित कए श्रद्धा सुमन

पं. नवीन की जयंती अवसर पर सोमवार को उनकी जन्म स्थली ग्राम भ्याना पहुंचकर साहित्यकारों ने उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मध्य प्रदेश हिंदी लेखिका संघ प्रतिनिधि मंडल प्रतिवषार्नुसार मालवा के गौरव पं. नवीन की जन्मस्थली भ्याना नवीन नगर पर पहुंचे एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ में बच्चों के साथ मिलकर नवीनजी की कविता का पाठ किया। लेखिका संघ जिलाध्यक्ष ग्रीष्मा शाह, जिला सचिव वीणा गोयल, शुजालपुर अध्यक्ष संध्या धारीवाल, कोमल देशमुख और नन्हे मुन्ने बच्चों ने नवीन जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी बच्चो को कापियां और खेल सामग्री वितरीत की। साथ ही ग्राम पंचायत सरपंच अम्बाराम, परशराम धनगर, योगेश पाठक सहित अन्य ग्रामीणों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। यहां पर गांव की बेटियां अंजलि धनगर, लक्ष्मी बड़ोदिया ने पं. नवीन की कविता हम अनिकेत का पाठ किया।

## लापरवाही पर जेएसओ व पंचायत सचिव की रोकी एक-एक वेतन वृद्धि

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा संवाद से समाधान कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है। इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता आमने-सामने बैठकर शिकायतों का समाधान करते हैं। इस सप्ताह लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग एवं खाद्य विभाग से संबंधित 6 शिकायतों की समीक्षा की गई है। कलेक्टर डॉ.मिश्रा स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुनकर मौके पर ही उसका समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया। यह पहल न केवल अधिकारियों में जवाबदेही स्थापित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद भी स्थापित कर रही है। संवाद से समाधान ने आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता को और मजबूत किया है। मंगलवार को आयोजित संवाद से समाधान कार्यक्रम में शिकायतकर्ता हरिसिंह तंवर ग्राम मोतीपुरा ब्लॉक राजगढ़ द्वारा बताया गया कि उनके बच्चे लोकेश, रिंकी, खुशी का नाम समग्र आईडी में नहीं है आवेदक का कहना है कि राशन पर्ची में सदस्य के नाम नहीं जोडे जा रहे हैं जिससे उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए लंबे समय से शिकायत का निराकरण नहीं करने पर जेएसओ श्रीमती स्वाती वायकर व पंचायत सचिव ग्राम पंचायत मोतीपुरा हीरालाल गुर्जर की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

लोगों ने स्वागत-सम्मान किया

# विश्वकप विजेता ब्लाइंड क्रिकेट टीम की 3 प्लेयर पहुंची, नेपाल, पाक से मैच चैलेंजिंग था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

विश्व कप जीतने के बाद भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की तीन सदस्य पहली बार देवास पहुंचीं। शहर में उनका स्वागत और सम्मान किया गया। उज्जैन रोड स्थित अभिनव टॉकीज से दृष्टिहीन कन्या केंद्र तक खिलाड़ियों को रैली के रूप में ले जाया गया, जहां उन्होंने एक कार्यक्रम में भाग लिया।

टीम सदस्यों ने दृष्टिहीन कन्या केंद्र की बालिकाओं से मुलाकात की। टीम की कप्तान सुषमा पटेल ने बताया कि भारत के लिए विश्व कप जीतना उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस टीम में मध्य प्रदेश की महिला क्रिकेटर भी शामिल हैं।

पटेल ने बताया कि जीत के बाद उन्हें राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर मिला, जो उनके लिए बहुत अच्छा अनुभव था। यह पहला विश्व कप था जो भारत ने जीता। उन्होंने बताया कि चुनौती बहुत बड़ी थी, क्योंकि उन्हें 20 साल पुरानी नेपाल और पाकिस्तान की टीमों के खिलाफ मुकाबला करना पड़ा और विश्व कप भारत को दिलाया। सभी खिलाड़ियों पर दबाव था, लेकिन उन्होंने पूरी मेहनत से इसे पूरा किया। भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली और हरमनप्रीत कौर ने भी उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना पहला मैच और फाइनल देखा था, जिससे उन्हें अच्छा प्रदर्शन कर विश्व कप जीतने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर टीम सदस्यों के साथ जनरल सेक्रेटरी सोनू, कोच और टीम की अन्य सदस्य सुनीता और दुर्गा भी मौजूद थीं।

## एक माह तक रुकेंगे सभी मांगलिक कार्य

**सुसनेर।** सनातन धर्म में खरमास का विशेष महत्व माना जाता है। हर वर्ष सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास या मलमास की अवधि आरंभ होती है। वर्ष 2025 में यह अवधि 16 दिसंबर से शुरू होकर 15 जनवरी 2026 तक चलेगी। पंडित प्रवीण भट्ट के अनुसार खरमास के दौरान विवाह, उपनयन, गृह प्रवेश, गृह आरंभ जैसे सभी शुभ और मांगलिक कार्य करने से बचना चाहिए। इसका कारण यह है कि इस समय ग्रहों की स्थिति इन कार्यों के लिए अनुकूल नहीं रहती और इनका फल पूरी तरह प्राप्त नहीं होता। ज्योतिषीय गणना के अनुसार खरमास समाप्त होते ही शुभ कार्यों की शुरूआत संभव है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी जगदीश चौहान पिता श्री बाबुलाल चौहान निवासी व कृषक ग्राम फतेहाबाद, उज्जैन से उनके आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 596/2/2/1/1 रकबा 0.20 हेक्टर, कुल किता 1 कुल रकबा 0.20 हेक्टर स्थित ग्राम फतेहाबाद तहसील व जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त कृषि भूमि को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि भूमि स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांकः 10-12-2025 उज्जैन

**अभिषेक सिंह सिकरवार एडव्होकेट**
**सिटी कार्यालय 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**कार्यालय - डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन**
**मो.नं.- 88277-65533, 70001-92470**



In The Court Of VII Civil Judge Class-I District Court, Ujjain
Presiding Officer: श्री राघवेन्द्र पटेल

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय बराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MIC SUC/0000044/2025)

**श्रीमती मालती सम्मरवार------ आवेदक**
Vs
**मुख्य डाकघर देवास गेट--- अनावेदक**

**Process Id-/2025**
**पेशी दिनांकः 19/01/2026**

**प्रेषिती-**
(1) **सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण**
(2) **आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रं. 1 श्रीमती मालती सम्मरवार पति स्व. जगमोहन सम्भरवार, उम्र-75 वर्ष, व्यवसाय-गृहणी, निवासी-एल आई जी सी 3/16 ऋषिनगर उज्जैन, क्रं.2 स्व.श्री मनीष सम्मरवार पिता स्व. श्री जगमोहन सम्मरवार, मृतक की पत्नी मृतक की उत्तराधिकारी, श्रीमती अर्पणा सम्मरवार पत्नी स्व. श्री मनीष सम्मरवार, निवासी-33 अभिनव रीगल होम्स वल्लभ नगर अवधपुरी भोपाल म प्र, क्रं.3 आशीष सम्मरवार पिता स्व. श्री जगमोहन सम्मरवार, उम्र-52 वर्ष, व्यवसाय-प्रायवेट नौकरी, निवासी-एल आई जी सी 3/16 ऋषिनगर उज्जैन, क्रं.4 वैशाली पति रुपेश नामदेव पिता स्व. श्री जगमोहन सममरवार, उम्र-49 वर्ष, व्यवसाय-गृहणी, निवासी-डी/7 सीताराम निवास, शिव मंदिर रोड संगीता वाडी डोम्बिवली ईस्ट तिलक नगर थाने महाराष्ट्र, क्रं.5 दिपाली पिता स्व. श्री जगमोहन सम्मरवार, उम्र-47 वर्ष, व्यवसाय-कुछ नहीं, निवासी-एल आई जी सी 3/16 ऋषिनगर उजैन की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन आवेदिका क्रं. 1 श्रीमती मालती सम्मरवार मृतक स्व. श्री जगमोहन सम्मरवार की विवाहित पत्नी है एवं आवेदक क्रमांक 2 लगायत 5 पुत्र एवं पुत्रियां है स्व. मनीष सम्मरवार की पत्नी मृतक की उत्तराधिकारी श्रीमती अर्पणा सम्मरवार पत्नी स्व. श्री मनीष सम्मरवार है जो मृतक श्री जगमोहन के वैध उत्तराधिकारी है। मृतक श्री जगमोहन सम्मरवार की मृत्यु दिनांक 31/07/2024 को हो चुकी है। मृतक श्री जगमोहन मुख्य डाकघर देवासगेट उज्जैन में कार्यरत रहते हुए सेवानिवृत्त हो चुके थे एवं पेंशन प्राप्त कर रहे थे। मृतक श्री जगमोहन एवं श्रीमती मालती सम्मरवार का एक ज्वाइंट बचत खाता क्र. 0761259989 मुख्य डाकघर देवासगेट उज्जैन में था साथ ही एक पेंशन खाता भी था जिसका क्रमांक 0761512727 है। डाकघर के नये नियमों के अनुसार एक पेन नंबर पर एक ही खाता चालू रखा जा सकता है इस कारण मुख्य डाकघर देवासगेट उज्जैन द्वारा मृतक जगमोहन का ज्वाइंट बचत खाता उनके जीवनकाल में ही बंद कर उसमें जमा राशि रुपये 378914/- पेंशन खाते में ट्रांसफर कर दी गई थी। मृतक श्री जगमोहन की मृत्यु उपरांत परिवार पेंशन उनकी पत्नी श्रीमती मालती सम्मरवार के नाम से प्रारम्भ होकर उनका एक अलग पेंशन खाता क्रं. 010044974017 खोला गया है उक्त खाते में परिवार पेंशन जमा होकर प्राप्त हो रही है। स्व. श्री जगमोहन सम्मरवार के पेंशन खाते में शेष बकाया राशि रुपये 858249.10/- जमा है जिसे ब्याज सहित प्राप्त करने हेतु अनावेदक क्रं.1 मुख्य डाकघर देवास गेट उज्जैन द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मांगा गया है। आवेदिका क्रं. 1 के पता ने मृतक श्री जगमोहन सम्भरवार, निवासी-एल आई जी सी 3/16 ऋषिनगर उज्जैन की पेंशन खाता क्रं, 010044974017 में स्व. श्री जगमोहन सम्मरवार के पेंशन खाते में शेष बकाया राशि रुपये 858249.10/- जमा मय ब्याज सहित राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन क्रिया है जिसकी सुनवाई दिनांक 19 जनवरी 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 19 जनवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 05 दिसम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(राघवेन्द्र पटेल)**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## भारत ने 101 रन से पहला टी-20 जीता, साउथ अफ्रीका के 74 रन



**स्पोर्ट्स।** भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले टी-20 में 101 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टीम इंडिया ने नौवीं बार कोई टी-20 मैच में 100 रन या इससे ज्यादा के अंतर से जीता है। दूसरा टी-20 मैच 11 दिसंबर को चंडीगढ में खेला जाएगा। मंगलवार को कटक के बाराबाती स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने हार्दिक पंड्या की फिफ्टी के दम पर 6 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में मेहमान टीम 74 रन बनाकर ही सिमट गई। हार्दिक ने 28 गेंद पर 6 चौके और 4 छक्के लगाकर 59 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 26 और अक्षर पटेल ने 23 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका से लुंगी एनगिडी को 3 और लुथो सिपामला को 2 विकेट मिले। जवाब में डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। 7 प्लेयर्स 10 रन तक भी नहीं पहुंच सके। भारत से गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे को 1-1 विकेट मिला। बुमराह ने टी-20 इंटरनेशनल में अपने 100 विकेट भी पूरे कर लिए। वहीं हार्दिक ने 100 छक्के पूरे किए, गेंदबाजी में उनके नाम भी 99 विकेट हो गए। साउथ अफ्रीका टीम 74 रन ही बना सकी, यह टी-20 में उनका सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले 2022 में भारत के खिलाफ ही राजकोट में टीम 87 रन पर सिमट गई थी। भारत ने कटक के मैदान पर पहली बार ही साउथ अफ्रीका को टी-20 हराया।

## पटियाला में दिलजीत दोसांझ की मूवी शूटिंग पर हंगामा



**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में मंगलवार को दुकानदारों ने दिलजीत दोसांझ की फिल्म की शूटिंग पर बवाल हो गया। दुकानदारों का कहना था कि उनकी दुकानों के सामने उनकी बिना परमिशन के शूटिंग की जा रही है। पुलिस ने भी उन्हें दुकानों की ओर नहीं जाने दिया। उन्होंने जमकर हंगामा किया। इसके बाद वह दुकान तक पहुंचे तो दुकानदारों को इस बात की भी गुस्सा जताया कि उनकी दुकानों के बोर्डों को दबाकर फिल्म वालों ने उर्दू भाषा में लिखे बोर्ड उनकी दुकान पर लगा दिए थे। हालांकि, दुकानदारों के विरोध से शूटिंग में कोई रुकावट नहीं आई। दिलजीत अपना काम खत्म कर निकल गए। इस विवाद पर उनकी टीम की ओर से भी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बाजार में बेरिकेडिंग कर 5 घंटे चली शूटिंग जानकारी के अनुसार, पटियाला के बांसा वाले बाजार में आज सुबह करीब 4 बजे से एक्टर दिलजीत दोसांझ ने अपनी फिल्म की शूटिंग शुरू की। करीब 5 घंटे तक शूटिंग जारी रही। इसकी वजह से बाजार को पूरी तरह सील किया गया था। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रास्तों को बंद किया था। इस दौरान लोगों को आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई। इससे दुकानदार भडक गए। दुकानों पर उर्दू भाषा में लिखे बोर्ड लगाए-दुकानदारों ने वहीं पर पुलिस से बहस शुरू कर दी। पुलिसकर्मी दुकानदारों को समझाने में लगे रहे।

## रिश्वतखोर बाबू को पकडने पहुंचे अधिकारियों को पीटा

**प्रयागराज।** अधिकारी आरोपी बाबू को अपने साथ ले जाने लगे। तभी बाबू ने हंगामा कर दिया और शोर मचाने लगा। शोर सुनकर आरोपी के कई साथी कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। रिश्वतखोर बाबू को छुडाने के लिए हाथापाई करने लगे। टीम ने विरोध किया तो कर्मचारियों ने उनकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। हालांकि कर्मचारियों के विरोध के बावजूद टीम आरोपी बाबू को पकड ले गई। अब पुलिस पीडीए में लगे सीसीटीवी को चेक करके टीम पर हमला करने वालों की पहचान करने में जुटी है। प्रयागराज में शांतिपुरम के प्राणेश पांडेय के नाम 5 साल पहले पीडीए से लॉटरी के जरिए जमीन का आवंटन हुआ था। लॉकडाउन में नौकरी चली गई। इसलिए रजिस्ट्री के लिए रुपए जुटाने में दिक्कत हुई। अलॉटमेंट के बाद दो महीने तक लेखाधिकारी और बाबू ने फाइल लटकाए रखी। बाद में इस जमीन की रजिस्ट्री के लिए वह पीडीए कार्यालय पहुंचे थे। यहां उनकी मुलाकात कनिष्ठ सहायक अजय कुमार से हुई। प्राणेश पांडेय ने बताया कि कनिष्ठ सहायक अजय कुमार ने प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर 10 हजार रुपए की मांग की। परेशान होकर मैंने अखबार में छपे नंबर से एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई।

## कानपुर में भाभी के कमरे में घुसा देवर, छेडछाड की

**बिल्हौर।** कानपुर में घर में सो रही महिला के कमरे में उसका देवर घुस आया। महिला से छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर देवर ने मारपीट शुरू कर दी। पत्नी की आवाज सुनकर पति मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा। इसी बीच देवर ने बड़े भाई की नाक पर दांत से काट लिया। इससे पति की नाक कट गई। हमले के बाद आरोपी देवर मौके से फरार हो गया। घायल पति को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मामला बिल्हौर थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार देर रात का है। महिला ने बताया- मंगलवार सुबह मैं अपने घायल पति के साथ थाने पहुंची और देवर के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट की एफआईआर दर्ज करने के लिए एप्लिकेशन दी। मैंने पुलिस को बताया कि देवर पहले भी ऐसी हरकतें करता रहा है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि रात में पिता-पुत्र के बीच किसी बात पर विवाद हुआ था। बड़े बेटे ने पिता को बचाने का प्रयास किया।

# मृतक के परिजनों का आरोप, पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि

## फिर भी पुलिस बता रही हादसा, एसपी से की जांच अधिकारी बदलने की मांग

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरोल में हुई एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हॉमीसाइडल (हत्या) बताया गया है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई नही की जा रही है। नाराज मृतक के भाई ने मंगलवार को एसपी यशपाल सिंह राजपूत को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही, मामले के वर्तमान जांच अधिकारी को बदलने की मांग भी की है। ग्राम सिमरोल निवासी संजय सिंह मालवीय ने एसपी को सौंपे आवेदन में बताया कि उनके 28 वर्षीय छोटे भाई अशोक मालवीय को 15 नवंबर 2025 को जिला अस्पताल में मृत घोषित किया गया था। 16 नवंबर को उनका पोस्टमॉर्टम हुआ। 5 दिसंबर 2025 को मिली पीएम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि अशोक की मौत सामान्य नहीं थी, बल्कि उनकी हत्या की गई है।




### पुलिस पर गुमराह करने और राजनीतिक दबाव का आरोप

मृतक के भाई संजय ने सुंदरसी थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद भी पुलिस इसे बीमारी या दुर्घटना बता रही है। यहां तक कि पुलिस ने उन्हें मेडिक्लेम क्लेम करने की सलाह देकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की। संजय ने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति पर परिवार को हत्या का शक है, उसका बड़ा भाई जिला पंचायत सदस्य है। इस कारण राजनीतिक रसूख के चलते पुलिस दबाव में काम कर रही है और अब तक मुख्य गवाहों के बयान भी दर्ज नहीं किए गए हैं।

### जांच अधिकारी बदलने की मांग

पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि वर्तमान जांच अधिकारी के रहते उन्हें न्याय नहीं मिल पाएगा। उन्होंने एसपी से मांग की है कि मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से करवाई जाए और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# भोपाल की टीम ने परखी शाजापुर जिला अस्पताल की व्यवस्था, कमियों को दूर करने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

भोपाल से आई स्वास्थ्य विभाग की दो सदस्यीय टीम ने मंगलवार को शाजापुर जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया, विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और डॉक्टरों व अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण दल का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ संयुक्त संचालक (आशा कार्यक्रम) डॉ. राकेश बोहरे ने बताया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में पहले की अपेक्षा सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में हुए पिछले निरीक्षण के मुकाबले इस बार स्थिति बेहतर है। हालांकि, निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां भी सामने आईं, जिन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए हैं।



### जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का भी लिया जायजा

टीम में डॉ. बोहरे के साथ सामुदायिक प्रक्रियाएं (शहरी स्वास्थ्य) सलाहकार अभिषेक सिंघई भी शामिल थे। यह दल 8 से 10 दिसंबर तक देवास, शाजापुर और आगर मालवा जिलों के दौरे पर है। अपने शाजापुर प्रवास के दौरान टीम ने न केवल जिला अस्पताल, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप-स्वास्थ्य केंद्रों का भी सुपरविजन किया।

# एआई के सकारात्मक प्रभाव पर हुई प्रतियोगिता

## पक्ष में दिव्यांशी व विपक्ष में शेफाली रही प्रथम



दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्थापित इकाई इंटेलेक्चुअल क्लब एवं आई क्यू ऐसी के संयुक्त तत्वावधान में कृत्रिम बुद्धिमता एआई के सकारात्मक प्रभाव विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, विशेष अतिथि के रूप में डॉ. एम वाय अंसारी तथा निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. संजय कुमार प्रजापति, डॉ. सुनील मेवाडा एवं प्रो. अर्चना गवांडे और इंटेलेक्चुअल क्लब के सदस्य छात्र मयंक शर्मा, देवकीनंदन यादव, पंकज सूर्यवंशी, विशाल चौहान, प्रीति राठौड़, अनुचिए निसर्ग गायकवाड उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में पक्ष और विपक्ष को मिलाकर कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमे पक्ष में प्रथम दिव्यांशी परिहार, द्वितीय राधिका राठौर और कल्पना परमार तृतीय वहीं विपक्ष में प्रथम स्थान पर शेफाली पुष्पद द्वितीय भूमिका खन्ना तृतीय नेहल गोयल रहे। प्रथम द्वितीय और तृतीय आए समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कार में प्रमाण-पत्र, शील्ड एवं नगद राशि दी गई। क्लब द्वारा पक्ष-विपक्ष के प्रथम प्रतिभागी को 500 द्वितीय को 300 एवं तृतीय को 100 रुपए नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा ने क्लब के सदस्यों की सराहना की एवं उपस्थित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता तार्किक विश्लेषण और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करती हैं तथा प्रतिभाओं को मंच एक प्रदान करती हैं। इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन छात्र-छात्राओं के लिए आगे भी किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन इंटेलेक्चुअल क्लब के सदस्य छात्रा प्रीति राठौड एवं मयंक शर्मा तथा आभार प्रदर्शन छात्र देवकीनंदन यादव ने माना।

### मटेवा गांव में सनसनी, 20 वर्षीय युवती का शव फंदे पर झूलता मिला

**शाजापुर।** जिले के मोहन बड़ोदिया से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार की शाम एक हंसते-खेलते परिवार में उस वक्त कोहराम मच गया, जब घर की 20 वर्षीय बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। इस घटना ने पूरे मटेवा गांव को सन्न कर दिया। मामला मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के मटेवा गांव का है, जहां सोमवार शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच हंसा पिता बद्रीलाल मालवीय नामक युवती का शव अपने ही घर में फांसी पर लटका मिला। परिजनों की नजर जब फंदे पर लटकी बेटी पर पड़ी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वे आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

# कुंभकरण का बहरूपिया बनाकर कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

## किसानों की समस्याओं पर गरजी किसान कांग्रेस





दैनिक अवन्तिका » आगर मालवा

कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर के नेतृत्व में किसान कांग्रेस ने मंगलवार को किसानों की बढ़ती समस्याओं के समाधान को लेकर अनोखे और आकर्षक अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता अंबेडकर भवन, छावनी में एकत्रित हुए, जहाँ से एक भव्य रैली की शुरुआत की गई। रैली की सबसे बड़ी विशेषता रहीकृकुंभकरण का बहरूपिया, जिसके माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से यह संदेश दिया कि सरकार किसानों की समस्याओं पर कुंभकरण की नींद सो रही है। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी और हर स्थान पर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती रही।

**सरकार पर निष्क्रियता का आरोप-** कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ रही बिजली संकट, खाद की कमी और मुआवजे में हो रही देरी के बावजूद सरकार किसी ठोस समाधान की दिशा में कदम नहीं उठा रही है। कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि किसान बदहाली की कगार पर है लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। अपर कलेक्टर को सौंपा विस्तृत ज्ञापन- रैली के उपरांत जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर ने अपर कलेक्टर आर.पी. वर्मा से मुलाकात करउन्होंने ज्ञापन का वाचन किया और किसानों की समस्याओं पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान विजय लक्ष्मी तंवर ने कहाँ की- अगर बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो हम सोलर प्लेटों को तोड़कर फेंक देंगे, क्योंकि बिजली बाहर बेची जा रही है और किसान सिंचाई के लिए परेशान हो रहा है।

### ज्ञापन में शामिल प्रमुख माँगें

1. खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे फसलें प्रभावित न हों। 2. ग्रामीण क्षेत्रों में अबाधित और पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सिंचाई कार्य बाधित न हो। 3. प्राकृतिक आपदाओं से वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाए।

## खजुराहो के रिसॉर्ट में खाने से 3 कर्मचारियों की मौत, 5 गंभीर

**छतरपुर/ग्वालियर।** छतरपुर जिले के खजुराहो में गौतम रिसॉर्ट में खाना खाने के बाद कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ गई। 9 कर्मचारियों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया। ग्वालियर जाते समय दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि एक की जेएएच अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। मृतकों की पहचान रामस्वरूप कुशवाह, गिरजादेवी और प्रागी लाल के रूप में हुई। घायलों में दयाराम, हार्दिक, रवि, रोशनी और गोलू शामिल हैं। रवि, रोशनी और गोलू वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मौत का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। फॉरेंसिक विभाग के अनुसार, मौत फूड पॉइजनिंग से हुई या जहर से, यह तय करने के लिए केमिकल टेस्ट (बिसरा जांच) जरूरी है। तीनों शवों को बिसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मृतकों के परिजनों को 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। रिसॉर्ट को प्रशासन ने सील कर दिया है। रिसॉर्ट के मालिक विनोद कुमार गौतम वर्तमान में बेल्जियम में रहते हैं। एमपी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- जिस खजुराहो में कैबिनेट, उसी जिले में मौतें हो गईं, लेकिन सत्ता के महलों में बैठे मंत्री मौन हैं। 9 पीडित अस्पताल पहुंचाए गए, किंतु निर्लज्जता से भरी हुई निर्मम सरकारी कुर्सियां, उसी इलाके में सरकारी खर्चे पर मौज करती रहीं।

## होटल में राजस्थानी कपल का प्राइवेट वीडियो बनाया, 4 पर एफआईआर

**सीहोर।** सीहोर जिले के कुबेरेश्वर धाम क्षेत्र के एक होटल में ठहरे राजस्थान के कपल का प्राइवेट वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। युवक ने चोरी-छिपे वीडियो रिकॉर्ड कर अपने दोस्तों को भेज दिया। मामले में मंडी थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। कपल कुबेरेश्वर धाम दर्शन के लिए राजस्थान से सीहोर आया हुआ था और क्षेत्र के एक होटल में ठहरा था। इसी दौरान पास के एक अन्य होटल में काम करने वाले युवक ने कमरे की लाइट जलती और पर्दा खुला होने का फायदा उठाकर कपल का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने वीडियो अपने दोस्तों को भेज दिया, जिसके बाद वीडियो फैल गया। होटल डमरूवाला के मैनेजर कृष्णपाल उर्फ कृष्णा वर्मा ने 8 दिसंबर को मंडी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक सुमित पैरवाल के मोबाइल में कपल का आपत्तिजनक वीडियो मिला। पुष्टि होने पर पता चला कि वीडियो उसी कपल का है, जो उनके होटल में ठहरा था।

## रायसेन में फसल पर जमी ओस पचमढ़ी में झील के पानी से उठ रही भाप

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले 3 दिन कोल्ड वेव यानी शीतलहर का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, राजगढ, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, जबलपुर, सिवनी, शहडोल में मंगलवार को कोल्ड वेव और नरसिंहपुर में कोल्ड डे का असर है। कई शहरों में पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। इससे पहले सोमवार-मंगलवार की रात में पूरा प्रदेश कांप उठा। कढाके की ठंड की वजह से कई शहरों में रात का पारा लुढक गया। मंगलवार सुबह रायसेन में फसलों पर ओस की बूंद जम गई तो पचमढी में पारा 5 डिग्री पर पहुंच गया। यहां झील के पानी से भाप भी उठती नजर आई। भोपाल में सुबह से ठंड का तेज असर रहा। इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर में भी पारा 10 डिग्री से कम दर्ज किया गया। भोपाल में 7.2 डिग्री, इंदौर में 6.1, ग्वालियर में 9, उज्जैन में 9.5 और जबलपुर में तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार-मंगलवार की रात में राजगढ में 5.6 डिग्री, नौगांव में 6, उमरिया में 6.4, रीवा में 7.5, मलाजखंड में 7.6, बैतूल में 8.6, शिवपुरी-मंडला में 8, दतिया-खजुराहो में 9, नरसिंहपुर-सतना में 9.2, छिंदवाडा में 9.6, सीधी और टीकमगढ में 9.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## टीसी पर महिला को धक्का देने का आरोप, पैर कटा, घायल जिला अस्पताल रेफर

**कटनी।** कटनी-सिंगरौली रेल खंड पर स्थित खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह एक रेल हादसा हुआ। इसमें एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला ने आरोप लगाया है कि ट्रेन के टिकट चेकर (टीसी) ने उसे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया, जिससे उसका एक पैर कट गया और दूसरे पैर में भी गंभीर चोटें आई। घायल महिला की पहचान मीना सिंह (40 वर्ष) के रूप में हुई है। वह शहडोल जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र के डबरौहा गांव की निवासी हैं और नंद कुमार सिंह की पत्नी हैं। मीना सिंह मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे विजय सोता रेलवे स्टेशन से इंटरसिटी एक्सप्रेस (गाडी संख्या 11652) में सवार हुई थीं। वह मजदूरी के लिए करेली जा रही थीं। यह घटना तब हुई जब ट्रेन खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन पर थी। मीना सिंह के अनुसार, स्लीपर डिब्बे में एक टीसी ने उन्हें ट्रेन से धक्का दे दिया। इससे वह नीचे गिर गईं और ट्रेन के पहिए की चपेट में आ गईं। हादसे में उनका एक पैर कट गया है, जबकि दूसरे पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं।

## रातोंरात दो दोस्त बने लखपति, 50 लाख का हीरा मिला,पैसों से बहनों की शादी कराएंगे

**पन्ना।** पन्ना जिले में दो दोस्तों की मेहनत और उम्मीद रंग ले आई। कृष्णा कल्याणपुर क्षेत्र में 20 दिन पहले लगाई गई खदान से उन्हें 15.34 कैरेट का जेम्स क्वालिटी हीरा मिला है। इसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। हीरे को आगामी नीलामी में रखा जाएगा। रानीगंज निवासी सतीश खटीक (24) और उनके दोस्त साजिद मोहम्मद (23) ने संयुक्त रूप से हीरा कार्यालय से पट्टा बनवाकर कृष्णा कल्याणपुर की पटी क्षेत्र में खदान लगाई थी। कड़ी मेहनत के बाद उन्हें सोमवार को यह बड़ी सफलता मिली। मंगलवार को दोनों दोस्तों ने अपने साथियों के साथ मिलकर यह कीमती हीरा हीरा कार्यालय में विधिवत जमा कर दिया है। उन्होंने कहा कि पैसे मिलने पर पहले बहनों की शादी कराई जाएगी, फिर शेष रकम से नई खदान लगाने और अपने-अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में निवेश किया जाएगा।

## न्यूज-कॉलम

### 2 लाख 62 हजार 827 बहनों को मिले 39.42 करोड़ रुपये

**मन्दसौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को छतरपुर जिले के राजनगर से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत लाड़ली बहनों को 1500 प्रति बहन की दर से राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.एल. बिश्नोई ने बताया कि मंदसौर जिले में कुल 2 लाख 62 हजार 827 लाड़ली बहनों को आज 39.42 करोड़ की राशि का अंतरण किया गया। जिला स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी मनीष अटोडिया, सहायक संचालक आदि उपस्थित थे।

### बढ़ती ठंड के चलते आंगनवाड़ी केन्द्र का समय परिवर्तित

**मन्दसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा आदेशित किया गया है कि मंदसौर जिले में वर्तमान मौसम परिवर्तन के अंतर्गत शीत लहर एवं अधिक ठंड को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुविधा के दृष्टिगत आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। जारी आदेशानुसार आंगनवाड़ी केंद्र शीतकालीन अवधि में 15 फरवरी 2026 तक बच्चों के लिए प्रातः 10 से दोप. 3 बजे तक संचालित किए जाएंगे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए केंद्र का संचालन समय पूर्ववत शाम 5 बजे तक रहेगा। दोपहर 3 बजे के पश्चात आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र से संबंधित रिकॉर्ड संधारण, गृहभेंट एवं अन्य आवश्यक कार्य संपादित किए जाएंगे।

### कार की टक्कर से घायल बाईक सवार की मृत्यु

**मन्दसौर।** सीतामऊ के नाटाराम आम रोड़ स्थित एक निजी विद्यालय के सामने हुई कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में कार नं. एमपी 14 सीसी 6929 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा विगत ३ दिसम्बर की रात करीब 9.30 बजे का है। पुलिस ने इस हादसे के बारे में बताया कि घटना दिनांक को एक्सयूवी कार नं. एमपी 14 सीसी 6929 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक पर सवार सुनील पिता बापूलाल लुहार को टक्कर मार दी जिससे सुनील की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

### वाहन की टक्कर से पैदल जा रहा श्रमिक चम्बल में गिरा, हुई मौत

**मन्दसौर।** बीती रात में जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र की बसई की चम्बल पुलिया पर अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पैदल जा रहे श्रमिक को टक्कर मार दी जिससे श्रमिक चम्बल नदी में जा गिरा जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मंगलवार को पुलिस ने श्रमिक के शव को नदी से बाहर निकालकर उसका पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया। सुवासरा थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शिवकुमार पिता दीनानाथ निवासी बटवलिया जिला देवरिया उ.प्र. के रूप में की गई। बताया गया है कि श्रमिक शिवकुमार अपने साथियों के साथ चम्बल नदी पर चल रहे कार्यों में मजदूरी करने आया था।

### कलेक्टर ने आंगनवाडी केंद्र झांझरवाडा का निरीक्षण किया

**नीमच ।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जिले में आंगनवाडी केंद्रों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा के माडल के रूप में विकसित करने के लिए चलाए जा रहे हमारी आंगनवाडी, पोषण भी पढाई भी अभियान के तहत आंगनवाडी केंद्र झांझरवाडा का निरीक्षण कर आंगनवाडी में बच्चों को दी जा रही शाला पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। कलेक्टर ने इस निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी में बच्चों के बीच बैठकर उनसे वर्कबुक में अक्षरज्ञान, अंक ज्ञान, चित्र ज्ञान, फलों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने आंगनवाडी के छोटे-छोटे बच्चों से गिनती व ए.बी.सी.डी.पढवाकर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा और आंगनवाडी केंद्र में बच्चों को दी जा रही अर्ली चाईल्ड केयर एज्युकेशन की सराहना की। कलेक्टर ने बच्चो से गिनती पूछे तो नन्ही बालिका शिवानी ने उन्हें बीस तक की गिनती बताई। फलो के नाम बताए और पोयम भी सुनाई। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पण्ड्या एवं परियोजना अधिकारी ईरफान अंसारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्कूल मैजिक वेन के खाई में गिरने से छः विद्यार्थी घायल, पालकों ने किया स्कूल का घेराव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम





जिले के बड़ावदा में स्कूली बच्चों से भरी मैजिक सड़क से उतरकर खाई में पलट गई। मैजिक वैन बड़ावदा के प्राइवेट स्कूल की थी। जो कि स्कूल की छुट्?टी के बाद विद्यार्थियों को गांव छोडने जा रही थी। हादसे में कुछ बच्चे घायल हुए हैं। जिन्हें बड़ावदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, कुछ बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद जावरा रेफर किया है। घटना हादसा मंगलवार दोपहर करीब ३ बजे बड़ावदा से वीरपुरा के बीच सड़क मार्ग पर हुआ है।

हादसे की सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण व बड़ावदा पुलिस भी मौके पर पहुंची। बच्चों को मैजिक से निकाल डायल 112 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहीं जेसीबी की मदद से मैजिक को निकालने की कोशिश की जा रही है। छात्रा मनीषा ने बताया मैजिक में करीब 25 बच्चे थे। ड्राइवर सही गाड़ी चला रहे थे। अचानक क्या हुआ, कैसे हुआ पता नहीं चला।

**जावरा में एएसपी पहुंचे**

हादसे की सूचना मिलने पर ग्रामीण एएसपी विवेक कुमार, जावरा एसडीएम सुनील जायसवाल समेत अन्य अधिकारी जावरा अस्पताल में पहुंचे है। एएसपी विवेक कुमार ने बताया जावरा सिविल अस्पताल में 6 बच्चों व ड्रायवर को भर्ती कराया है। हादसे का कारण की जांच की जा रही है। घायलों में कक्षा 4 के राजवीर (10) पिता गिरीराज सिंह निवासी वीरपुरा, जिन्हें बाएं कंधे और सिर में अंदरूनी चोट आई है। कक्षा 3 की दिव्यांशी (8) पिता समरथ जाट निवासी वीरपुरा को ललाट और आंखों के बीच चोटें लगीं। कक्षा ९वीं की छात्रा निशा (15) पिता ओमप्रकाश जाट को नाक, ललाट और बाएं पैर में चोट आई है। वहीं कक्षा ९वीं की ही जयाकुंवर (15) पिता प्रेमसिंह राजपूत को होंठ और सिर में चोट लगी है। कक्षा 9वीं की मानसी कुंवर (14) पिता गिरिराज सिंह राज को सिर के पीछे और कमर पर चोट आई है। कक्षा 8वीं के छात्र चेतन (14) पिता समरथ चौधरी को सिर, गर्दन और दाहिने हाथ की कलाई में चोटें पहुंचीं। दुर्घटना में ड्राइवर मदन (45) पिता कनीराम निवासी बड़ावदा भी घायल हुए हैं, जिन्हें दाहिनी आंख, हाथ और पैर में चोट आई है।

**हादसे के बाद पेरेंट्स ने स्कूल का घेराव किया**

स्कूल का नाम डेस्टिनेशन पब्लिक स्कूल है। इसी स्कूल मैजिक आसपास के गांव वाले विद्यार्थियों को लेकर जा रही थी।हादसे के पालक आक्रोशित हो गए और स्कूल पहुंचकर हंगामा कर दिया।

# एडिशनल एसपी श्री खाखा के मार्गदर्शन में अल सुबह गुंडो, अस्थाई डेरों की जांच

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को विशेष चेकिंग अभियान चलाने, फरार अपराधियों की धरपकड़ करने तथा गुंडा जिला बदर बदमाशों की नियमित चेकिंग के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।

निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया के नेतृत्व में आज रतलाम शहर में प्रातःकालीन विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया, थाना प्रभारी स्टेशन रोड जितेंद्र सिंह जादौन, थाना प्रभारी माणकचौक पतिराम डावरे, थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र रतलाम सत्येंद्र रघुवंशी, थाना प्रभारी डीडी नगर उप निरीक्षक अनुराग यादव आदि पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



**अभियान के दौरान की गई प्रमुख कार्यवाही**

* शहर के सभी थानों पर पंजीबद्ध गुंडा एवं बदमाशों की चेकिंग की गई।
* लंबित प्रकरणों में स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी गई।
* शहर में बाहर से आकर अस्थायी डेरे डालकर रह रहे व्यक्तियों की व्यापक पड़ताल एवं सत्यापन किया गया।
* चेकिंग के दौरान थाना डीडी नगर के 2 फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।
* थाना स्टेशन रोड के अपराध में फरार आरोपी हर्ष कटोरा को भी दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।
* विभिन्न अपराधों में वांछित व फरार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।
* रतलाम पुलिस द्वारा शहर में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु ऐसे अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेंगे।



### वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में दिल्ली पहुंचने का दिया निमंत्रण

**मल्हारगढ़।**अखिलभारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आव्हान पर चुनावो में होरही धांधलियों,ईवीएम में गड़बड़ी, वोटरलिस्ट में पात्र मतादाताओ के नाम काटने तथा इस प्रकार से लोकतंत्र की हत्या करने के विरोध में 14 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे रामलीला मैदान दिल्ली में एक विशाल "वोट चोर गद्दी छोड़"महारैली का आयोजन होने जारहा है।इस महारैली को सफल बनाने को लेकर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कांग्रेसजनों को पीले चावल देकर दिल्ली महारैली में भाग लेने का निमंत्रण दिया।शर्मा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,मन्दसौर विधायक विपिन जैन,जिला कांग्रेस के प्रभारी मनोज राजानी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया के नेतृत्व में मल्हारगढ़ ब्लॉक से भी कांग्रेस जन दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे।शर्मा ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र में कोई विश्वास नही रह गया है भाजपा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के बनाये गए संविधान को खत्म करना चाहती विपक्ष के नेता राहुल जी गांधी इस लड़ाई को पूरी ताकत के साथ लड़ रहे है। भाजपा वोट चोरी से ही सत्ता तक पहुंच रही है।

# पशुपतिनाथ लोक का एक-एक इंच सुंदर और आकर्षक दिखाई दे

## कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान दिये निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



पशुपतिनाथ लोक में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कलेक्टर अदिती गर्ग ने मध्यप्रदेश टूरिज्म के अधिकारियों के साथ करते हुए निर्देश दिये कि पशुपतिनाथ लोक का एक-एक इंच सुंदर और आकर्षक दिखाई दे, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए।उन्होंने बताया कि पशुपतिनाथ लोक के समस्त लोक निर्माण कार्य अंतिम चरण है, निकासी, वॉशिंग, लाइटिंग एवं फाइनल चेकिंग का कार्य प्रगति पर है।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि नीचे धरातल पर पानी के फ्लो को ध्यान में रखते हुए फर्श का कार्य किया जाए। पिलर निर्माण एवं व्यवस्था की स्थिति का अवलोकन किया तथा लोक निर्माण में रंगों में किसी भी प्रकार का अंतर न रहे, इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पत्थरों को अच्छे से जोड़ा जाए एवं स्ट्रक्चर को इस प्रकार तैयार किया जाए कि हवा एवं पानी का कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

निरीक्षण के दौरान प्लांटेशन कार्य, हाई मास्ट लाइटिंग व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां अंधेरा है, वहां हाई मास्ट लाइट अनिवार्य रूप से लगाई जाए। इसके साथ ही रुद्राक्ष के स्ट्रक्चर, थिएटर, ऐतिहासिक दीवार, ड्रेनेज, पाइपलाइन एवं अन्य निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने परिसर में पड़े अनुपयोगी सामान को तत्काल हटाने, केमिकल ड्राय का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा बिजली से संबंधित शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम शिवलाल शाक्य भी उपस्थित थे।

# मंदसौर गौरव दिवस पर हुए देशभक्ति गीत संगीत कार्यक्रम

## बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, आतिशबाजी हुई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा 8 दिसंबर को मंदसौर नगर के गौरव दिवस पर तेलिया तालाब परिसर में भव्य आतिशबाजी की व संस्कृति दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के स्कूली विद्यार्थियों ने मंच पर रंगमंचीय व देशभक्ति गीत एवं संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सम्राट यशोधर्मन की संक्षिप्त जानकारी देते हुए नंदकिशोर राठौर ने मंदसौर गौरव गान गाया जिसे सभी ने सराहा। सेंट कबीर स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। फेनी जैन ने बांसुरी वादन किया। वेलकम शब्द की थीम पर सेंट थॉमस स्कूल के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। महेश त्रिवेदी ने स्वच्छता की थीम पर डेंगू की बीमारी को रोकने के लिये क्या-क्या किया जाये इस पर मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी। तेजकरण चौहान, लोकेन्द्र पाण्डे, हार्दिका दुबे, सिमरन बैलानी, नरेन्द्र सगोरी, संदीप चंदेल, स्वाति रिछावरा ने भी गीत प्रस्तुत किये। नंदकिशोर राठौर ने अपने द्वारा लिखित मंदसौर गौरव गान की तस्वीरे भेंट की।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित ने कहा कि गौरव दिवस, जिन महापुरूषों ने मंदसौर का गौरव बढ़ाया है उन्हें याद करने का सुनहरा अवसर है। पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने कहा कि आगामी कार्यक्रम में मंदसौर का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का नपा सम्मान हो इस दिशा में कार्य करेगी तो मंदसौर का नाम और बड़ेगा।

स्वागत उद्बोधन देते हुए नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा कि नपा परिषद आगामी कार्यक्रमों में सम्मान का कार्यक्रम जरूरी करेगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया विनित यादव ने भी अपने विचार रखे। स्वागत कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र त्रिवेदी एवं संस्कृति दर्शन कार्यक्रम का संचालन महेश त्रिवेदी ने किया। आभार नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला ने माना। इस दौरान नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 10 लाख मतदाताओं का हुआ डिजिटाइजेशन, 14 फरवरी को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

## 8323 नो मैपिंग मतदाता 7 फरवरी तक प्रस्तुत कर सकेंगे दस्तावेज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एकता जायसवाल द्वारा जानकारी दी गई कि, जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतर्गत मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रक्रिया में कुल 10 लाख 319 से अधिक मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया गया। जांच के दौरान ९ दिसम्बर 2025 की स्थिति मे 8328 मतदाताओं का रिकॉर्ड वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नहीं पाया गया। ऐसे सभी मतदाताओं को च्नो-मैपिंग श्रेणी में रखा गया है, जिनका स्वयं अथवा परिवार का कोई पूर्व रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं मिला है। वे समस्त मतदाता दिनांक 11 दिसम्बर 2025 तक भी अपना अथवा परिवार का 2003 तक रिकार्ड उपलब्ध करवा सकता है ।

जिला प्रशासन द्वारा नो मैपिंग मतदाताओं के रिकॉर्ड की एक माह तक तलाश की जाएगी। 16 दिसंबर के पश्चात इन सभी 8 हजार 328 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस प्राप्त होने के बाद ये मतदाता 16 दिसंबर से 7 फरवरी तक अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर जवाब दे सकेंगे। इस अवधि में उनकी सुनवाई की जाएगी तथा दस्तावेज जमा करने के लिए कुल 50 दिन का समय दिया जाएगा। निर्धारित अवधि में संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार इनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। 16 दिसंबर के बाद निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजस्व अमले प्रतिदिन लगभग 50 मामलों की सुनवाई की जाएगी।

इसके साथ ही जिले में आज दिनांक की स्थिति मे 53,340 ऐसे मतदाता चिन्हित किए गए हैं, जो मृत हो चुके हैं, अनुपस्थित हैं अथवा स्थानांतरित हो गए हैं। इन मतदाताओं के नाम भी 16 दिसंबर को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं रहेंगे। ऐसे मतदाताओं को पुनः नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 एवं घोषणा पत्र संबंधित बीएलओ को प्रस्तुत करना होगा। प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत निर्वाचन नियमों के अनुसार इनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। 16 दिसंबर को एसआईआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।



### जनसुनवाई में दिव्यांग देवेंद्र को मिली ई-ट्राईसाइकिल

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने जनसुनवाई के दौरान संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अस्थि बाधित दिव्यांगदेवेंद्र चौहान को तुरंत ई-ट्राईसाइकिल प्रदान की जिससे उसे आवागमन में होने वाली दैनिक परेशानियों से राहत मिलेगी। स्थानीय किला रोड़ देवेन्द्र ने गत मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान मन से मंदसौर वेबसाइट के माध्यम से ई-ट्राईसाइकिल के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन पर कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। मन से मंदसौर वेबसाइट के माध्यम से दानदाता डॉ. कुणाल राठौर ने दिव्यांग श्री चौहान को ई-ट्राईसाइकिल दान करने का निर्णय लिया, जिसे आज विधिवत रूप से प्रदान किया गया।इस मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती गर्ग एवं अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने 32 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न आवेदन एवं शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया।

### वेन से टक्कर मारकर मृत्यु कारित करने वाले आरोपी को 2 वर्ष का कारावास

**नीमच।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा द्वारा मारूती वेन को तेजगती व लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक सायकल चालक को टक्कर मारकर उसकी मृत्यु कारित करने वाले आरोपी अनिल पिता भेरूलाल राठौर, निवासी-नगर पालिका कॉलोनी, जिला मन्दसौर को धारा 304ए भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत ०२ वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री अरविंद थापक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 8 वर्ष पूर्व दिनांक 14.04.2017 को सुबह के लगभग 6 बजे मनासा-कुकड़ेश्वर रोड़ स्थित पेट्रौल पंप के पास की हैं। घटना दिनांक को मृतक दिनेश खाती सायकल से उसके खेत की तरफ जा रहा था कि आरोपी उसकी मारूती वेन को तजगति व लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया तथा मृतक की सायकल को टक्कर मारते हुवे उसके उपर मारूती वेन चढा दी थी, जिससे की मौके पर ही दिनेश की मृत्यु हो गई थी। घटना स्थल पर उपस्थित लोगो ने डायल 100 को बुलाया तथा मृतक को अस्पताल पँहुचाया था। पुलिस द्वारा घटना के संबंध में मर्ग कायम की गई तथा मर्गजाँच के उपरांत थाना मनासा में अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा आवश्यक विवेचना के उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभियोग-पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### लायंस क्लब के नेत्र-दंत परीक्षण शिविर में 150 बच्चों की हुई जांच



**मन्दसौर।** लायंस क्लब मन्दसौर द्वारा च्आओ खुशियाँ बाँटेंज् पहल के अंतर्गत आयोजित नेत्र व दंत जांच शिविर में नूतन हाई सेकेंडरी स्कूल के लगभग 150 बच्चों की निःशुल्क जांच हुई। शिविर में आंखों की जांच डॉ. मजहर हुसैन व दाँतों की जांच डॉ. रश्मि पमनानी ने की। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक प्रयासों से बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य बलजीत सिंह नारंग, सुरेंद्र नाहटा, डॉ. के सी श्रीमाल, सुनील बाफना, एड. गौरव रत्नावत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने किया, जबकि आभार क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने माना।

### अतिक्रमण हटाने के दौरान बाधा उत्पन्न करने वाले आरोपी को 1 साल की सजा

**मंदसौर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नारायणगढ़ प्रतिभा सोलंकी द्वारा आरोपी माणकलाल (31) पिता ओंकारलाल निवासी नारायणगढ़ को नगर परिषद के कर्मचारी के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के अपराध में दोषी पाते हुए 1 वर्ष के सश्रम कारावास से दण्डित किया गया है।सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बलराम सौलंकी ने बताया कि 27 जनवरी 2018 को फरियादी कैलाश, श्यामलाल, सुनील, विक्की, राकेश, विमल के द्वारा ग्राम नारायणगढ़ में नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाया जा रहा था। अभियुक्त माणकलाल द्वारा शासकीय भूमि पर लकड़ी पत्थर डालकर अतिक्रमण कर रखा था जिसे नगर परिषद में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा हटाने को कहा गया तो नहीं हटाया गया, तभी नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा अभियुक्त द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया जा रहा था तो अभियुक्त द्वारा नहीं हटाने दिया और नगर परिषद के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की जाकर उनके साथ गांली गलौच की गई थी। उक्त घटना की रिपोर्ट थाना नारायणगढ़ पर की गई। प्रकरण में पुलिस द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र पेश किया गया था।

### अहीर समाज ने श्रद्धा के साथ मनाई वीर राजा राव तुला राम जयंती

**नीमच।** नारायणी सेना अहीर यादव समाज, जिला नीमच द्वारा अहीर समाज के महान वीर–1857 के स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी राव तुला राम जी की जयंती आज श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाज द्वारा गांधी वाटिका में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य और युवा मौजूद रहे। सभी ने राव तुला राम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। हरियाणा के रेवाड़ी से अंग्रेजी शासन के खिलाफ संग्राम छेड़ने वाले राव तुला राम जी 1857 की क्रांति के प्रमुख नेतृत्वकताओं में से एक थे। बरसते गोले-बमों के बीच सेना का नेतृत्व, और भारत की आजादी के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जुटाने का उनका प्रयास–आज भी भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। काबुल में शहीद होने के बावजूद उनकी देशभक्ति अमर है और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है।



## श्री मनकामनेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन, होगा मंदिर परिसर का विस्तार

**सुसनेर।** डाक बंगला रोड स्थित सिंचाई विभाग परिसर में प्राचीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का सोमवार को विधिविधान के साथ भूमिपूजन संपन्न हुआ। आयोजित इस कार्यक्रम में श्री मनकामनेश्वर सेवा मंडल समिति के सदस्यों ने विधिविधान के अनुसार पूजा-अर्चना कर मंदिर के विकास कार्य की शुरूआत की। पूजा की क्रिया मंदिर के पुजारी पंडित दौलत रामशर्मा द्वारा संपन्न करवाई गई। भूमिपूजन से पूर्व सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा मनकामनेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। समिति अध्यक्ष घनश्याम पुष्पद ने बताया कि लंबे समय से रुके हुए निर्माण कार्य को पुनः शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर में कई सुधार और विकास कार्य किए जाएंगे, जिनमें मंदिर की मरम्मत, सजावट और परिसर का सुंदरीकरण शामिल है। इस अवसर पर समिति के सदस्य राजीव पाठक, सुरेश विश्वकर्मा, ललित मोदी, संजय चौहान, राहुल राठौर, निवास उपाध्याय भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा आगामी समय में मंदिर परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों के लिए सुविधाओं का निर्माण भी किया जाएगा।

### अस्मिता वूमेंस पेंचक सिलाट मार्शल

## आर्ट्स स्टेट प्रतियोगिता में खिलाड़ी छात्राओं ने स्वर्ण एवं रजत पदक जीता



**ब्यावरा।** अस्मिता वूमेंस पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट्स स्टेट प्रतियोगिता गत दिवस नागदा- उज्जैन में आयोजित हुई। जिसमे विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा की खिलाड़ी निकिता पिता राधेश्याम गौड़ और दीक्षा पिता कन्हैयालाल दांगी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता एवं अर्शिता पिता मोहन दांगी ने रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री के माध्यम से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा संचालित की गई थी। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन वेस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिसमे खिलाड़ियों को सरकार के द्वारा राशि गोल्ड, सिलवर, ब्रॉन्ज पदक पर क्रमशः 8000, 6000 और 4000 रुपए की राशि दी जाएगी। यह वेस्ट जोन प्रतियोगिता आने वाले माह में आयोजित होगी। इस अवसर पर विद्यालय संचालक शिवम चंद्रवंशी, प्राचार्या अंकिता गुप्ता, कोच धर्मराज दांगी व समस्त विद्यालय परिवार व इष्ट मित्रों आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी खिलाड़ियों का फुल- माला व मिठाई से स्वागत किया। यह प्रतियोगिता बालिकाओं को आत्म निर्भर सशक्त बनाने हेतु एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने एवं बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा यह प्रतियोगिता संचालित की जा रही है।

### नियमित भ्रमण कर सूरक्षा व्यवस्था मजबूत रखे

## पुलिस अधीक्षक ने प्रकरणों की समीक्षा



**शुजालपुर।** पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत ने सोमवार को थाना शुजालपुर सिटी एवं शुजालपुर मंडी की संयुक्त बैठक ली। बैठक में दोनों थानों में दर्ज विभिन्न पेंडिंग अपराध, चालान, मर्ग एवं गुम इंसान प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण की प्रगति पर संबंधित विवेचकों को शीघ्र निकाल के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा गंभीर एवं लंबित मामलों में विशेष प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र में पुलिस की सतत पेट्रोलिंग बनाए रखने एवं रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए थाना प्रभारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक राजपूत ने कर्मचारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, गशत व्यवस्था तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## सीएम राइज की छात्रा का शव रेलवे पटरी पर मिला दुर्घटना की आशंका

**शुजालपुर।** शहर स्थित सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय की कक्षा 12वी में पढ़ने वाली ग्रामीण अंचल की 15 वर्षीय छात्रा



का शव शुजालपुर रेलवे स्टेशन से कालापीपल की और भूगोर गांव के समीप रेलवे पटरी पर मिला। छात्रा के सिर में चोट का निशान था एवं छात्रा की पहचान उसके पास मिले पहचान पत्र से हुई। यह घटना सोमवार को दोपहर में 12 से 1 के बीच होना बताई गई। पुलिस ने शव का परीक्षण कराकर मर्ग कायम करते हुए शव परिजनों को सौपा। मिली जानकारी अनुसार मृतका सताक्षी बकोदिया पिता मुकेश बकोदिया निवासी पंचदेहरिया सीएम राइज शुजालपुर में कला संकाय से कक्षा 12वी में अध्ययनरत थी। यह छात्रा सोमवार को स्कूल पहुंची थी और 11.30 बजे स्कूल से निकली, इस छात्रा को 11.30 से 12 बजे तक अतिरिक्त कक्षा में भी शामिल होना था लेकिन सताक्षी ने अपनी सहेली से बैंक में काम होने की बात कहकर निकली। सताक्षी बीटीआई परिसर स्थित छात्रावास में रहकर स्कूल आना जाना करती थी। इस छात्रा के निधन की खबर से सीएम राइज विद्यालय में शोक छा गया।

### सर्दी के सितम के बीच प्रशासनिक लापरवाही

# शहर में न तो रेन बसेरे के ताले खुले, न हुए अलाव जलाने के लिए प्रबंध

### गिरते तापमान के बीच खुले आसमान के नीचे रात बिता रहे मुसाफिर और बेसहारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर




सर्दी के सितम के बीच प्रशासनिक लापरवाही भी चरम पर है। मानो मानवीय संवेदनाएं बर्फ की तरह जम चुकी है। जब शहरवासी रात-9 बजे से घरों में दुबक रहे तो वही दूर-दराज से आए मुसाफिर और शहर में भटकते बेघर और बेसहारा लोग खुले आसमान के नीचे राते काटने को मजबूर है, जिनको देखने वाला कोई नजर नहीं आता है।

यह सब तक हो रहा है जबकि नपा का बस स्टैंड पर रेन बसेरा है लेकिन बस के यात्री प्रतीक्षालय में बने नाम मात्र के रेन बसेरे में ताला लगा है। इसमें ताला लगा होने से लोगों को रात में रुकने के लिए परेशान होना पडता है। महिलाएं या बच्चे हों तो उनकी परेशानी और अधिक बढ जाती है। दूर दराज के इलाकों से शहर में आने वाले गरीब तबके के लोगों को रात में वापस जाने के लिए कोई वाहन नहीं मिलता तो उन्हें मंदिर या फिर फुटपाथ पर ही रात गुजारना पडती है या फिर वह लॉज, होटलों में रात गुजारते हैं, लेकिन सडकों पर रात बिताने वाले मुसाफिर खुद वहां सुरक्षित नहीं रहते। यदि उनके साथ महिलाएं हो तो रात के समय असामाजिक तत्व परेशान करते हैं। दिसम्बर में जहां एक ओर ठंड दिनों-दिन बढती जा रही है और ठंड से जरूरतमंदों को निजात दिलाने स्थानीय प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की रत्ती भर भी कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसके चलते लोग खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर होते हैं।

### नहीं है रेन बसेरा की व्यवस्था

प्रशासन ने शहर में अब तक रैन बसेरा नही बनाया है ना ही आश्रय स्थल बनाया गया है। बस स्टैंड पर पूर्व में नपा द्वारा बनाए गए छोटे से रेन बसेरे में भी हमेशा ताला जडा रहता है, इसलिए वह भी अनुपयोगी के सामान ही है। हालात यह है कि इस वर्ष बस स्टैंड के यात्री प्रतिक्षालय में अभी तक न तो गरीब बेसहारा जरूरतमंद लोगों के रुकने की व्यवस्था की गई है और न ही कोई अन्य इंतजाम बस स्टैंड होते हुए नजर आए है। ऐसे में गरीब जरूरतमंद लोग ठंड में ठूठर रहे है। जिसके कारण लोगो की जान भी जा सकती है। लेकिन इसके बाद भी अधिकारियों का इस और ध्यान नही है। ऐसे में गरीब बेसहारा लोग परेशान हो रहे हैं।

### निराश्रित लोग भी हो रहे परेशान

बाहर से आने वाले लोग सहित निराश्रित जरूरतमंद बेसहारा गरीब तबके के लोगों को ठंड में ठिठुरना पड रहा है। नगर पालिका द्वारा बनाए जाने वाले अस्थाई रैन बसेरा के अब तक नहीं बनाए जाने से बेसहारा लोग फुटपाथ पर रात बिताने को मजबूर हैं। इस कडाके की ठंड के चलते किसी की जान भी जा सकती है, बावजूद इसके किसी प्रकार का कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके कारण ठंड में निराश्रित लोगों को परेशान होना पड रहा है।

### रात में सर्दी फिर भी नहीं बने रैन बसेरे

तत्कालीन परिषद के कार्यकाल में यात्री प्रतिक्षालय में आश्रय स्थल बनाया गया था गरीबों के सोने के लिए रजाई गद्दे भी रखे गए थे लेकिन इस वर्ष यात्री प्रतिक्षालय में रेन बसेरा, आश्रय स्थल नहीं बनाया गया है। लोगों ने कलेक्टर से मांग की है कि कडाके की ठंड को देखते हुए यात्री प्रतिक्षालय में रैन बसेरा (आश्रय स्थल) बनाया जाए।

### अभी तक अलाव की व्यवस्था भी नहीं

नियमानुसार सर्दी के बढ़ने के साथ ही नगर में लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए नगरपालिका को अलाव जलाने के लिए लकडियों की व्यवस्था करनी चाहिये, ताकि जरुरी काम से आने वाले और बाहर से आने वाले लोगों को सर्दी से निजात मिले, लेकिन अभी तक ऐसा शहर में नहीं किया गया है।

### बोले जिम्मेदार

हमारी परिषद के कार्यकाल के दौरान बस स्टैंड पर रेन बसेरा की व्यवस्था कर गरीबो, मुसाफिरों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वर्तमान में नपा इस और ध्यान नहीं दे रही है। यह नपा की लापरवाही है।

**रुपल प्रमोद सादानी, पूर्व नपाध्यक्ष, सारंगपुर।**

यात्री प्रतीक्षालय में बने रेन बसेरे में यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था को लेकर अमले को निर्देशित किया जाएगा। बस स्टैंड सहित मुख्य चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था भी कराएंगे।

**ज्योति सुनहरे, सीएमओ, नगरपालिका परिषद, सारंगपुर।**

### जैन पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा व अभियान मुस्कान का सफल आयोजन

# अपराध के विभिन्न तरीकों में सबसे ज्वलंत मुद्दा है साइबर क्राइम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



वर्तमान में हम विज्ञान व तकनीकी युग में विकास के पथ पर अग्रसर तो हो रहे हैं परंतु वैचारिक प्रदूषण से भी ग्रस्त होते जा रहे हैं और इसका परिणाम है कि आज विद्यार्थी भी जाने अनजाने अपराध करने लगते हैं । अपराध के विभिन्न तरीकों में सबसे ज्वलंत मुद्दा है साइबर क्राइम का। इस प्रकरण में विद्यार्थियों को निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षक व पुलिस विभाग की मदद लेना चाहिए। जिससे छात्र अपने वर्तमान और भविष्य को सुखद, सफल एवं सुरक्षित बना सकते हैं ।

उक्त जानकारी जेजीआई ग्रुप बैंगलोर द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल बड़नगर (ढोलाना) में साइबर सुरक्षा के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन ने विद्यार्थियों को प्रदान की। इस अवसर पर एस आई चांदनी पाटीदार ने छोटे बच्चों विशेष कर स्कूली बच्चों से संबंधित अपराधों के संदर्भ में विशेष जानकारी देते हुए अभियान मुस्कान के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन किया । साइबर सुरक्षा व अपराध के विषय में एसडीओपी महेंद्रसिंह परमार ने भी विद्यार्थियों के समक्ष अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि विद्यार्थियों के सामने साइबर अपराध जैसी स्थिति निर्मित होती है तो उसे सावधन व सतर्क रहते हुए निडरता से बड़ों का मार्गदर्शन लेना चाहिए ।इसी विषय को आगे बढ़ाते हुए थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने समाज में घट रही आपराधिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों का संबोधित किया ।साइबर सुरक्षा के इस आयोजन के परिप्रेक्ष्य में संस्था निदेशक अंकित वोहरा ने कहा कि इस प्रकार के सत्र निश्चित तौर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें सुरक्षा प्रदान करते हुए सम्मानीय जीवन की ओर अग्रसर करेंगे ।आयोजन में अतिथि महानुभाव का संस्था प्राचार्या सपना द्वारा स्मृति चिह्न और विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग भेंटकर अभिनंदन किया गया। आयोजन के अंतर्गत साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न मंच में विद्यार्थियों ने बड़-चढ़कर हिस्सा लिया। जानकारी शिक्षक इंद्रजीत उपाध्याय ने दी।

## स्वाभिमान के रूप में पेंशनर्स डे 17 दिसम्बर को होगा आयोजन

**सारंगपुर।** भारतवर्ष में हर साल 17 दिसंबर को पेंशनभोगियों का दिवस मनाया जाता है। यह दिन सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों का सम्मान करने और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले डीएस नाकारा को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने 17 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के माध्यम से पेंशनभोगियों की गरिमा और शालीनता सुनिश्चित करने के लिए लडाई लडी थी। ऐसे परोपकारी महान व्यक्तित्व के धनी को भुलाया नहीं जा सकता। पेंशनभोगी दिवस 17 दिसंबर को डीएस नाकारा के सम्मान में मनाया जाता है संपूर्ण भारतवर्ष के साथ स्वाभिमान दिवस के रूप में पेंशनर्स डे स्थानीय शाखा सारंगपुर भी दिनांक 17 दिसंबर 5 को स्थानीय साई मंदिर परिसर पर दोपहर पश्चात 1:30 बजे मनाया जाएगा। यह जानकारी मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव एवं सारंगपुर शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार एवं सचिव नंदकिशोर सोनी ने देते हुए उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 21 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले वार्षिक जिला स्तरीय पेंशनर्स सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर भी विस्तार से चर्चा कर उसे मूर्त रूप दिया जाएगा। यह भी बताया इस वर्ष सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को उनसे घर घर संपर्क करते हुए उन्हें संघ का सदस्य बनाया जा रहा है। सचिव सोनी ने इस आयोजन में अत्यधिक संख्या में सदस्यों को उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## 12 को अन्नकूट का आयोजन

**सुसनेर।** हनुमान अष्टमी के अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में 12 दिसंबर को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। दोपहर 1 बजे सुंदरकांड का आयोजन होगा जिसके बाद शाम 5 बजे महाआरती के बाद प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा तैयारियां की जा रही है।

## युवक से मारपीट, चार पर मामला दर्ज

**शुजालपुर।** पुलिस थाना मंडी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम डाबरी में रविवार की रात्रि में एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट की। पुलिस को फरियादी अभिषेक मालवीय पिता कुमेरसिंह 18 वर्ष निवासी डाबरी ने बताया कि वह गांव में जगदीश सूयवंशी की किराने की दुकान के सामने रात्रि 10 बजे बैठा हुआ था तभी गांव के आमीन पिता शाहबुद्दीन, खालिद पिता शाहबुद्दीन, इकरार पिता शाहबुद्दीन तीनों आए और पुरानी रंजीश के चलते मारपीट की, जिससे पेरों में चोटे आई। जब गांव का सुनिल मालवीय बीच बचाव करने लगा तो अरबाज पिता फारूक खान भी आ गया और सुनिल के साथ मारपीट की। पुलिस ने शिकायत पर चारों लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया।

# लूट की आरोपी गैंग गिरफ्तार, सोने की मुरकी बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़



राजगढ़ जिले में अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण हेतु एसपी के निर्देशन में चोरी व लूट जैसे अपराधों की रोकथाम एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खिलचीपुर धर्मवीर नागर के मार्गदर्शन में 2 अलग अलग प्रकरणों में खिलचीपुर पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति से सोने की बालियां लूटने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गत दिनों फरियादी मांगीलाल तंवर ने रिपोर्ट की कि दो व्यक्तियों ने उनके कान से सोने की दो बालियां छीन लीं। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 440/2025, धारा 309(6) पंजीबद्ध किया। वही एक किराना व्यापारी श्यामसुंदर पिता भवरलाल गुप्ता निवासी पीपली बाजार खिलचीपुर ने रिपोर्ट की कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनसे रुपए से भरा बैग लूटने का प्रयास किया। इस पर भी पुलिस ने अपराध दर्ज किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु साइबर सेल, सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण तथा सूचना तंत्र को सक्रिय किया। प्राप्त साक्ष्यों एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया

जाँच मे पाया गया कि बुजुर्ग व्यक्ति मागीलाल तंवर से सोने की बालियां लूटने वाली घटना मदन पिता पुरीलाल तंवर व फुलसिह पिता शिवसिह तंवर ने उक्त घटना को अंजाम देते हुए सोने की बालिया राजेन्द्र उर्फ राजु पिता कल्याण सेन को बेची थी एवं किराना व्यापारी श्याम सुदंर गुप्ता से रूपयों का बैग लूटने का प्रयास वाली घटना में मदन पिता पुरीलाल तंवर ने नारायण पिता मागीलाल तंवर के साथ घटना को अंजाम दिया था ।

पुलिस ने अब तो दोनों घटनाओं में आरोपी मदन पिता पूरीलाल तंवर निवासी मोतीपुरा, नारायण पिता मांगीलाल तंवर, निवासी कुशलपुरा थाना भोजपुर और आभूषण खरीदने वाले राजेंद्र उर्फ राजू पिता कल्याण प्रसाद सेन, निवासी घाटोली को गिरफ्तार कर लिया जबकि आरोपी फूलसिंह पिता शिवसिंह तंवर निवासी हरिपुरा जागीर, थाना भोजपुर फरार हो गया। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपियों के पास से सोने की मुरकी, बालियां जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रु है। पुलिस द्वारा फरियादी श्यामसुदंर गुप्ता जिन्होने हिम्मत दिखाते हुए आरोपियों का विरोध किया, जिससे आरोपी मौके से भागने पर मजबूर हुए। उनके साहस की सराहना करते हुए राजगढ़ पुलिस द्वारा उन्हें पुलिस शौर्य साथी के रूप में सम्मानित किया गया।

## थैलेसीमिया जन जागरण समिति इंदौर संभाग अध्यक्ष बने आंजना

**खाचरौद।** 10 वर्षों से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं



पीड़ितों को रक्त पहुंचाने का कार्य करने वाले रक्त मित्र एवं संजीवनी अध्यक्ष रवि आंजना को उनके उत्कृष्ट कार्यों के फल स्वरुप थैलेसीमिया जन जागरण समिति द्वारा इंदौर संभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। रवि कई वर्षों से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित कर उन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे थे वहीं अधिक से अधिक संख्या में संजीवनी फाउंडेशन के माध्यम से गांव-गांव में जाकर रक्त शिविर का आयोजन कर पीड़ितों को रक्त पहुंचाते हैं। उन्होंने कई गांव में युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। जिसके फल स्वरुप उन्हें आज यह महति जिम्मेदारी सौंपी गई है। इंदौर संभाग अध्यक्ष बनने के बाद रवि आंजना को इंदौर सहित धार, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर एवं अलीराजपुर आदि जिलों की जिम्मेदारी रहेगी।

## एसआईआर कार्य की समीक्षा




**मक्सी।** नवीन सेकेंडरी स्कूल भवन झौकर नगर मे मतदान केंद्र,267,268,269,270,271,272,,273 झोकर में बी एल ए, बी एल ओ, इ 2 सुपरवाइजर संयुक्त के साथ बैठक कर एसआईआर की समीक्षा की, मतदाताओं की जानकारी ली एव मतदान सूची का वाचन किया गया बैठक मे सभी निर्वाचन आयोग के तथा नगर के जनप्रतिनिधि नगर वासी बैठक में उपस्थित हुए।

## फोटो निर्वाचन नामावली की मतदाता केंद्र भवन पर चर्चा

**मक्सी।** फोटो निर्वाचन नामावली 2026 के अंतर्गत



शाजापुर विधानसभा मतदान केंद्र 262 स्टेशन रोड मक्सी मतदान केंद्र पर बी. एल.ओ. एवं बी.एल.ए. की संयुक्त बैठक में उपस्थित होकर ASD एवं No mapping सूची की जानकारी ली गई साथ वचन एवं मतदाता केंद्र भवन पर चर्चा की गई।

### नशे से दूर रहने का संदेश दिया

## विद्यालय में हुआ विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर



**शुजालपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निदेर्शानुसार एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तृतीय जिला न्यायाधीश शुजालपुर सपना पोर्ते के निर्देशन में शहर के निजी स्कूल में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन कर स्कूल के छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त शिविर में न्यायाधीश शुजालपुर अन्नपूर्णा भदौरिया ने शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा पीडितों के लिए विधिक सेवा योजना के बारे में बताते हुए बच्चों को नशे की लत से दूर रहने का संदेश दिया। इसके साथ ही बच्चों को उनके बाल अधिकार एवं कतव्यों के बारे में भी विस्तार से समझाते हुए यातायात नियमों का पालन करने के बारे में भी समझाईश दी गई। न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि संविधान हमारे अधिकारों की रक्षा करता है और हमारे कर्तव्यों के बारे में भी हमें बताता है। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश के साथ विधिक सेवा समिति शुजालपुर न्यायालय के कर्मचारी शुभम राजावत, भोजराज कारपेंटर, व सामाजिक कार्यकर्ता अभिनंदन जैन सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## हनुमान अष्टमी पर डेलनपुर बालाजी सरकार जायेंगे पदयात्री

**महिदपुर रोड।** 12 दिसंबर को हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर नगर से बड़ी संख्या में श्री राम तथा हनुमान के भक्ति बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक श्रीराम हनुमान मंदिर से पैदल डेलनपुर स्थित बालाजी सरकार के दर्शन करने तथा वहां आयोजित धार्मिक आयोजनों में शामिल होने जायेंगे। उक्त जानकारी पैदल यात्री संघ के सदस्यों ने देते हुए बताया प्रतिवर्ष यहां से हनुमान अष्टमी में डेलनपुर बाला जी सरकार के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने श्रद्धालु पैदल जय कारे लगाते हुए जाते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पैदल वहां जाने की जानकारी मिली है

## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को होगी

**सुसनेर।** जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं चयन प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित होगी। जिसके प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय ने बताया कि विद्यालय में कक्षा छठवीं प्रवेश परीक्षा जिले की चारों ब्लॉक के 9 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। ध्यान रखें परीक्षा का केंद्र पेपर का माध्यम एवं जन्म तारीख में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।



अगर आप क्रिसमस के मौके पर एकदम प्रिंसेस लुक पाना चाहती हैं तो यहां हम आपको लाल रंग की ड्रेसेस का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाएंगे।

# ये रेड ड्रेसेस आपको क्रिसमस पर देंगी रॉयल प्रिंसेस लुक

क्रिसमस एक ऐसा ऐसा त्योहार है जिसका इंतजार दुनिया भर के लोग पूरे साल करते हैं। 25 दिसंबर को मनाया जाने वाला ये त्योहार न सिर्फ खुशियों और प्यार का संदेश देता है, बल्कि साल के आखिरी बड़े उत्सव के रूप में लोगों के दिलों में एक खास जगह रखता है। इसी वजह से इसकी तैयारियां कई दिनों पहले ही शुरू हो जाती हैं.....घरों की सजावट से लेकर खास भोजन तक, हर चीज में एक अलग ही उत्साह नजर आता है।

क्रिसमस के दिन लोग परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ पार्टी और गेट-टुगेदर आयोजित करते हैं, जहां हर कोई अपने सबसे खूबसूरत आउटफिट में नजर आता है।

खासकर महिलाएं इस दिन एकदम प्रिंसेस लुक पाने के लिए रेड कलर की ड्रेसेस को ज्यादा पसंद करती हैं, क्योंकि ये त्योहार की थीम से भी पूरी तरह मेल खाती हैं और लुक में एक अलग शाइन जोड़ती हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए हम आपके लिए रेड ड्रेसेस का लेटेस्ट कलेक्शन और उनके साथ पूरा लुक तैयार करने के टिप्स लेकर आए हैं।



## पहला लुक

इस तरह की कोर्सेट वाली ड्रेस देखने में बेहद खूबसूरत लगती है। इसके साथ लाल रंग की ही बॉडीकॉन स्कर्ट पहनें और अपना खूबसूरत अंदाज दिखाएं। अगर आप अपने बालों को खुला रखकर कर्ल करेंगी तो आपका लुक अच्छा दिखेगा। इसके साथ मेकअप मिनिमल करें।



## दूसरा लुक

ग्लैमरस दिखना पसंद है तो इस तरह की लाल ड्रेस पहनें। ऐसी ड्रेस के साथ बालों को स्लीक स्टाइल में कैरी करने की बजाय खुला रखें। जैसे कि आप अपने बालों को सॉफ्ट कर्ल करके खुला रख सकती हैं। पैरों में प्वाइंट्स हील्स पहनेंगी तो लुक प्यारा दिखेगा। इसके अलावा ऐसी ड्रेस के साथ न्यूड लुक भी कमाल का लगेगा।

## तीसरा लुक

ऐसी ऑफ शोल्डर लाल रंग की ड्रेस भी आप कैरी कर सकती है। अगर इस तरह की ड्रेस कैरी करनी है तो अपनी हेयर स्टाइल को थोड़ा अलग रखें। जैसे आप अनन्या की तरह ही स्लीक स्टाइल कैरी कर सकते हैं। इसके साथ पैरों में हील्क अवश्य पहनें, उससे लुक पूरा होगा।



## चौथा लुक

बॉडीकॉन ड्रेसस भी देखने में बेहद प्यारी लगती हैं। ऐसे में आप इसे भी कैरी कर सकती हैं। ऐसी बॉडीकॉन ड्रेस आपको बेहद आसानी से बाजार में मिल जाएगी। आप इसे ऑफ लाइन भी खरीद सकती हैं। इससे भी आपका लुक अच्छा दिखेगा।



## पांचवा लुक

ऐसा फ्लोर लेंथ वाला गाउन उन महिलाओं के लिए परफेक्ट हैं जो शॉर्ट ड्रेस पहनना पसंद नहीं करतीं। फ्लोर लेंथ वाला गाउन काफी रॉयल लुक देने का काम करता है। तो अगर कहीं इन हाउस पार्टी है तो इस तरह की ड्रेस पहनें। इसके साथ भी बालों को सॉफ्ट कर्ल करके खुला ही रखें।

# क्या सर्दी के मौसम फेशियल कराना चाहिए? जानें सही जवाब

फेशियल से चेहरा खिल उठता है, पर अगर इसे कराते समय मौसम का ध्यान अवश्य रखें। ऐसा नहीं करने पर आपको इसके नुकसान भी हो सकते हैं।



सर्दियों का मौसम खूबसूरती और त्वचा की देखभाल के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। हालांकि, हर मौसम में फेशियल कराने के फायदे अलग होते हैं। सर्दियों में फेशियल से लाभ तो मिलते हैं, लेकिन कुछ सावधानियां न लेने पर नुकसान भी हो सकता है। गलत उत्पादों या अत्यधिक मसाज त्वचा को और रूखा या संवेदनशील बना सकते हैं। इसलिए सर्दियों में फेशियल कराने से पहले सही तकनीक, उपयुक्त प्रोडक्ट और त्वचा विशेषज्ञ की सलाह लेना जरूरी है।

## ये हैं फायदे

सर्दियों में फेशियल कराने के कई फायदे होते हैं। ठंडी हवाओं और कम नमी के कारण त्वचा अक्सर रूखी और संवेदनशील हो जाती है, ऐसे में फेशियल त्वचा में आवश्यक नमी और पोषण प्रदान करता है। यह मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाकर त्वचा को नरम, मुलायम और चमकदार बनाता है।

फेशियल से रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे चेहरे पर ताजगी और स्वस्थ रंगत आती है। सर्दियों में सही उत्पादों के साथ किया गया फेशियल झुर्रियों को कम करने और ड्राई स्किन की समस्याओं को दूर करने में भी मदद करता है। इसके अलावा, फेस मास्क और मसाज त्वचा की इलास्टिसिटी बढ़ाने और टोन सुधारने में सहायक होते हैं।

## ये है नुकसान

हालांकि सर्दियों में फेशियल कई फायदे देता है, लेकिन गलत तरीके से या गलत उत्पादों का इस्तेमाल नुकसान भी पहुंचा सकता है। अत्यधिक मसाज या ओवर-एक्सफोलिएशन से त्वचा में लालिमा, जलन और संवेदनशीलता बढ़ सकती है। कुछ त्वचा पर एलर्जी या रैशेज भी हो सकते हैं।

अगर हाइजीन का ध्यान नहीं रखा गया तो संक्रमण का खतरा भी रहता है। इसके अलावा, अत्यधिक ड्राई या ठंडी त्वचा पर गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग त्वचा को और अधिक रूखा बना सकता है। इसलिए फेशियल कराने से पहले सही तकनीक, उपयुक्त उत्पाद और त्वचा विशेषज्ञ की सलाह लेना जरूरी है।

## फेशियल कराएं या नहीं ?

अगर आपकी त्वचा सामान्य, ड्राई या थोड़ी रफ है, तो फेशियल आपके लिए फायदेमंद रहेगा............ये नमी बढ़ाता है, ग्लो देता है और त्वचा को स्मूद बनाता है लेकिन अगर आपकी त्वचा बहुत सेंसिटिव, एलर्जी-प्रोन या एक्ने वाली है, तो हर फेशियल आपके लिए सुरक्षित नहीं होता। ऐसे में हल्के, हाइड्रेटिंग और केमिकल-फ्री फेशियल ही करवाएं।



हेजलवुड के बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी यूनिट को झटका जरूर लगा है, लेकिन कमिंस की वापसी टीम को बड़ी मजबूती दे सकती है। वहीं इंग्लैंड के लिए अब हर मैच करो या मरो जैसा है।

# ऑस्ट्रेलिया को झटका, हेजलवुड बाकी बचे मैच भी नहीं खेल पाएंगे

### अगले टेस्ट में कप्तान कमिंस की वापसी तय



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को बड़ी चोट के चलते पूरी एशेज सीरीज से बाहर कर दिया गया है। उन्हें हैमस्ट्रिंग और एकिलीज टेंडन की समस्या है, जिसके कारण वह पहले ही पर्थ और ब्रिस्बेन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए शुरूआती दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई फैंस के लिए एक राहत की खबर है कि कप्तान पैट कमिंस अगले मैच में वापसी कर सकते हैं। उन्हें क्लीयरेंस मिल चुका है।

## अब लक्ष्य टी20 वर्ल्ड कप पर

टीम मैनेजमेंट और फैंस को उम्मीद थी कि हेजलवुड सीरीज के आगे के मैचों में वापसी कर पाएंगे, लेकिन मेडिकल अपडेट के बाद यह स्पष्ट हो गया कि उनकी रिकवरी में अभी और समय लगेगा। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने मंगलवार को जानकारी दी कि हेजलवुड अब अपना पूरा ध्यान अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी पर लगाएंगे।

मैकडॉनल्ड ने कहा, 'वह अब एशेज सीरीज में उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनकी तैयारी अब टी20 वर्ल्ड कप की ओर शिफ्ट होगी, जो हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण टूनामेंट है।' उन्होंने आगे कहा कि यह निर्णय हेजलवुड और टीम, दोनों के लिए निराशाजनक है। मैकडॉनल्ड ने कहा, 'ये काफी निराशाजनक है, क्योंकि हमें उम्मीद नहीं थी कि उनकी चोट इतनी लंबी चलेगी। हमें लगा था कि वह इस सीरीज में बड़ा योगदान देंगे।'

## कमिंस की वापसी से राहत

हेजलवुड की अनुपस्थिति के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए एक राहत की खबर यह है कि कप्तान पैट कमिंस की वापसी तय मानी जा रही है। कमिंस पीठ की समस्या के कारण पहले दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे। 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने हाल ही में ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया और उनकी फिटनेस में सुधार देखा गया है। तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होगा और उम्मीद है कि वह टीम की कप्तानी करते हुए खेलेंगे। मैकडॉनल्ड ने कहा, 'हमने उनकी फिटनेस में अच्छा सुधार देखा है और हमें पूरा भरोसा है कि वह एडिलेड टेस्ट के लिए तैयार रहेंगे।'

यह पूरा मामला क्रिकेट के मैदान जितना ही मनोरंजक बन गया। जो रूट के शतक ने न सिर्फ इंग्लैंड की उम्मीदें बनाए रखीं, बल्कि एक पूर्व क्रिकेटर को सार्वजनिक शर्मिंदगी से भी बचाया। वहीं, ग्रेस हेडन की प्रतिक्रिया ने क्रिकेट फैंस के चेहरे पर मुस्कान ला दी।

# 'फिर ऐसा किया तो रिश्ता खत्म', रूट वाली घटना के बाद ग्रेस की पिता मैथ्यू हेडन को 'धमकी'!

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज ओपनर मैथ्यू हेडन हाल ही में सोशल मीडिया और क्रिकेट फैंस के बीच चर्चा का बड़ा कारण बने। उन्होंने एशेज सीरीज में इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट के प्रदर्शन को लेकर एक अजीबोगरीब शर्त रख दी थी। हेडन ने कहा था कि अगर जो रूट इस एशेज टेस्ट सीरीज में शतक नहीं लगाते, तो वह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (टउक्र) पर न्यूड होकर चक्कर लगाएंगे, लेकिन जैसे ही जो रूट ने दूसरे टेस्ट में नाबाद 138 रन की शानदार पारी खेली, हेडन को उनकी इस अजीब शर्त पर अमल करने से मुक्ति मिल गई।

## बेटी ग्रेस की हास्यास्पद चेतावनी

इस पूरे वादे पर सबसे मजेदार प्रतिक्रिया दी मैथ्यू हेडन की बेटी, क्रिकेट प्रेजेंटर ग्रेस हेडन ने। उन्होंने



मजाक में कहा, 'मैं पहली बार जिंदगी में चाहती थी कि कोई इंग्लिश खिलाड़ी एशेज में अच्छा खेले। शुक्र है कि रूट ने शतक लगा दिया। अगर पापा दोबारा ऐसी बात कहेंगे, तो मैं उनसे रिश्ता तोड़ दूंगी।' उन्होंने आगे मजाक में जोड़ा, 'रूट, दिल की गहराइयों से धन्यवाद। अगर आपने शतक नहीं बनाया होता तो हम सबकी आंखें जल जातीं!' रूट के शतक के बाद ग्रेस ने उन्हें धन्यवाद करते हुए इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट किया था, 'हमारी आंखों को बचाने के लिए शुक्रिया।'

## हेडन ने जोफ्रा आर्चर पर साधा निशाना

हाल ही में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद, मैथ्यू हेडन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि आर्चर की गेंदबाजी में गति और आत्मविश्वास की कमी दिखी। खासकर तब, जब ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने उन पर कड़े शॉट लगाए। हेडन ने कहा, 'जब मैच कठिन था, तब आर्चर ने तेज गेंदबाजी नहीं की। उनकी बॉडी लैंग्वेज में विनम्रता कम और दिखावा ज्यादा था।'

भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने घरेलू टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। हालांकि, उनकी टीम का प्रदर्शन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अच्छा नहीं रहा।

# शमी का शानदार प्रदर्शन भी बंगाल को नहीं दिला सका जीत, हरियाणा और पंजाब सुपर आठ में

**नई दिल्ली।** हरियाणा और पंजाब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के सुपर आठ चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया है। हरियाणा का सामना ग्रुप सी के मुकाबले में बंगाल से हुआ। बंगाल की ओर से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। शमी ने 30 रन देकर चार विकेट चटकाए इसके बावजूद हरियाणा ने बंगाल को आसानी से 24 रन से हराकर सुपर आठ में जगह बनाई।

## टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में दिखे शमी

शमी ने टूनार्मेंट में 16 विकेट चटकाए। उनकी शानदार गेंदबाजी के कारण एक समय 17 ओवर में चार विकेट पर 170 रन बनाकर मजबूत स्थिति में दिख रही हरियाणा की टीम नौ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। मौजूदा टूनार्मेंट में शमी ने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की है। जवाब में बंगाल की टीम 20 ओवर में 167 रन पर ऑल आउट हो गई।



## पंजाब ने गुजरात को हराया

नमन धीर की 36 गेंद में 61 रन की पारी से पंजाब ने गुजरात को 75 रन से हराकर अगले दौर के लिए क्वालिफाई किया। अभिषेक के बिना खेल रहे पंजाब ने आठ विकेट पर 188 रन बनाए और फिर अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात को 16.1 ओवर में 113 रन पर समेट दिया।

## उत्तराखंड पर जीत के साथ दिल्ली का अभियान खत्म

यश धुल और कप्तान नीतीश राणा के अर्धशतक से दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपने अभियान का अंत उत्तराखंड पर 18 रन की जीत के साथ किया। सात मैच में तीसरी जीत के साथ दिल्ली की टीम ग्रुप डी में झारखंड और राजस्थान के बाद तीसरे स्थान पर रही। झारखंड और राजस्थान ने सुपर आठ में जगह बनाई।

## बिहार ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ किया उलटफेर

भारत के टी20 विशेषज्ञ रिंकू सिंह बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके जिससे बिहार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में उत्तर प्रदेश को छह विकेट से हरा दिया। पीयूष सिंह की 54 गेंदों में 57 रनों की पारी के दम पर बिहार ने 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली। इससे पहले मंगल महरौर ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे उत्तर प्रदेश छह विकेट पर 144 रन ही बना सका।

# सनी लियोन की फोटो क्यों पोस्ट की अश्विन ने?



**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन एक बार फिर सोशल मीडिया पर छा गए। इस बार वजह बना उनका एक पोस्ट, जिसमें उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी की तस्वीर शेयर की। उनके इस पोस्ट ने फैंस को चौंका दिया और कुछ मिनटों में ही यह वायरल हो गया। पोस्ट में एक तरफ सनी लियोनी की तस्वीर थी और दूसरी तरफ चेन्नई की साधू स्ट्रीट की फोटो। पहले नजर में इसे समझना मुश्किल था, लेकिन कुछ फैंस ने तुरंत इसका अर्थ खोज निकाला।

## पोस्ट के पीछे असली क्रिकेट कनेक्शन

असल में, अश्विन यह पोस्ट तमिलनाडु के युवा ऑलराउंडर सनी संधू को मजाकिया तरीके से शाउटआउट देने के लिए कर रहे थे। सनी संधू ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दमदार प्रदर्शन करते हुए सुर्खियां बटोरी थीं। सोमवार को सौराष्ट्र के खिलाफ मैच में संधू ने सिर्फ नौ गेंदों में 30 रन ठोक दिए और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनके इस प्रदर्शन के बाद, अश्विन ने मजाकिया अंदाज में उन्हें 'सनी' नाम को सनी लियोनी से जोड़कर दशार्या।

## आईपीए मिनी ऑक्शन से पहले बढ़ी चर्चा

सनी संधू अब आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन के लिए रजिस्टर हो चुके हैं और उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपये है। अश्विन के इस पोस्ट के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ऑक्शन से पहले उनकी चर्चा और बढ़ सकती है।

## न्यूज कॉलम

### लिफ्ट टूटने से मजदूर की मौत

**इंदौर।** इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के बिना कराए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया है। कनाडिया पुलिस के अनुसार, ग्राम पागडी देवास निवासी 22 साल के सत्यनारायण 22 नवंबर को संपत ग्रीन कॉलोनी में प्लॉट नंबर 279 पर बन रही इमारत में काम कर रहा था। तीसरी मंजिल पर काम के दौरान लिफ्ट की वेल्डिंग टूट गई, जिससे वह नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे साथी मजदूर नोबल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया कि निर्माण स्थल पर किसी भी तरह के सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। पुलिस ने ठेकेदार टीकम को हादसे का जिम्मेदार मानते हुए आरोपी बनाया है।

### वन विभाग ने जंगल से 7 लोगों को पकड़ा

**इंदौर।** महू के मलेंडी क्षेत्र में वन विभाग ने सोमवार रात कार्रवाई करते हुए घने जंगल से सात लोगों को हथियारों के साथ पकड़ा है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। टीम ने इनके पास से एक देसी कट्टा, तलवार और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। ये सभी लोग मलेंडी गांव की मुख्य सड़क से लगभग ढाई-तीन किलोमीटर अंदर जंगल में अलाव जलाकर बैठे थे। वन विभाग को इनकी मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने बताया कि वे जंगल में सोना-चांदी खोजने के लिए तांत्रिक क्रिया करने आए थे। हालांकि, वन विभाग के अधिकारी हथियारों की बरामदगी को देखते हुए जंगली जानवरों के शिकार की आशंका जता रहे हैं। विभाग इस संबंध में गहन जांच कर रहा है।

### कॉलेज स्टाफ को दिया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

**इंदौर।** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह ट्रेनिंग महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ और स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त देखरेख में हुआ। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. रोशन बेंजामिन ने बताया कि यह आयोजन जिलाधीश शिवम वर्मा और अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा इंदौर संभाग डॉ. आर.सी. दीक्षित के निर्देशों पर किया गया। शासन के निर्देशानुसार, सभी शिक्षण संस्थाओं में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य है और 30 दिसंबर तक फायर ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक है।

### फैमिली कोर्ट में पेश नहीं हुए मंदसौर के जॉइंट कलेक्टर

**इंदौर।** मंदसौर के जॉइंट कलेक्टर राहुल चौहान के खिलाफ इंदौर में दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज होने के बाद अब उनकी मुश्किलें बढ़ती जा रही है। सोमवार को हाई कोर्ट के आदेश के बाद फैमिली कोर्ट में सुनवाई होना थी, लेकिन चौहान फिर कोर्ट के समक्ष पेश ही नहीं हुए। उनकी ओर से वकील ने आगे की सुनवाई के लिए तारीख मांगी। इस पर कोर्ट ने 17 दिसंबर की तारीख दी। इस दिन दोनों पक्षों के वकील के बीच बहस होना है। पिछली सुनवाई में पत्नी निर्मला तो पेश हुई थी लेकिन जॉइंट कलेक्टर पेश नहीं हुए थे। इसके चलते कोर्ट ने 8 दिसंबर की तारीख तय की थी। इसके साथ ही हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में दोनों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा था। इस दौरान पत्नी ने पति द्वारा लगाए गए आरोपों को झुठलाया है। निर्मला ने कहा कि पति कहते हैं, वे मुझे भरण पोषण के लिए 15 हजार रुपए प्रति माह देते हैं। यह बिल्कुल झूठ है। अगर ऐसा होता तो मैं फैमिली कोर्ट क्यों आती। हाई कोर्ट के आदेश पर भरण पोषण का केस रिस्टोर हुआ है, इसलिए अब फैमिली कोर्ट में केस चलेगा। मुझे न्याय की उम्मीद है लेकिन वे आज क्यों नहीं आए। इसका मतलब कि वे झूठ बोल रहे हैं।

# इंदौर की पाकिस्तानी बहू पहुंची हाईकोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में पांच साल पहले ब्याही गई पाकिस्तानी युवती निकिता ने कानूनी लड़ाई शुरू कर दी है। पाकिस्तान के कराची में रहकर निकिता ने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। दूसरी ओर इस मामले की जांच गृह मंत्रालय ने भी शुरू कर दी है।

सोमवार को निकिता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पति विक्रम नागदेव को पाकिस्तान डिपोर्ट करने और दूसरी शादी करने से रोकने की मांग की है। निकिता की ओर से एडवोकेट दिनेश रावत ने यह याचिका दायर की है। इस मामले में अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है। निकिता ने पति विक्रम नागदेव और उसकी मंगेतर शिवानी ढींगरा सहित भारत के विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, आयकर विभाग, इंदौर कलेक्टर, इंदौर पुलिस कमिश्नर, सिंधी पंचायत के अध्यक्ष किशोर कोडवानी को भी पार्टी बनाया है। मामले में गृह मंत्रालय ने भी जांच शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने सोमवार को विक्रम नागदेव से जुड़े दस्तावेज जुटाए हैं। गृह मंत्रालय के अधिकारी ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि विक्रम ने भारत में रहकर अपने नाम से जो भी संपत्ति खरीदी है, उसकी जांच की जाएगी।

श्री श्री देवी तारा महा श्मशान निवासनी देवी तारा कृपा
48 वर्ष पुराना तंत्र, मंत्र, यंत्र ज्योतिष कार्यालय, इंदौर
पंडित प्रहलाद सूर्यवंशी ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष कार्यालय गुगल पर देंखे
देवी तारा, देवी महाकाली, महाशमशानी साधक महावशीकरण, कोर्ट कचहरी, तलाक, गुप्त शत्रु, सास-बहू विवाद, प्रेमी-प्रेमिका का महावशीकरण, गंभीर से गंभीर रोग, जादू टोना, महाशमशानी तंत्र-मंत्र क्रिया, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनपसंद शादी।
नोटः जन्म कुंडली, फोटो, हस्तरेखा और अन्य परामर्श शुल्क 1000 अनिवार्य, फोन पर परामर्श शुल्क 3000 अनिवार्य, सात दिन में काम नहीं होने पर 30 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा वापस, 101 प्रतिशत ग्यारेंटेड समाधान।
नोटः दिपावली पर 88 लाख महामंत्र से महासिद्धी यंत्र और श्री श्री देवी महालक्ष्मी सिद्ध महायंत्र, 88 लाख महामंत्रों से।
नोटः यंत्र के लिए 3 दिन पहले संपर्क करें।
पताः एमजी रोड, कमिश्नर कार्यालय, जिला कोर्ट गेट नंबर एक के सामने, 34 महतानी मार्केट इंदौर
मोबाइलः 7828672574, 8817546028
समयः प्रातः 11 से रात्रि 9:00 बजे तक एवं रविवार को दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
नोटः सभी धर्म और जाती के लोग पूर्व समय लेकर निसंकोच मिले।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

कृषि भूमि बेचना है
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत


| | | |
|---|---|---|
| 10 दिन | 1000/- | - सम्पर्क करें- |
| 20 दिन | 1500/- | 0734-4041777<br>0731-4085777 |
| 1 माह | 2000/- | 77710-90777 |

विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com